देश-विदेश
डायना पेंटी ने बैकलेस टॉप...

भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक
"कलम, बलिदान और स्वाभिमान की परिभाषा"

पृष्ठ-4
बंगलादेश सरकार ने हिन्दुओं से...







संस्थापकः शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

# पंजाब केसरी

युवा भारत युवा अखबार!

PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom

मंगलवार 13 अगस्त, 2024 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 29 श्रावण 2081 LD ****

Punjab Kesari, Delhi
वर्ष : 41 / अंक : 225
मूल्य ₹ 4.50
16 नेपाली रुपए/हवाई जहाज से ₹ 10.00
पृष्ठ संख्या 16
Ph. : 011-30712200, 45212200







# हिंडनबर्ग का माधबी पर पलटवार

## सेबी अध्यक्ष ने हमारे आरोपों को स्वीकारा अब परामर्श संस्थाओं की जानकारी भी देनी चाहिए

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली

अमेरिकी शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने दावा किया कि बाजार नियामक सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने अब सार्वजनिक रूप से बरमूडा/मॉरीशस फंड संरचना में अपने निवेश की पुष्टि की है। हिंडनबर्ग ने कहा कि उन्हें अपने सभी परामर्श ग्राहकों के बारे में स्पष्ट जानकारी देनी चाहिए, जिनके साथ उनकी सिंगापुर और भारतीय परामर्श कंपनियों ने काम किया है। बुच और उनके पति द्वारा हिंडेनबर्ग के नवीनतम हमले को सेबी की विश्वसनीयता पर हमला और ''चरित्र हनन' का प्रयास बताते हुए बयान जारी करने के कुछ घंटों बाद हिंडनबर्ग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कई पोस्ट किए और कहा कि दंपत्ति के बयान में कई महत्वपूर्ण बातों को स्वीकार किया गया और इससे कई महत्वपूर्ण प्रश्न भी खड़े होते हैं। शोध एवं कंपनी ने कहा, '' बुच के जवाब से अब सार्वजनिक रूप से बरमूडा/मॉरीशस के एक

**● सेबी अध्यक्ष की सफाई पर खड़े किए कई सवाल**

अस्पष्ट कोष में उनके निवेश की पुष्टि हो गई है, साथ ही विनोद अडानी द्वारा कथित रूप से गबन किया गया पैसा भी। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि कोष उनके पति के बचपन के दोस्त द्वारा चलाया जाता था, जो उस समय अदाणी के निदेशक थे।''

### कांग्रेस-भाजपा में वार-पलटवार

नई दिल्ली : भाजपा ने कांग्रेस की हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर जेपीसी मांग को एक ढंकोसला करार दिया और कहा कि वह देश की इकोनॉमी को कमजोर करना चाहती है। जबकि कांग्रेस ने कहा कि सेबी प्रमुख माधबी बुच से इस्तीफा लेकर इसकी जांच सीबीआई या एसआईटी को सौंप दी जानी चाहिए।

(पढ़ें पृष्ठ-4 पर)




### अडानी की कंपनियों के शेयर चार प्रतिशत लुढ़के

**बाजार पर कुछ ज्यादा असर नहीं**

**हिंडनबर्ग** का हौआ फुस्स साबित हुआ है। फिलहाल शेयर बाजार की चाल तो यही बता रही है। हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद हंगामा तो मचा, लेकिन निवेशकों ने इसे बहुत तवज्जो नहीं दी। शनिवार को रिपोर्ट आने के बाद सभी को सोमवार को इस पर बाजार के रिएक्शन का इंतजार था। बेशक, शुरू में हिंडनबर्ग रिपोर्ट का असर देखने को मिला। हालांकि, बाजार ने बाद में इसे भाव नहीं दिया। सुबह अडानी की 10 कम्पनियों के शेयर 7 प्रतिशत गिरे और निवेशकों को 52 लाख करोड़ का झटका लगा लेकिन बाद में अडानी की दो कम्पनियों ने जमकर रिकवरी की और आठ अन्य कम्पनियों के शेयरों का घटा भी 4 प्रतिशत तक रह गया। हालांकि, बाद में यह 56.99 अंक यानी 0.07 फीसदी की मामूली गिरावट के साथ 79,648.92 अंक पर बंद हुआ। सुबह के कारोबार में यह 479.78 अंक तक लुढ़क गया था। (पढ़ें पृष्ठ-10 पर)

### म्यूचुअल फंडों का अडाणी ग्रुप में 41,814 करोड़ का निवेश

**अमेरिकी** शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की एक नई रिपोर्ट ने अडाणी समूह के साथ-साथ सेबी (सेबी) को भी निशाना बनाया गया है। आरोप लगाया गया है कि सेबी की अध्यक्ष माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच अडाणी समूह के ऑफशोर फंड्स में शामिल थे। इसने अडाणी समूह की 10 कंपनियों में म्यूचुअल फंडों अथवा बिग मनी के 41,814 करोड़ रुपये के निवेश पर सवाल खड़े कर दिए हैं। निवेशकों के लिए यह जानना जरूरी है कि किस कंपनी में कितने म्यूचुअल फंड्स स्कीमों का कितना पैसा लगा हुआ है। मनीकंट्रोल की रिपोर्ट के मुताबिक हिंडनबर्ग रिसर्च ने 10 अगस्त को कहा कि सूत्रों के दस्तावेजों के मुताबिक सेबी की अध्यक्ष माधबी पुरी बुच और उनके पति अडानी से जुड़ी गुप्त विदेशी कंपनियों में हिस्सेदार हैं। हालांकि, माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच ने हिंडनबर्ग के इन आरोपों को खारिज किया है। 12 अगस्त की सुबह अडाणी समूह के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। हालांकि बाद में कुछ रिकवरी में आई। कुल मिलाकर इस बार की रिपोर्ट अडानी के शेयरों के शेयरों को ज्यादा चोट नहीं पहुंचा पाई। भारतीय बाजारों में वर्तमान में 11 अडाणी समूह की कंपनियां लिस्टेड हैं- अंबुजा सीमेंट्स, एसीसी, अडाणी पोर्ट्स एंड सेज, अडाणी एंटरप्राइजेज, अडाणी पावर,अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, अडाणी ग्रीन एनर्जी, अडाणी टोटल गैस, सांगी इंडस्ट्रीज, अडाणी विल्मर और न्यू डेल्ही टेलीविजन (एनडीटीवी), म्यूचुअल फंडों ने केवल एनडीटीवीV में कोई निवेश नहीं किया है।

## सरकार ने ब्रॉडकास्टिंग बिल को किया 'होल्ड'

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली

**बिल का नया ड्राफ्ट तैयार होगा**

केंद्र सरकार ने ब्रॉडकास्टिंग बिल 2024 को फिलहाल होल्ड पर रखने का फैसला किया है। सरकार ने कहा है कि व्यापक विचार-विमर्श के बाद इस बिल बिल का नया ड्राफ्ट तैयार किया जाएगा। मिनिस्ट्री ऑफ इंफॉर्मेशन एंड ब्रॉडकास्टिंग (एमआईबी) ने पिछले साल नवंबर में नए ब्रॉडकास्टिंग रेगुलेशन बिल को ड्राफ्ट किया था। इस बिल के ड्राफ्ट पर पब्लिक कॉमेंट की डेडलाइन 10 नवंबर, 2023 थी। बिल का दूसरा ड्राफ्ट इस साल जुलाई में तैयार किया गया। विपक्ष ने आरोप लगाया था कि बिल का संशोधित ड्राफ्ट संसद की पटल पर रखे जाने से पहले ही कुछ चुनिंदा हितधारकों के बीच 'गुप्त रूप से' लीक कर दिया गया था। डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स और इंडिविजुअल कॉन्टेंट क्रिएटर्स भी इस बिल का विरोध कर रहे थे। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, 'हम ब्रॉडकास्टिंग सर्विस (रेगुलेशन) बिल के ड्राफ्ट पर काम कर रहे हैं। इस विधेयक के ड्राफ्ट को हितधारकों और आम जनता की टिप्पणियों के लिए 10 नवंबर 2023 को सार्वजनिक डोमेन में रखा गया था। हमें विभिन्न हितधारकों की ओर से अनेक सिफारिशें, टिप्पणियां औा सुझाव प्राप्त हुए थे। मंत्रालय विधेयक के ड्राफ्ट पर हितधारकों के साथ सिलसिलेवार विचार-विमर्श कर रहा है। सुझाव और टिप्पणियों के लिए 15 अक्टूबर, 2024 तक के लिए अतिरिक्त समय प्रदान किया जा रहा है।

## खुदरा महंगाई 59 महीने के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): महंगाई के मोर्चे पर राहत की बड़ी खबर आई है। ईंधन एवं बिजली की कीमतों में पांच फीसदी से ज्यादा की गिरावट के कारण जुलाई में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति की दर घटकर 3.54% पर आ गई है जो 59 महीने का निचला स्तर है। खाद्य महंगाई भी बड़ी गिरावट के साथ 5.42% पर रही जो जून 2023 के बाद सबसे कम है। इसकी प्रमुख वजह सब्जियों के दाम में अपेक्षाकृत कम बढ़ोतरी है। सरकार द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में साल-दर-साल आधार पर दालों एवं उनसे बने उत्पादों के दाम 14.77% बढ़े।

## शंभू बॉर्डर की एक लेन खोलें

### किसानों के धरना-प्रदर्शन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली

**● एंबुलेंस, बुजुर्गों-महिलाओं और छात्रों को परेशानी हो रही, हाईवेज पार्किंग एरिया नहीं**



उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा-पंजाब के शंभू बॉर्डर पर राजमार्ग को आंशिक रूप से फिर से खोलने के लिए सोमवार को पंजाब और हरियाणा के पुलिस प्रमुखों को पड़ोसी पटियाला और अंबाला जिलों के पुलिस अधीक्षकों के साथ एक सप्ताह के भीतर बैठक करने का निर्देश दिया। प्रदर्शनकारी किसान 13 फरवरी से शंभू बॉर्डर पर डेरा डाले हुए हैं। न्यायालय ने पंजाब सरकार को शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनकारी किसानों को सड़क से ट्रैक्टर हटाने के लिए राजी करने को कहा। न्यायालय ने कहा कि राजमार्ग वाहन पार्किंग के लिए नहीं हैं।न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भूइयां की पीठ ने एक समिति गठित करने के वास्ते गैर-राजनीतिक नाम सुझाने के लिए पंजाब और हरियाणा सरकारों की भी सराहना की। पीठ ने कहा कि एम्बुलेंस, आवश्यक सेवाओं, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, छात्र-छात्राओं और आसपास के इलाकों के स्थानीय लोगों की आवाजाही के लिए शंभू बॉर्डर पर सड़क को आंशिक रूप से खोलने की आवश्यकता है।पीठ ने कहा, ''हम शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनकारी किसानों से बातचीत करने के लिए गठित की जाने वाली समिति की शर्तों पर संक्षिप्त आदेश पारित करेंगे।'' उच्चतम न्यायालय ने पहले पंजाब और हरियाणा सरकारों से कहा था कि वे एमएसपी सहित अन्य मांगों को लेकर शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहे किसानों से संपर्क करने के लिए एक स्वतंत्र समिति गठित करने के वास्ते कुछ तटस्थ व्यक्तियों के नाम सुझाएं।

## लगातार छठे साल शीर्ष पर आईआईटी मद्रास

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): शिक्षा मंत्रालय के अनुसार 'नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क, 2024' (एनआईआरएफ 2024) में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास लगातार छठे साल शीर्ष स्थान पर बना हुआ है, वहीं आईआईएससी बेंगलुरु को लगातार नौवीं बार सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय चुना गया है। सूची में संपूर्ण श्रेणी में आईआईएससी बेंगलुरु दूसरे स्थान पर और आईआईटी मुंबई तीसरे स्थान पर रहा है, वहीं पिछले साल तीसरे स्थान पर रहा आईआईटी दिल्ली एक स्थान नीचे खिसक गया है। देश के शीर्ष दस संस्थानों में आठ आईआईटी के साथ नयी दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और जेएनयू हैं। **(पढ़ें पृष्ठ-4 पर)**

## खतरे के निशान के करीब यमुना

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): पहाड़ों पर बारिश से यमुना नदी का जलस्तर 70 सेंटीमीटर बढ़ गया और सोमवार को यह 229.7 मीटर की ऊंचाई पर बह रहा था जिससे मंगलवार को यह आशंका है कि खतरे का निशान पार कर जाएगा। बताया जाता है कि हथिनी कुंड बैराज से 32 हजार क्यूसिक पानी छोड़ा गया। यह दिल्ली में बाढ़ का खतरा बन सकता है। लिहाजा अगर वर्षा और हुई तो खतरा बढ़ सकता है।

**कोलकाता रेप-मर्डर पर आक्रोश** | **अस्पतालों में मरीज हुए परेशान, मेडिकल कालेज प्रिंसिपल का इस्तीफा**

# डाक्टरों की देशव्यापी हड़ताल से मेडिकल सेवाएं ठप्प

**पंजाब केसरी**/कोलकाता/ नई दिल्ली/ लखनऊ

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में हुए ट्रेनी डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या मामले में देशभर के डॉक्टर्स में उबाल देखा गया। बंगाल से लेकर देशभर में डॉक्टर्स सड़कों पर उतर आए। हड़ताल के चलते देशभर में मेडिकल सेवाएं प्रभावित हुईं। आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर मरीजों को भारी परेशानी कासामना करना पड़ा। इस बीच प्रिंसिपल डाक्टर संदीप घोष ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने आंदोलनकारी छात्रों और डाक्टरों से आंदोलन वापिस लेने की मांग भी की। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर और छात्र सड़क पर उतरकर लगातार विरोध प्रदर्शन करते देखे गए। इस पूरे मामले की मजिस्ट्रेट जांच की मांग को लेकर जूनियर डॉक्टर्स, प्रशिक्षु और स्नातकोत्तर प्रशिक्षुओं ने लगातार चौथे दिन भी हड़ताल जारी रखी। इससे राज्य भर में अस्पताल सेवाएं सोमवार को बाधित रहीं। उधर, लखनऊ के मेडिकल कालेज में छात्रों के प्रदर्शन से स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। ट्रेनी डॉक्टर की हत्या के विरोध में सोमवार को रेजिडेंट डॉक्टर्स की देशव्यापी हड़ताल किया। दिल्ली के राम मनहोहर लोहिया सफदरजंग और एलएनजेपी में डॉक्टरों ने अस्पताल के बाहर सड़कों पर निकलकर प्रदर्शन किया। **(पृष्ठ-8 भी देखें)**

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैवानियत बेनकाब

**इस** बीच लेडी डाक्टर से रेप और हत्या के बाद हैवानियत बेनकाब हो गई है। युवती के हाथ-पैर पर चोट के निशान और रेप के बाद गला घोंटकर हत्या की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में की गई । इसे लेकर रोष बढ़ता जा रहा है। उल्लेखनीय है कि 31 वर्षीय ट्रेनी डाक्टर की लाश 8-9 अगस्त की रात को मिली थी।




### पुलिस नाकाम रही तो केस सीबीआई को दूंगी



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि अगर पुलिस आरजी कर अस्पताल में महिला चिकित्सक की हत्या का मामला रविवार तक सुलझाने में विफल रही तो इसकी जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंप दी जाएगी। बनर्जी ने कहा कि वह चाहती हैं कि मामले की सुनवाई त्वरित अदालत में की जाए। बनर्जी महिला चिकित्सक के घर गईं और उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात की।

### राष्ट्रीय सर्राफा

| सोना | | चांदी | |
|---|---|---|---|
| **दिल्ली** | | | |
| 24K | 70730 | चांदी तैयार | 82500 |
| **कोलकाता** | | | |
| 24K | 70580 | चांदी तैयार | 82500 |
| **मुम्बई** | | | |
| 24K | 70580 | चांदी तैयार | 82500 |
| **चेन्नई** | | | |
| 24K | 70580 | चांदी तैयार | 87500 |

### विदेशी मुद्रा बनाम रुपया

| करंसी | खरीद | बिक्री |
|---|---|---|
| अमरीकी डालर | 82.14 | 85.82 |
| पौंड स्टर्लिंग | 104.85 | 109.74 |

### शेयर सूचकांक

| | | |
|---|---|---|
| BSE | 79648.92 | -56.99 |
| NSE | 24347.00 | -20.50 |

मौसम
Min 28°c Max 32°c



> राजा, योगी, अग्नि और जल कब प्रसन्न होकर मित्र और अप्रसन्न होकर शत्रु बन जाते हैं इसका कोई ठिकाना नहीं है।
> -स्वामी रामतीर्थ जी




आदित्य नारायण चोपड़ा
adityachopra@punjabkesari.com


## शेख हसीना और सेंट-मार्टिन

**बंगलादेश** की राजनीति व सत्ता में जो भी नाटकीय परिवर्तन हुआ है वह अकारण नहीं कहा जा सकता। इसका मुख्य कारण यह है कि पिछले 15 सालों से इस देश में जिस प्रकार शेख हसीना की बांग्ला राष्ट्रवादी पार्टी अवामी लीग की सरकार सत्तासीन थी उससे इस देश की भारत विरोधी इस्लामी कट्टर पंथी ताकतें त्रस्त थीं। ये ताकतें वही हैं जो मूल रूप से बंगलादेश को भी कट्टरपंथी इस्लामी मुल्क पाकिस्तान की तरह बनाना चाहती हैं। मगर चुनावों में इन पार्टियों का जीतना भारी मुश्किल हो रहा था और ये बंगलादेश के युवाओं में असन्तोष को बढ़ावा दे रही थीं। इसके पीछे इस देश में बढ़ती बेरोजगारी ने ऐसी शक्तियों को बढ़ावा दिया। बंगलादेश में हर साल जहां हजारों की संख्या में सरकारी पद भरे जाते हैं वहीं इनके लिए अभ्यर्थियों की संख्या लाखों में होती है। अतः छात्रों ने जब यह मांग उठाई कि सरकारी पदों में आरक्षण समाप्त किया जाये तो कट्टरपंथी ताकतों ने इन्हें अपना समर्थन दे दिया और इनके आन्दोलन में भी ये ताकतें रूप बदल कर घुस गईं जिसकी वजह से छात्र आन्दोलन में हिंसा प्रवेश करती गई। मगर कट्टरपंथी ताकतों को परोक्ष रूप से बंगलादेश की फौज का समर्थन भी बताया जाता है।

बंगलादेश में इससे पहले भी कई बार फौज ने तख्ता पलट किया है। समझा जाता है कि फौज के तख्ता पलट के पीछे हर बार अमेरिकी ताकतों का हाथ रहा है क्योंकि अमेरिका चाहता है समूचे हिन्द महासागर व प्रशान्त सागर क्षेत्र में उसकी ताकत को कोई चुनौती न दे सके। शेख हसीना का यह कहना कि यदि वह अपने देश का एक छोटा सा द्वीप सेंट मार्टिन अमेरिका को दे देतीं तो उनकी सरकार नहीं गिरती, बहुत मायने रखता है। इस द्वीप का कुल क्षेत्रफल तीन किलोमीटर के लगभग है परन्तु अमेरिका इसे सैनिक अड्डे में बदलना चाहता है। शेख हसीना ने यह भी कहा कि अमेरिका उन पर दबाव डाल रहा था कि वह 'क्वाड' समूह की सदस्य बनें जो कि चार देशों भारत, आस्ट्रेलिया, जापान व अमेरिका का समुच्य है। शेख हसीना इसकी सदस्य बनने के लिए राजी नहीं हुईं। अमेरिका उनकी मार्फत क्वाड में भारत के प्रभाव को कम करना चाहता है क्योंकि भारत की समुद्री सीमाओं की अग्रिम रक्षा पंक्ति बंगलादेश, मालदीव व श्रीलंका जैसे देश हैं। बंगलादेश यदि क्वाड का सदस्य बनता तो इससे भारत के हित ही प्रभावित होते और शेख हसीना भारत के साथ अपने सम्बन्धों पर किसी प्रकार की आंच नहीं आने देना चाहती थीं। यह उनकी दूरदर्शिता थी कि उन्होंने अमेरिका को इस बारे में टका सा जवाब दे दिया। मगर सेंट मार्टिन द्वीप के मामले पर भी उन्होंने ऐसा ही रुख अपनाया और अमेरिका की दाल नहीं गलने दी।

दरअसल 70 के दशक के बाद से ही अमेरिका हिन्द महासागर क्षेत्र को नौसैनिक शक्ति का अखाड़ा बनाना चाहता था जिसका विरोध तत्कालीन प्रधानमन्त्री श्रीमती इन्दिरा गांधी ने पूरी शक्ति के साथ किया था और मांग की थी कि हिन्द महासागर क्षेत्र को अंतर्राष्ट्रीय शान्ति क्षेत्र घोषित किया जाये। अमेरिका तब मलेशिया के पास दिएगो गार्शिया में अपना परमाणु नौसैनिक अड्डा बनाना चाहता था। इन्दिरा जी की दूरदर्शिता यह थी कि उन्होंने अनुमान लगा लिया था कि आने वाले समय में इस क्षेत्र में अमेरिका व चीन में भिड़न्त होने के आसार बन सकते हैं क्योंकि तब चीनी क्रान्ति के जनक माओ त्से तुंग की मृत्यु हो चुकी थी और चीन ने पूंजीवादी नीतियों की ओर बढ़ना शुरू कर दिया था। यह खतरा इंदिरा गांधी ने भांप कर ही विश्व संस्थाओं से आह्वान किया था कि वे हिन्द महासागर को शान्त क्षेत्र घोषित करें। परन्तु बाद में अमेरिका अपनी चाल में सफल हुआ और दिएगो गार्शिया पर सैनिक अड्डा कायम करके हिन्द महासागर क्षेत्र में नौसैनिक प्रतियोगिता का मार्ग खोल दिया। चीन जिस प्रकार से आज इस क्षेत्र में अमेरिका से प्रतियोगिता कर रहा है वह हमारे सामने है। मगर अमेरिका व बंगलादेश की रंजिश नई नहीं है।

सर्वप्रथम यह देश 1971 में अस्तित्व में ही प्रबल अमेरिकी विरोध के बावजूद आया जिसके जनक शेख हसीना के पिता स्व. शेख मुजीबुर्रहमान थे। भारत के प्रचंड समर्थन की वजह से यह देश अस्तित्व में आया था मगर शेख मुजीबुर्रहमान की उनके परिवार के अन्य छह सदस्यों के साथ 15 अगस्त 1975 को जिस प्रकार एक सैनिक विद्रोह करा कर हत्या की गई थी उससे पूरा दक्षिण एशिया दहल गया था। यह किन शक्तियों का काम था? इसके पीछे भी प्रमुख विदेशी शक्तियों का हाथ बताया जाता है। दरअसल 1947 में अंग्रेजों ने भारत का बंटवारा करके जो पाकिस्तान बनाया था वह अपने सैनिक रणनीतिक हित साधने के लिए बनाया था जिससे वे रूस के बढ़ते प्रभाव को रोक सकें। जबकि अमेरिका को चीन में आ रहे बदलाव से ज्यादा चिन्ता थी। मगर दोनों को ही कम्युनिस्टों का डर था।

अमेरिका पूर्वी पाकिस्तान के समुद्री सीमा पर बसे होने का पूरा लाभ उठाना चाहता था जो भारत के संयुक्त रहने पर संभव नहीं था। अतः 1971 में बंगलादेश के अलग बन जाने को अमेरिका को कभी पचा नहीं पाया और उसकी भरसक कोशिश रही कि सऊदी अरब की मार्फत इस देश में इस्लामी शक्तियां पुष्पित-पल्लवित होती रहें। मगर शेख हसीना सर्वदा अपने पिता के समान बंगलादेश के हितों को सर्वोपरि रखा और अमेरिका के समक्ष कभी भी समर्पण नहीं किया। इसलिए शेख हसीना के इस कथन को कभी हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए और अन्य देशों खास कर भारत को भी इससे सबक लेना चाहिए कि अगर सेंट मार्टिन द्वीप हसीना अमेरिका को दे देती तो उनकी सरकार बच सकती थी।

हरियाणा सरकार



"सरकार का ध्येय है कि अब विकास कार्यों को और भी तीव्रता से संपन्न करवाना है, इसी श्रृंखला में राज्यभर में आधारभूत संरचनाओं को शीघ्रता से मजबूत किया जा रहा है।"

**- नायब सिंह सैनी**

"आज हमारी हर नीति, हर रणनीति- जनकल्याण से राष्ट्रकल्याण की है। जन अभियान से राष्ट्रनिर्माण की है।"

**- नरेन्द्र मोदी**



# म्हारा हरियाणा नॉन-स्टॉप हरियाणा

# जन संवाद में आये आवेदनों के अनुसार निरंतर हो रहा विकास

## हमने कहा ही नहीं कर के दिखाया
## निरंतर विकास से विश्वास बढ़ाया

## ₹3,400 करोड़ की लागत से 600 परियोजनाओं का

**उद्घाटन 220** एवं **शिलान्यास 380**

मुख्य अतिथि

# श्री नायब सिंह सैनी

मुख्यमंत्री

13 अगस्त, 2024 | प्रातः 11 बजे
ताऊ देवी लाल स्टेडियम, सेक्टर- 3, पंचकूला

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

जनसंवाद : संवाद से समृद्धि, संकल्प से सिद्धि

SAMVAD R.O. No. 1089/13/1747/2025/28739/142/7 Dt. 12/08/2024

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana


हरियाणा सरकार
युवाओं के लिए
रोजगार- स्वरोजगार
के अवसर अपार
अब कुल 1 लाख 44 हजार युवाओं को
बिना खर्ची बिना पर्ची दी सरकारी नौकरियां
आउटसोर्सिंग सेवाओं व 'हरियाणा कौशल रोजगार निगम' के तहत
कार्यरत 1 लाख 20 हजार कर्मचारियों की नौकरी की सुरक्षित
पात्रता के आधार पर 12वीं पास बेरोजगार युवाओं को 1200 रुपये,
स्नातक को 2000 रुपये तथा
स्नातकोत्तर को 3500 रुपये मासिक दिया बेरोजगारी भत्ता
ड्रोन दीदी योजना से 500 महिला स्वयं सहायता समूहों की
5000 महिलाओं को ड्रोन ऑपरेशन और रख-रखाव का प्रशिक्षण
कॉन्ट्रैक्टर सक्षम युवा योजना के माध्यम से 10,000 युवाओं को
खुद का व्यवसाय शुरू करने के लिए कौशल प्रशिक्षण
म्हारा हरियाणा
नॉन-स्टॉप हरियाणा
SAMVAD R.O. No. 1089/13/1749/2025/28741/142/7 Dt. 12/08/2024
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

NEW LAYOUT-674X576 Pawan New



# हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर रार

## भाजपा ने कहा जेपीसी जांच की मांग कांग्रेस का सिर्फ ढकोसला है



**नई दिल्ली,(पंजाब केसरी):** भाजपा ने सोमवार को सेबी की अध्यक्ष के खिलाफ हिंडनबर्ग के आरोपों की जेपीसी से जांच कराने की कांग्रेस की मांग को खारिज करते हुए कहा कि यह भारतीय अर्थव्यवस्था को कमजोर करने और देश में निवेश को नष्ट करने के लिए एक ढकोसला है। भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के इस रुख को दोहराया कि शॉर्ट सेलिंग कंपनी का आरोप और विपक्ष द्वारा बाजार नियामक सेबी की आलोचना एक व्यापक साजिश का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि भारत को वैश्विक स्तर पर एक सुरक्षित, स्थिर और बेहतर बाजार के तौर पर देखा जा रहा है लेकिन कांग्रेस पार्टी ऐसा माहौल बनाना चाहती है कि भारत का निवेश परिदृश्य सुरक्षित नहीं है। प्रसाद ने कहा कि अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरोस हिंडनबर्ग में निवेशक हैं और उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार अभियान चलाने के लिए जाना जाता है। कांग्रेस चाहती है कि शेयर बाजार धराशायी हो जाए जिसने करोड़ों छोटे निवेशकों को अच्छी आय दी है। कहा, लोगों द्वारा खारिज किए जाने के बाद, कांग्रेस, उसके सहयोगियों और टूलकिट गिरोह में उसके सबसे करीबी सहयोगी ने भारत में आर्थिक अराजकता और अस्थिरता लाने के लिए एक साथ साजिश रची है। प्रसाद ने सवाल किया कि 2004 से 2014 के बीच कांग्रेस के 10 साल के शासन में कई कथित घोटाले हुए और तब इस तरह की आलोचनात्मक रिपोर्ट क्यों नहीं लाई गई? उन्होंने आरोप लगाया, ''कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व इस काल्पनिक रिपोर्ट के आधार पर आर्थिक अराजकता पैदा करने में शामिल है। हालांकि, उन्होंने जोर देकर कहा कि निवेशकों को साजिश का एहसास हो गया है और उन्होंने बाजार को झटका देने के प्रयासों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट 'फुस्स' साबित हुई है क्योंकि भारत के निवेशकों ने इस शार्ट सेलर और कांग्रेस के 'सुनियोजित षडयंत्र' पर विश्वास नहीं किया।

### माधबी बुच इस्तीफा दें, सुप्रीम कोर्ट सीबीआई या एसआईटी को सौंपे जांच



कांग्रेस ने भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) की प्रमुख माधबी बुच के खिलाफ हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों को लेकर सोमवार को उनके इस्तीफे की मांग की और उच्चतम न्यायालय से आग्रह किया कि वह इस मामले की जांच सीबीआई या विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंपे।पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने अदाणी मामले में सेबी के समझौता करने की आशंका जताई और फिर से यह मांग दोहराई कि एक जेपीसी का गठन होना चाहिए ताकि वह मोदानी महा घोटाले की पूरी जांच कर सके क्योंकि यह मामला एक 'नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री और एक 'नॉन-बायोलॉजिकल कारोबारी'' से जुड़ा हुआ है। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने अपनी पहली टिप्पणी में रविवार को कहा था कि उसने अदाणी समूह के खिलाफ सभी आरोपों की विधिवत जांच की है। जयराम रमेश ने कहा कि सेबी ने अति सक्रियता दिखाने कोशिश की है और उसका कहना है कि उसने 100 सम्मन, 1,100 पत्र और ईमेल जारी किए हैं और 12,000 पृष्ठों वाले 300 दस्तावेजों की जांच की है।

## मंदिर में भगदड़, सात श्रद्धालुओं की मौत, 16 अन्य घायल

**जहानाबाद/पटना, (पंजाब केसरी):** बिहार के जहानाबाद जिले के बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में रविवार देर रात भगदड़ मचने से कम से कम सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। जिलाधिकारी अलंकृता पांडे ने को बताया, "जहानाबाद के बराबर पहाड़ी इलाके में स्थित बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में रविवार देर रात करीब 11.30 बजे मची भगदड़ में सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। मृतकों में ज्यादातर कांवड़िए शामिल हैं।" मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में मची भगदड़ में सात लोगों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने घटना को बेहद दुखद और पीड़ादायक करार देते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। नीतीश ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

# लगातार छठे साल शीर्ष पर आईआईटी मद्रास



**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** शिक्षा मंत्रालय के अनुसार 'नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क, 2024' (एनआईआरएफ 2024) में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास लगातार छठे साल शीर्ष स्थान पर बना हुआ है, वहीं आईआईएससी बेंगलुरु को लगातार नौवीं बार सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय चुना गया है। सूची में संपूर्ण श्रेणी में आईआईएससी बेंगलुरु दूसरे स्थान पर और आईआईटी मुंबई तीसरे स्थान पर रहा है, वहीं पिछले साल तीसरे स्थान पर रहा आईआईटी दिल्ली एक स्थान नीचे खिसक गया है। देश के शीर्ष दस संस्थानों में आठ आईआईटी के साथ नयी दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और जेएनयू हैं। विश्वविद्यालय श्रेणी में आईआईएससी बेंगलुरु के बाद जेएनयू और जामिया मिलिया इस्लामिया का स्थान है। इंजीनियरिंग कॉलेजों की सूची में शीर्ष दस संस्थानों में नौ आईआईटी शामिल हैं, जिनमें आईआईटी मद्रास लगातार नौवें साल इस श्रेणी में शीर्ष पर है। आईआईटी दिल्ली और आईआईटी मुंबई ने भी इस श्रेणी में क्रमश: अपना दूसरा और तीसरा स्थान बरकरार रखा है। शीर्ष दस सूची में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), तिरुचिरापल्ली भी शामिल है। प्रबंधन संस्थान की बात करें तो भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) अहमदाबाद ने अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, जिसके बाद आईआईएम बेंगलोर और आईआईएम कोझिकोड का स्थान है। दो आईआईटी - मुंबई और दिल्ली - भी प्रबंधन पाठ्यक्रमों के लिए शीर्ष दस सूची में शामिल हैं। फार्मेसी में जामिया हमदर्द पिछले साल के दूसरे स्थान से ऊपर उठकर शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है, जबकि नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, हैदराबाद दूसरे स्थान पर खिसक गया है। बिट्स पिलानी ने इस श्रेणी में अपना तीसरा स्थान बरकरार रखा है। दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज और मिरांडा हाउस ने भी कॉलेज श्रेणी में एक दूसरे का स्थान ले लिया है। अब हिंदू कॉलेज शीर्ष पर है।

● एनआईआरएफ रैंकिंग 2024 में जारी आईआईएससी बेंगलुरु सर्वश्रेष्ठ, जेएनयू और जामिया क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर

(पृष्ठ 8 भी देखें)

# देशभर में बंगलादेश के खिलाफ रोष प्रदर्शन



**करीमगंज, (पंजाब केसरी):** बंगलादेश में लगातार हिंदुओं पर हमलों की दुनिया भर में निंदा हो रही है। वहीं इन हिंदुओं पर हो रहे हमलों के खिलाफ हजारों लोगों ने प्रदर्शन किया। वहीं, पड़ोसी देश में हिंदुओं पर हो रहे हमले को लेकर भारत में भी सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया गया। असम के करीमगंज में लोगों ने बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे हमले के खिलाफ प्रदर्शन किया। जबकि महाराष्ट्र, सिक्किम, बंगाल के कई जिलों में भी रोष प्रदर्शन की खबरें मिल रही हैं।

वहीं, करीमगंज विधायक कमलाख्या डे पुरकायस्थ ने कहा कि करीमगंज के लोग आज बांग्लादेश की स्थिति के खिलाफ सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि शेख हसीना के पीएम पद से इस्तीफा देने के बाद हिंदू समुदाय सहित अन्य अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है।

# बंगलादेश सरकार ने हिंदुओं से मांगी माफी

● हम अपना फर्ज पूरा करने में विफल रहे



**ढाका, (एजेंसी):** बंगलादेश में बीते कुछ समय से चल रही हिंसा और अराजकता में धार्मिक अल्पसंख्यक उपद्रवियों का निशाना बन रहे हैं। लगातार हमले और मंदिरों में तोड़फोड़ के खिलाफ हजारों हिन्दुओं ने प्रदर्शन भी किए हैं। देश की नई अंतरिम सरकार में गृह विभाग के सलाहकार शखावत हुसैन ने माना है कि अल्पसंख्यकों पर हमले हुए हैं और उनकी सुरक्षा में चूक हुई है। जनरल एम. सखावत हुसैन ने हिन्दुओं से इसके लिए माफी भी मांगी है। साथ ही उन्होंने शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग पर हिंसा फैलाने के आरोप लगाते हुए कार्रवाई की चेतावनी दी है। शखावत हुसैन ने देश के हिंदू समुदाय से उनकी रक्षा करने में विफलता के लिए माफी मांगते हुए कहा कि ये जिम्मेदारी ना सिर्फ सरकार बल्कि बहुसंख्यकों की भी है। हम अपने फर्ज को पूरा करने में नाकामयाब रहे हैं। हुसैन ने कहा है कि चीजें ठीक हो रही हैं और उम्मीद है कि हालात जल्द ही बेहतर हो जाएंगे। शखावत हुसैन ने शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के नेताओं को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर अवामी लीग के लोग किसी भी तरह से अव्यवस्था पैदा करने की कोशिश करेंगे तो उनसे सख्ती से निपटा जाएगा।

**बांग्लादेशी हिन्दुओं में भारी गुस्सा :** शेख हसीना के इस्तीफे और संसद भंग होने के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनी है। नई सरकार की ओर से हिंसा बंद करने की कई अपील भी हो चुकी हैं लेकिन देश में अराजकता रुकने का नाम नहीं ले रही है। देश में हिन्दू बीते एक हफ्ते से लगातार हिंसा का सामना कर रहे हैं।

# कांग्रेस विधायक व अन्य की 122 करोड़ की सम्पत्ति जब्त



**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित अवैध खनन मामले में धन शोधन रोधी कानून के तहत हरियाणा के कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार, इनेलो के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह और कुछ अन्य व्यक्तियों की लगभग 122 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त की हैं। संघीय एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी दी। ईडी ने बताया कि इस कार्रवाई के तहत 100 एकड़ से अधिक कृषि भूमि और अन्य अचल संपत्तियां जब्त की गई हैं। केंद्रीय एजेंसी ने एक बयान में कहा, "ये सभी संपत्तियां ऐसे व्यक्तियों और संस्थाओं के नाम पर पंजीकृत हैं, जो दिलबाग सिंह और सुरेंद्र पंवार द्वारा नियंत्रित एक सिंडिकेट प्रबंधित करता है, जो हरियाणा के यमुनानगर जिले और कुछ पड़ोसी जिलों में बड़े पैमाने पर रेत, पत्थर और बजरी के अवैध खनन में लिप्त हैं।'' इस मामले में हाल ही में ईडी ने सोनीपत विधानसभा सीट से 55 वर्षीय कांग्रेस विधायक दिलबाग सिंह और पंवार के खिलाफ छापेमारी की थी और उन्हें गिरफ्तार किया। ईडी के मुताबिक, 145 अचल संपत्तियों में 100 एकड़ से अधिक कृषि भूमि, कुछ वाणिज्यिक भूखंड और भवन शामिल हैं, जिनकी कीमत लगभग 122 करोड़ रुपये है। ये संपत्तियां गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत, करनाल, यमुनानगर, चंडीगढ़, पंचकूला के अलावा पंजाब और हरियाणा के अन्य जिलों में स्थित हैं और ये दिलबाग सिंह, पंवार, इंद्रपाल सिंह, मनोज वाधवा, कुलविंदर सिंह, अंगद सिंह मक्कड़ और भूपेंद्र सिंह की हैं।

# सरकारी स्कूल में बच्चों को मांस खिलाया, थाने तक हंगामा

**मेरठ (पंजाब केसरी) :** सरकारी स्कूल में बच्चों को नॉनवेज खिलाने का मामला सामने आया है। स्कूल से लेकर थाने तक हंगामा हुआ। परिवार वाले बच्चों को लेकर थाने पहुंचे। यहां दिव्यांग बच्चे ने जबरन नॉनवेज खिलाने की बात कही। मामला वैद्यवाड़ा स्कूल का है। पुलिस ने स्कूल के प्रिंसिपल को हिरासत में लिया। बेसिक शिक्षा विभाग ने प्रिंसिपल को सस्पेंड कर दिया।

**बच्चा बोला- सर ने पैसे देकर हमसे मीट मंगवाया :** सोमवार को 2 भाइयों में से बड़े भाई ने कहा- स्कूल लंच में आलू-सोयाबीन की सब्जी आई थी। सब्जी अच्छी नहीं थी, इसलिए मैंने एक रोटी सब्जी से खा ली। मेरे दिव्यांग छोटे भाई ने 2 रोटी खाई। फिर मुझे टीचर (प्रिंसिपल) ने कहा कि आज सब्जी अच्छी नहीं आई है। तुम एक काम करो, ये 100 रुपए लो और दुकान से जाकर मीट ले आओ। मैं मीट ले आया। फिर उन्होंने मुझसे पूछा कि तू खाएगा क्या? मैंने कहा- नहीं खाऊंगा। फिर उन्होंने मेरे भाई से पूछा खाएगा? तो मैंने कहा - ये भी नहीं खाएगा। तब सर बोले कि तू मत खा इसे खाने दे। फिर उन्होंने छोटे भाई को मीट खिलाया।

**छोटे भाई ने इशारों में बताया कि मीट कैसे खाया:** बच्चों में से बड़े भाई ने बताया कि हम टीचर के ऑफिस से निकलने के बाद क्लास में गए। वहां से घर वापस आ गए। मेरा भाई मुंह ढककर कमरे में पंखे के नीचे लेट गया।

मैंने पापा-मम्मी को ये बात बताई। इसके बाद बच्चों के मामा स्कूल पहुंचे। वहां हंगामा हुआ। जब मामला पुलिस तक पहुंचा, तब बच्चों के बयान हुए। छोटा भाई दिव्यांग है, वो ठीक से बोल भी नहीं सकता, लेकिन उसने इशारों से बताया कि उसने मीट कैसे खाया।

# 2036 में महिलाओं का होगा बोलबाला, तेजी से बढ़ रही महिलाओं की आबादी



**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने ने सोमवार को "भारत में महिलाएं और पुरुष 2023" पुस्तिका के 25वें अंक को जारी किया। खास बात यह है कि इस पुस्तिका में बताया गया है कि साल 2036 में महिलाएं जनसंख्या के मामले में पुरुषों से आगे निकल जाएंगी। साल 2036 में भारत की जनसंख्या में 2011 की जनसंख्या की तुलना में स्त्रियों की संख्या अधिक होने की उम्मीद है। साल 2011 में 943 से बढ़कर ये संख्या साल 2036 तक 952 होने का अनुमान है। वहीं, पुस्तिका में ये भी बताया गया है कि साल 2016 से 2020 तक, 20-24 और 25-29 आयु वर्ग में आयु विशिष्ट प्रजनन दर क्रमश: 135.4 और 166.0 से घटकर 113.6 और 139.6 हो गई है। इस अवधि के लिए 35-39 आयु के लिए एएसएफआर 32.7 से बढ़कर 35.6 हो गया है, जो दर्शाता है कि जीवन में व्यवस्थित होने के बाद, महिलाएं परिवार के विस्तार पर विचार कर रही हैं। साल 2020 में किशोर प्रजनन दर निरक्षर आबादी के लिए 33.9 थी, जबकि साक्षर लोगों के लिए 11.0 थी। वहीं, पुस्तिका में ये भी बताया गया है कि शिशु मृत्यु दर में पिछले कुछ वर्षों में पुरुष और महिला दोनों के लिए कमी आ रही है।

# सपा ने 6 सीटों पर प्रभारी नियुक्त किये

**लखनऊ, (पंजाब केसरी):** समाजवादी पार्टी (सपा) ने उत्तर प्रदेश विधानसभा की 10 सीट के लिए होने जा रहे उपचुनाव के मद्देनजर इनमें से छह सीट के लिए सोमवार को अपने प्रभारियों की घोषणा कर दी।

सपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव कटेहरी (अंबेडकर नगर) सीट के प्रभारी होंगे, जबकि फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद और प्रदेश विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव मिल्कीपुर सीट (अयोध्या) के प्रभारी होंगे।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती याचिका पर सुप्रीम सुनवाई





**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** सुप्रीम कोर्ट भ्रष्टाचार के एक मामले में, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को बरकरार रखने के दिल्ली होईकोर्ट के आदेश के खिलाफ उनकी याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने के लिए विचार करने पर राजी हो गया है। यह मामला कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़ा है।

वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने याचिका पर तत्काल सुनवाई के लिए प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष इसका उल्लेख किया। सिंघवी ने दलील दी कि पीएमएलए के तहत दर्ज मामले के अन्य आरोपियों की जमानत याचिकाएं पहले से ही सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हैं। इस पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा, कृपया इसे ईमेल करें, मैं इस पर विचार करूंगा। मामले से जुड़े वकील विवेक जैन ने सोमवार को बताया कि मुख्यमंत्री ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दाखिल की है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी को उचित करार देते हुए पांच अगस्त को इसे बरकरार रखा था। अदालत ने कहा था कि सीबीआई की कार्रवाई दुर्भावना से प्रेरित नहीं है और उसने साबित किया है कि 'आप' सुप्रीमो कैसे उन गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं, जो उनकी गिरफ्तारी के बाद ही गवाही देने की हिम्मत जुटा सके। उच्च न्यायालय ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को बरकरार रखते हुए उन्हें नियमित जमानत के लिए पहले निचली अदालत का रुख करने को कहा था। उच्च न्यायालय ने कहा था कि सीबीआई द्वारा केजरीवाल के खिलाफ प्रासंगिक साक्ष्य जुटाने और उन्हें गिरफ्तार किए जाने के बाद उनके खिलाफ साक्ष्यों का चक्र बंद हो गया और यह नहीं कहा जा सकता कि गिरफ्तारी बिना किसी उचित कारण के या अवैध थी।

### मानहानि मामले में 6 हफ्ते टली सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर सुनवाई सोमवार को छह हफ्तों के लिए स्थगित कर दी, जिसमें उन्होंने मई 2018 में यूट्यूबर ध्रुव राठी का वीडियो 'एक्स' पर साझा करने से संबंधित मानहानि मामले में जारी कई समन को बरकरार रखने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी है। केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने समझौते के लिए कुछ और वक्त मांगा जिसके बाद न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने मामले पर सुनवाई छह हफ्ते के लिए स्थगित कर दी।

# कविता की जमानत अर्जियों पर मांगा जवाब



**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली की आबकारी नीति में कथित घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में बीआरएस नेता के. कविता की जमानत अर्जियों पर सोमवार को सीबीआई और ईडी से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने उक्त मामलों में कविता को जमानत देने से इनकार करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के एक जुलाई के फैसले के खिलाफ बीआरएस नेता की याचिकाओं को सुनने पर सहमति जता दी। कविता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने पीठ से कहा कि वह करीब पांच महीने से हिरासत में हैं और सीबीआई तथा ईडी आरोप पत्र तथा अभियोजन शिकायत दाखिल कर चुके हैं।

**विजय नायर की जमानत याचिका पर ईडी को नोटिस :** कथित 'दिल्ली आबकारी नीति घोटाले' से जुड़े धनशोधन मामले में आप के पूर्व संचार प्रभारी विजय नायर की जमानत याचिका पर ईडी से सोमवार को जवाब तलब किया। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने केंद्रीय एजेंसी को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा।

# शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 22% बढ़कर 6.93 लाख करोड़ पर



**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** चालू वित्त वर्ष में 11 अगस्त तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 22.48 प्रतिशत बढ़कर लगभग 6.93 लाख करोड़ रुपये हो गया। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इस संग्रह में 4.47 लाख करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर संग्रह और 2.22 लाख करोड़ रुपये का कॉरपोरेट कर संग्रह शामिल है। प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) से 21,599 करोड़ रुपये एकत्र हुए, जबकि अन्य करों (जिसमें समानीकरण शुल्क और उपहार कर शामिल हैं) से सरकार को 1,617 करोड़ रुपये की कमाई हुई। बयान के मुताबिक, इस साल एक अप्रैल से 11 अगस्त के बीच 1.20 लाख करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए, जो 33.49 प्रतिशत की वृद्धि है। इस तरह सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 24 प्रतिशत बढ़कर 8.13 लाख करोड़ रुपये रहा। संग्रह में 4.82 लाख करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) और 3.08 लाख करोड़ रुपये का कॉरपोरेट कर शामिल है। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष करों से 22.07 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य तय किया है।

# कन्नौज में रेप के प्रयास में सपा का पूर्व ब्लॉक प्रमुख गिरफ्तार

**कन्नौज, (पंजाब केसरी) :** उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले में 15 वर्षीय एक नाबालिग लड़की से कथित तौर पर दुष्कर्म के प्रयास के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव (करीब 50 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, घटना कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई। इस घटना से राजनीतिक विवाद भी पैदा हो गया है, जिसमें सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने समाजवादी पार्टी (सपा) पर यह दावा करते हुए निशाना साधा है कि आरोपी कभी पार्टी की वरिष्ठ नेता डिंपल यादव का करीबी सहयोगी था, जब वह कन्नौज से लोकसभा सांसद थीं। भाजपा ने आरोपी यादव को समाजवादी पार्टी (सपा) का नेता और सपा प्रमुख अखिलेश यादव का करीबी बताया है। वहीं सपा नेता और जिलाध्यक्ष कलीम खां ने कहा, "नवाब सिंह यादव इस समय समाजवादी पार्टी में नहीं हैं।

यह उनका व्यक्तिगत मामला है और सपा से इस घटना का कोई लेना देना नहीं है।" पुलिस के अनुसार, रविवार देर रात कन्नौज कोतवाली क्षेत्र में स्थित चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय के प्रबंधक व सपा के पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव को दुष्कर्म के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार किया गया। साथ ही नाबालिग लड़की को भी महाविद्यालय से बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमित कुमार आनंद ने बताया कि पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने बच्चों का यौन अपराधों से संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# आतंकवादियों के खात्मे के लिए सर्च अभियान तेज

**श्रीनगर, (पंजाब केसरी):** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के वन क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियान सोमवार को तीसरे दिन भी जारी रहा और सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के खात्मे के लिए तलाशी क्षेत्र का दायरा बढ़ा दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शनिवार को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में दो सैनिक शहीद हो गए थे और एक अन्य व्यक्ति की जान चली गई थी, जिसके बाद अनंतनाग जिले के अहलान गगरमांडू वन क्षेत्र में आतंकवादियों के खात्मे के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया। भौगोलिक रूप से चुनौतीपूर्ण हालात के बावजूद आतंकवादियों को पकड़ने के लिए अभियान तीसरे दिन भी जारी है। सुरक्षा बलों ने अहलान गगरमांडू जंगल में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया रिपोर्ट मिलने के बाद शनिवार को घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया था। इसी दौरान शाम के समय सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई। अधिकारियों के अनुसार, आतंकवादियों के एक समूह ने अर्द्ध सैनिक बल सहित सेना के जवानों और स्थानीय पुलिस के संयुक्त तलाशी दल पर गोलीबारी की। अधिकारियों का मानना है कि आतंकियों के समूह में तीन से चार आतंकवादी हो सकते हैं।

# मनु भाकर और नीरज चोपड़ा के अफेयर की अफवाह





**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** पेरिस ओलंपिक में जबरदस्त प्रदर्शन करने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर और भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा के अफेयर की अफवाहें उड़ रही हैं। मनु ने पेरिस में दो कांस्य पदक जीते जबकि नीरज ने रजत हासिल किया। पेरिस ओलंपिक में कांस्य और रजत पदक जीतने के बाद भारतीय एथलीट मनु भाकर और नीरज चोपड़ा अपने-अपने खेलों में धूम मचा रहे हैं। अब, मनु और नीरज का एक कार्यक्रम में एक दूसरे के साथ बातचीत करते हुए एक वीडियो वायरल हो रहा है। जैसे ही वे बातचीत खत्म करते हैं, भाकर की मां अपनी बेटी से चोपड़ा के साथ एक फोटो खिंचवाने के लिए कहती हैं। एक अन्य वीडियो में भाकर की मां जेवलिन स्टार से बात करती नजर आ रही हैं। भाकर और चोपड़ा की बातचीत के वीडियो ने एथलीटों के एक-दूसरे पर 'क्रश' होने की अटकलें तेज कर दी हैं। हालाँकि, सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के एक वर्ग ने उन लोगों की आलोचना की जिन्होंने उनके बीच 'रिश्ते' की अफवाहों को हवा देने का प्रयास किया। "दोनों शर्माते हुए बातें कर रहे हैं, उसकी मां तस्वीरें ले रही हैं; एक यूजर ने कहा, 'हवा में कुछ पक रहा है।'

# 12 राशियां और आपका दिन



Forecast for 13 Augest, 2024
By: Dr. Prem Kumar Sharma
(Astrologer, Palmist, Numerologist & Vastu Consultant)
Email: psharma@premastrologer.com,
Url: http://www.premastrologer.com
Contact: Panchkula: +91-172-2562832, 2572874
Delhi: +91-11-47033152/40532026




**मेष ARIES** (21 मार्च- 20 अप्रैल)
अस्वस्थ लोगों को बीमारी से छुटकारा मिलेगा। रेगुलर इनकम होने से फाइनेंशियली सिक्योर फील करेंगे। सीनियर्स से तारीफ सुनकर मूड अच्छा हो जाएगा।
**लकी नंबर- 17, लकी कलर- पर्पल**

**वृषभ TAURUS** (21 अप्रैल- 20 मई)
परफेक्ट शेप पाने के प्रयासों में सफलता मिलेगी। फ्यूचर के लिए अभी से सेविंग्स शुरू कर दें। घर पर परिजनों के साथ सुखद समय व्यतीत होगा।
**लकी नंबर- 18, लकी कलर- पिंक**

**मिथुन GEMINI** (21 मई- 21 जून)
हेल्थ के मामले में दी गई सलाह आपके काम आएगी। अच्छी आमदनी के कारण फिलहाल पैसों की समस्या नहीं होगी। पॉज़िटिव सोच रखने से घर का वातावरण खुशहाल रहेगा।
**लकी नंबर- 22, लकी कलर- नेवी ब्लू**

**कर्क CANCER** (22 जून- 22 जुलाई)
रेगुलर रूटीन फॉलो करने से मानसिक तनाव दूर होगा। निरंतर प्रगति करने से आर्थिक समस्याएं दूर होंगी। अच्छे लोगों के साथ काम करके अच्छा महसूस होगा।
**लकी नंबर- 9, लकी कलर- क्रीम**

**सिंह LEO** (23 जुलाई- 23 अगस्त)
घरेलू नुस्खे अपनाने से हेल्थ अच्छी रहेगी। फाइनेंशियल फ्रंट पर कोई सरप्राइज़ मिल सकता है। हर परिस्थिति में अपने परिवार के साथ खड़े रहे।
**लकी नंबर- 7, लकी कलर- पीच**

**कन्या VIRGO** (24 अगस्त- 23 सितंबर)
रोजाना एक्सरसाइज़ करने से अच्छी शेप वापस पाएंगे। फाइनेंशियली आप एक कंफर्ट ज़ोन में रहेंगे। जॉब में रेपुटेशन के साथ पोजिशन भी बेहतर होगी। घर का वातावरण खुशहाल बनाए रखने की कोशिश करें।
**लकी नंबर- 18, लकी कलर- मैरून**

**तुला LIBRA** (24 सितंबर- 23 अक्टूबर)
किसी बड़े मुद्दे पर लिया गया फैसला सही साबित होगा। कॉलेज के बाद छात्र हायर एजुकेशन के लिए अप्लाई करेंगे। आर्थिक मोर्चे पर चल रही समस्या जल्द दूर होगी।
**लकी नंबर- 5, लकी कलर- ग्रीन**

**वृश्चिक SCORPIO** (24 अक्टूबर-22 नवंबर)
एक्सरसाइज़ रूटीन फॉलो करने से फिटनेस अच्छी होगी। निवेश के अच्छे अवसर खुद चलकर आपके पास आएंगे। बहुत जल्द विदेश घूमने का मौका मिल सकता है।
**लकी नंबर- 17, लकी कलर- लाइट ग्रे**

**धनु SAGITTARIUS** (23 नवंबर- 21 दिसंबर)
करीबी की सेहत में सुधार होने से राहत मिलेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत रहने की संभावना है। बिजनेस में प्रोफिट मार्जिन बढ़ाने से लाभ होगा।
**लकी नंबर- 2, लकी कलर- ऑरेंज**

**मकर CAPRICORN** (22 दिसंबर-21 जनवरी)
बीमारी का सामना कर रहे लोगों को राहत मिलेगी। आर्थिक मोर्चे पर थोड़ा अपने बारे में सोचकर चलें। प्रोफेशनल फ्रंट पर नए अवसर मिलने की उम्मीद है।
**लकी नंबर- 4, लकी कलर- रेड**

**कुंभ AQUARIUS** (22 जनवरी- 19 फरवरी)
हेल्थ के प्रति जागरुक होने से फिटनेस अच्छी रहेगी। किसी स्कीम से अच्छा धनलाभ होने की उम्मीद है। वर्कप्लेस पर सभी अधूरे काम आज पूरे कर लेंगे। फैमिली के साथ टाइम स्पेंड करने से अच्छी फील करेंगे।
**लकी नंबर- 7, लकी कलर- बेज**

**मीन PISCES** (20 फरवरी- 20 मार्च)
नए एक्सरसाइज रूटीन से अच्छा फायदा होगा। स्टॉक मार्केट में इन्वेस्ट करना फायदे का सौदा रहेगा। मार्केट के ऊपर-नीचे होने पर नज़र बनाए रखें। घर पर युवा मेंबर के कारण माहौल खुशहाल रहेगा।
**लकी नंबर- 3, लकी कलर- सैफ्रॉन**

# सिसोदिया ने विधायकों को दिया सकारात्मक राजनीति का मंत्र

**सिसोदिया ने विधायकों के साथ की पहली बैठक** | **विधानसभा चुनाव में जीत की रणनीति**



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया 17 महीने बाद पहली बार सोमवार को पार्टी के विधायकों से मिले। सीएम अरविंद केजरीवाल के आवास पर हुई बैठक में सुनीता केजरीवाल, राष्ट्रीय महासचिव संगठन डॉ. संदीप पाठक, दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय, मंत्री सौरभ भारद्वाज, आतिशी, इमरान हुसैन समेत तमाम बड़े नेता और विधायक मौजूद रहे। इस दौरान आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा शुरू हुई। पूरी पार्टी ने एकजुटता के साथ सभी 70 विधानसभाओं में जीत दर्ज करने का संकल्प लिया। मनीष सिसोदिया ने विधायकों को सकारात्मक और काम की राजनीति का मंत्र दिया। साथ ही केजरीवाल सरकार द्वारा किये गये कामों को घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया। सिसोदिया ने कहा कि आजाद भारत के बाद आप एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसने विपरित परिस्थितियों में भी जनता के काम करके दिखाए। भाजपा वाले भी सोच रहे होंगे कि आजादी की लड़ाई लड़ने वालों के बाद पहली बार ऐसे लोग आए हैं, जो न टूट रहे और न झुक रहे हैं।

सिसोदिया ने हर विधायक से उनके विधानसभा क्षेत्रों के कामों के बारे में जानकारी ली। साथ ही जनता का सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में चल रही दिल्ली सरकार के प्रति फीडबैक भी लिया। वहीं पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संगठन डॉ. संदीप पाठक ने बताया कि बैठक में कुछ अहम बिंदुओं पर चर्चा हुई, जिस पर सभी ने अपनी सहमति जताई। उन्होंने बताया कि 14 अगस्त से दिल्ली में पद यात्रा शुरु हो रही है। बैठक में तय किया गया हम हर विधानसभा में पैदल जाएंगे और दिल्ली की जनता के सामने भाजपा की दिल्ली के काम रोकने और पार्टियों को तोड़ने वाली राजनीति की असलियत बताएंगे। हम किसी भी तरह से प्रताड़ित करके दिल्लीवालों को दुख पहुंचाने की भाजपा की साजिश को सफल नहीं होने देंगे। आम आदमी पार्टी ने पिछले 10 साल में दिल्ली में जितना काम किया है, उतना का पूरे देश में किसी और पार्टी की सरकार ने नहीं किया।आप के दिल्ली प्रदेश संजोयक नेता गोपाल राय ने बताया कि आज की बैठक का मुख्य एजेंडा दिल्ली में आगामी विधानयभा चुनाव को लेकर पार्टी की तैयारी को तेज करना था।हमें पूरी ताकत के साथ जनता के बीच जाना है। 14 अगस्त से पूरी दिल्ली में मनीष सिसोदिया की पदयात्रा शुरु होगी।

## मनीष सिसोदिया को देना होगा पदयात्रा में जनता के सवालों का जवाब : सचदेवा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि की जेल से छूटने के बाद से मनीष सिसोदिया द्वारा दिखाई जा रही राजनीतिक तेजी को देख दिल्ली वाले स्तब्ध हैं। उन्होंने कहा कि मनीष सिसोदिया अपने विधायकों एवं पार्षदों से मीटिंग कर उन्हें चुनाव के लिए सक्रिय करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन बेहतर होता की पहले वह अपने इन साथी जनप्रतिनिधियों से पूछते की दिल्ली में सामान्य सिविक रखरखाव क्यों ठप है, क्यों ऐसी स्थिति बन गई है की हर ओर भ्रष्टाचार हावी है। सचदेवा ने कहा



कि वास्तविकता यह है की भ्रष्टाचार के घोटालों में लिप्त अरविंद केजरीवाल हों या मनीष सिसोदिया, दोनों अपने विधायकों व पार्षदों से प्रशासकीय अव्यवस्था पर, भ्रष्टाचार पर सवाल पूछने में असमर्थ हैं क्योंकि उन्हे सत्ता में बने रहने के लिए उनके समर्थन की जरूरत है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पता लगा है कि सिसोदिया अगले कुछ दिनों में पदयात्रा के माध्यम से लोगों के बीच जाने वाले हैं, लेकिन हम यह समझने में असमर्थ हैं की क्या मुंह लेकर वह लोगों के बीच जाएंगे। सिसोदिया जहां भी पदयात्रा में लोगों के बीच जाएंगे वहां लोग उनसे क्लास रूम स्कैम से लेकर शराब पॉलिसी तक के घोटालों पर उनसे जवाब मांगेंगे, लेकिन वह जवाब नहीं दे पाएंगे। सचदेवा ने कहा कि जनता के बीच जाने पर सिसोदिया को इस मानसून में अप्रत्याशित जलभराव एवं बिजली करंट से अभी तक हुईं 32 मौतों पर भी जवाब देना होगा।

## सिर्फ ध्यान भटकाने के लिए पदयात्रा कर रही आप : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने सोमवार को जारी बयान में आम आदमी पार्टी की ओर से निकाली जाने वाली पदयात्रा को पाखंड करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि आप नेता मनीष सिसोदिया के भ्रष्टाचार की ओर से ध्यान हटाने के लिए यह राजनीति की जा रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के दस वर्षों में भ्रष्टाचार और बदहाली के सभी रिकॉर्ड टूट गए हैं। जलभराव, नालों-पार्कों में डूबने, इमारतों के गिरने और हादसों से हुई मौतों पर संवेदना प्रकट करने की बजाय आप पार्टी सिसोदिया के जमानत पर जेल से बाहर आने का जश्न मना रही है। उन्होंने आरोप



लगाया कि दिल्ली की आप सरकार ने नालों की सफाई समेत सभी क्षेत्रों में बहुत ज्यादा भ्रष्टाचार किया है। सरकार के मंत्री, विधायक, पार्षद व अन्य नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं। आप निगम में आने पर साफ-स्वच्छ दिल्ली बनाने का वायदा करती थी, लेकिन निगम में आप का शासन आने के बाद आप और भाजपा के बीच आपसी खींचतान चल रही है और दिल्ली की बदहाली चरम पर है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा दिल्ली में जल भराव, करंट से मरने वालों को न्याय दिलाने की जगह अपना राजनीतिक प्रपंच खेलकर रही हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली कांग्रेस की जिला एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटियों की मासिक बैठकों व जनता के अधिकारों की लड़ाई के लिए चल रहे कार्यक्रमों का ही अनुसरण करके भाजपा स्वास्थ्य शिविर लगाने का दिखावा कर रही है, जबकि उन्हें मालूम है कि वे दिल्ली विधानसभा में कभी बहुमत में नही आएंगे।

## निगम ने नालों की निगरानी के लिए जोन स्तर पर बनाई टीम

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : राजधानी दिल्ली में लगातार हो रही बारिश को देखते हुए दिल्ली नगर निगम ने बड़े और छोटे नालों के नियमित रखरखाव के लिए सभी 12 जोन में टीमें तैनात कर रहा है। ये टीमें लगातार निगरानी करेंगी। बता दें कि, निगम के अधीन आने वाले चार फीट से ऊपर और चार फीट से नीचे के नालों की संख्या लगभग 22 हजार है। ये टीमें इनके रखरखाव और मरम्मत कार्यों को लेकर हर माह समीक्षा रिपोर्ट भी तैयार करेंगी। ओल्ड राजेंद्र नगर की घटना के बाद बीते दो सप्ताह से निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न विभागों के साथ जल निकासी की व्यवस्था को बेहतर करने के लिए कई बैठकें की हैं। अधिकारियों के अनुसार निगम के अधीन चार फीट से ऊपर के 700 से अधिक नाले हैं और चार फीट से नीचे के 21 हजार नाले हैं। इन सभी में गाद, कूड़ा को निकालकर सड़क किनारे रखा जाता है। उसे उठाकर कूड़ा उठाने वाले ट्रकों के जरिए लैंडफिल साइट में पहुंचाते हैं। इन ट्रकों का जीपीएस प्रणाली से सर्विलांस भी सुनिश्चित किया जाता है। जिससे यह पता लगता है कि तय समय में नालों में जमी गाद व कूड़े को उठाकर ट्रक के जरिए लैंडफिल साइट में पहुंचाया जा रहा है।

### इतिहास के झरोखे से...

## आज ही के दिन भारत में निर्मित पहले विमान ने भरी थी उड़ान

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : 13 अगस्त की तारीख भारत के विमानन उद्योग के लिए मील का पत्थर है। 1951 में 13 अगस्त को ही भारत में बने पहले विमान हिंदुस्तान ट्रेनर 2 ने पहली उड़ान भरी थी। दो सीट वाले इस विमान का भारतीय वायु सेना और नौ सेना के लिए उत्पादन 1953 में शुरू हुआ। इस विमान का इस्तेमाल सैन्य उद्देश्यों के अलावा भारतीय विमानन स्कूलों ने भी किया। इसके अलावा 1598 में फ्रांस के शासक हेनरी चतुर्थ ने नांत का प्रख्यात आदेश जारी किया। 1642 में डच खगोलशास्त्री क्रिश्चियन ह्यूगेंस ने मंगल के दक्षिणी ध्रुव की चोटी का पता लगाया। 1645 में स्वीडन और डेनमार्क ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। 1784 में भारत में प्रशासनिक सुधारों के लिए पिट्स इंडिया विधेयक ब्रिटिश संसद में पेश। 1814 में दासों के व्यापार को समाप्त करने के लिए ब्रिटेन और हॉलैंड के बीच समझौता। 1892 में अमेरिकी समाचार पत्र एफ्रो अमेरिकन का बाल्टीमोर से प्रकाशन शुरू। 1898 में जार्ज डेवी के नेतृत्व में अमेरिकी सेना ने फिलिपींस की राजधानी मनीला पर कब्जा किया। 1902 में इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को एक विकेट से हराकर ओवल की प्रसिद्ध जीत दर्ज की।



## गैंगवार के दौरान फायरिंग करने वाले तीन गिरफ्तार

**दक्षिणी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : साउथ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के गोविंदपुरी इलाके में वर्चस्व की लड़ाई में गैंगवार के दौरान फायरिंग करने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। पकड़े गए आरोपियों की पहचान जिशान, आशिफ और विवेक चौबे के रूप में हुई हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने गैंगवार में फायरिंग की थी। फायरिंग में एक राहगीर घायल हो गया था। जबकि दूसरे गैंग के लोग वहां से भागने में कामयाब हो गए थे। पुलिस ने इनके पास से दो देशी पिस्टल, तीन मैगजीन, 15 जिंदा कारतूस और दो स्कूटी बरामद की है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही हैं। एडिशनल डीसीपी हर्ष इंदौरा ने बताया कि गत 10 अगस्त की दोपहर करीब 2:30 बजे भूमिहीन कैंप, गोविंदपुरी में फायरिंग की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई।

## सुनीता केजरीवाल ने किया बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): सीबीआई द्वारा सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि एनडीए के सांसद मगुंटा रेड्डी ने जेल में बंद अपने बेटे राघव मगुंटा रेड्डी को बचाने के लिए अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एक झूठा बयान दिया। इससे पहले मगुंटा रेड्डी ने ईडी को दो बयान दिए, जिसमें उन्होंने कहा कि वो एक चैरिटेबल ट्रस्ट के लिए जमीन के संबंध में अरविंद केजरीवाल से मिले थे। लेकिन ईडी को ये बयान पसंद नहीं आए और उनके बेटे को गिरफ्तार कर लिया। बेटे और परिवार की हालत देख मगुंटा रेड्डी टूट गए और अपना बयान बदल दिए। ईडी जो चाहती थी, उसने अपने बयान में बोल दिया और इसके बदले में उनके बेटे को जमानत दे दी गई। उन्होंने कहा कि मगुंटा रेड्डी ने खुद ही कहा है कि 16 मार्च 2021 को उनकी केजरीवाल से पहली और आखिरी मुलाकात हुई थी, तो क्या कोई पहली बार में ही कई लोगों के



■ मगुंटा रेड्डी ने बेटे को बचाने के लिए दिया सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ झूठा बयान

सामने पैसे मांग लेगा? दिल्लीवालों से अपील है कि आपके बेटे अरविंद केजरीवाल को राजनैतिक षड़यंत्र का शिकार बनाया गया है।

सुनीता केजरीवाल ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एनडीए के एक सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी के झूठे बयान पर गिरफ्तार किया गया है। मगुंटा रेड्डी आंध्र प्रदेश से एनडीए के सांसद हैं। 17 सितंबर 2022 को ईडी ने मगुंटा रेड्डी के ठिकानों पर छापेमारी की थी। ईडी ने उनसे पूछा कि क्या वो कभी दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल से मिले हैं? इस पर मगुंटा रेड्डी ने कहा कि मैं 16 मार्च 2021 को अरविंद केजरीवाल से दिल्ली सचिवालय में उनके दफ्तर में मिला था। मैं दिल्ली में एक फैमिली चैरिटेबल ट्रस्ट खोलना चाहता था और मैं मुख्यमंत्री से ट्रस्ट के लिए जमीन के बारे में बात करने गया था। उस दौरान अरविंद केजरीवाल ने मुझसे कहा था कि दिल्ली में जमीन से जुड़े मामले एलजी के अधीन आते हैं और आप हमें अपना आवेदन पत्र दे दो, हम देखते हैं। इतनी बात कहकर केजरीवाल चले गए। सुनीता केजरीवाल ने कहा कि यह बात देश के लोगों को पता चलनी चाहिए कि कैसे भाजपा सरकार ईडी-सीबीआई के जरिए एक गहरे राजनैतिक षड़यंत्र के तहत अरविंद केजरीवाल और आप को खत्म करना चाह रहे हैं।

## अशोका रोड पर एक तरफ का मार्ग 10 सितंबर तक बंद



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : सीवर लाइन की मरम्मत के कारण अशोका रोड पर एक तरफ का मार्ग 10 सितंबर तक वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रहेगा। दिल्ली यातायात पुलिस ने एक परामर्श में यह जानकारी दी। परामर्श में कहा गया है कि नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) द्वारा सीवर लाइन की मरम्मत कार्य के कारण जसवंत सिह चौराहे से विंडसर प्लेस चौराहे तक अशोका रोड का एक तरफ का मार्ग 12 अगस्त से 10 सितंबर के बीच वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रहेगा। इसमें कहा गया है कि विंडसर प्लेस से जसवंत सिंह चौराहे तक अशोका रोड के दूसरे तरफ के मार्ग पर वाहनों की आवाजाही जारी रहेगी। परामर्श के मुताबिक, सी-हेक्सागन इंडिया गेट से विंडसर प्लेस की ओर जाने वाले लोगों को कस्तूरबा गांधी मार्ग का इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है।

### संक्षिप्त समाचार...

## झंडेवाला मंदिर में किया गया रूद्राभिषेक



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): झण्डेवाला देवी मन्दिर में सावन मास के चौथे सोमवार को भगवान शंकर का रूद्राभिषेक किया गया। विशेष रूप से ऊपर व प्राचीन गुफा वाले शिवालय में भक्तों नें बडी श्रद्धा के साथ पूजन किया। साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर दूध भी चढ़ाया। सावन मास में आगामी 19 अगस्त तक अंतिम सोमवार तक प्रति दिन गुफा वाले शिवालय पांच बार रूद्राभिषेक किया जा रहा है। मीडिया प्रमुख नन्द किशोर सेठी ने बताया कि सावन मास के साथ-साथ सोमवार के दिन का भी विशेष महत्व है क्योंकि यह भगवान शिव का दिन है और महादेव सभी की मनोकामनाएं पूरी करते हैं।

## ऑटोमेशन एक्सपो 21 अगस्त से मुम्बई में

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : ऑटोमेशन उद्योग के लिए भारत की सबसे बड़ी प्रदर्शनी ऑटोमेशन एक्सपो ने अपने 17वीं अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी एवं सम्मेलन का अनावरण किया। इस प्रदर्शनी का आयोजन 21-24 अगस्त के बीच बॉम्बे एक्ज़ीबिशन सेंटर, नेस्को, मुंबई में किया जाएगा। ऑटोमेशन एक्सपो 2024 आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स एवं रोबोटिक्स के द्वारा प्रोसेस एवं फैक्टरी ऑटोमेशन पर पड़ने वाले बदलावकारी प्रभावों पर रोशनी डालेगी। अपनी लागत प्रभाविता एवं प्रोग्रामिंग की क्षमता के चलते पारम्परिक रोबोट्स लम्बे समय से लोकप्रिय बने हुए हैं। हालांकि अब प्रोडक्शन डेटा के साथ एआई को शामिल करने से ऑटोमेशन नए स्तर तक पहुंच गया है, जिसके चलते रखरखाव के बेहतर होने, सामग्री की बर्बादी कम होने और मांग बढ़ने की उम्मीद है। ऑटोमेशन एक्सपो की घोषणा पर बात करते हुए डॉ एम. एराकियास्वामी, संस्थापक एवं चेयरमैन आईईडी कम्युनिकेशन्स ने कहा कि हम 5वीं ओद्योगिक क्रान्ति के दौर से गुजर रहे हैं, जहां डिजिटल टेक्नोलॉजी, एआई एवं फिजिकल मशीनरी एक साथ मिलकर मैनुफैक्चरिंग एवं प्रोडक्शन को नया आयाम देते हैं।

## गुरुद्वारा राजौरी गार्डन में हेल्थ चैकअप कैंप



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा राजौरी गार्डन में रोटरी क्लब के सहयोग से आंखों की जांच का कैंप और श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूशन के सहयोग से स्पाइन हेल्थ चैकअप कैंप लगाया गया। जिसमें डॉक्टर्स की टीम ने आकर मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क परामर्श दिया। गुरुद्वारा साहिब के अध्यक्ष हरमनजीत सिंह एवं महासचिव मनजीत सिंह खन्ना ने बताया कि गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा राजौरी गार्डन की समुची टीम की यह कोशिश रहती है कि संगत की हेल्थ को दरुस्त रखा जाए जिसके लिए गुरुद्वारा साहिब में चल रही डिस्पैंसरी में संगत का बेहतर इलाज किया जाता है। डिस्पैंसरी के डॉक्टरों के परामर्श पर संगत को दवाईयां भी बिना किसी शुल्क के मुहैया करवाई जाती हैं। इसी कड़ी में गुरुद्वारा साहिब स्पाइन हैल्थ चैकअप एवं आखों की जांच का कैंप लगाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संगत ने आकर अपनी हैल्थ जांच करवाई। कैंप लगाने में डिस्पैंसरी के चेयरमैन हरजीत सिंह राजा बख्शी, प्रीत प्रताप सिंह एवं अजीत सिंह मोंगा का सहयोग रहा।

## आशा किरण होम मामले में हाईकोर्ट की फटकार

**हाईकोर्ट ने कहा क्षमता से ज्यादा लोग रह रहे**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राजधानी दिल्ली के आशा किरण होम में 14 मौतों के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने एक बार फिर सख्त टिप्पणी की है। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि इस सेंटर में रह रहे लोगों की भीड़ को कम करने की जरूरत है। कोर्ट ने कहा कि इस आशा किरण सेंटर की क्षमता अभी 570 है लेकिन सेंटर में अभी 928 लोग रह रहे हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने सेंटर में क्षमता से ज्यादा रह रहे लोगों को दूसरी जगह ट्रांसफर करने का निर्देश दिया है। इस मामले में अगली सुनवाई 13 सितंबर को होगी। इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने आशा किरण होम में मेडिकल और नॉन मेडिकल स्टाफ की कमी का जिक्र किया था। हाईकोर्ट ने दिल्ली के सामाजिक कल्याण सचिव को नई रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था। हाईकोर्ट ने सामाजिक कल्याण सचिव को इस बाबत धन आवंटन और मंजूरी के लिए एलजी वीके सक्सेना से संपर्क करने का भी निर्देश दिया था। कोर्ट ने सचिव को फौरी तौर पर स्टाफ की कमी पूरा करने के लिए संविदा पर नियुक्ति करने का सुझाव भी दिया था। हाईकोर्ट ने कहा था कि यह आपातकाल जैसी स्थिति है, लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। एक महीने में 14 लोगों की जान चली गई, क्या लोगों की जान की कोई कीमत नहीं है?बता दें कि 14 लोगों की मौत के बाद दिल्ली सरकार ने मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए थे। दरअसल, जुलाई में दिल्ली के रोहिणी के आशा किरण होम (मानसिक रूप से विकलांगों के लिए) में 14 मौतें हुई थीं। ये मौतें कथित तौर पर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और कुपोषण की वजह से बताई जा रही है। रोहिणी के सेक्टर तीन स्थित आशा किरण होम में मंदबुद्धि बच्चों और बड़ों को रखा जाता है।

## सेंटर ऑफ एक्सीलेंस केंद्र की स्थापना की



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): डॉ. अखिलेश दास गुप्ता इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज ने एक कंपनी के सहयोग से सेंटर ऑफ एक्सीलेंसकेंद्र की स्थापना सोमवार को संस्थान परिसर में किया गया। इस दौरान संस्थान के चेयरपर्सन अलका दास गुप्ता, अध्यक्ष विराज सागर दास, उपाध्यक्ष सोनाक्षी दास और देवांशी दास के समर्थन से उक्त केंद्र का स्थापना किया गया। गुरु गोविंद सिंह इन्द्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग का यह पहला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस है। इस अवसर पर दिव्योजित दत्ता, वरिष्ठ निदेशक नेशनल इन्फोरमेटिक्स सेंटर मुख्य अतिथि और प्रो. डॉ राजु सरकार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बारे में निदेशक डॉ. निरंजन भट्टाचार्य ने बताया कि एक्सीलेंस केंद्र एक परिवर्तनकारी पहल है, जिससे हमारे सिविल इंजीनियरिंग के छात्रों को शैक्षिक और व्यावसायिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेगा। ये केंद्र उन्नत प्रशिक्षण सुविधाओं के साथ अत्याधुनिक शोध अवसरों और उद्योग मानक प्रथाओं को एकीकृत करने में अहम योगदान करेगा। कार्यक्रम में डॉ. विजय धीर, प्रो. डॉ. संजय कुमार, प्रो. बीएमके गुप्ता, डायरेक्टर फाइनेंस, विलीन शर्मा, दिल्ली क्षेत्रीय तकनीकी प्रमुख-अल्ट्रा टेक सीमेंट, अतुल खन्ना सहित फेकल्टी स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# स्वतंत्रता दिवस पर मंत्री आतिशी करेंगी ध्वजारोहण

**गोपाल राय ने तिहाड़ में की थी सीएम से मुलाकात** | **फिर जीएडी को दिए व्यवस्था करने के निर्देश**








**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण का मामला आम आदमी पार्टी (आप) सरकार व राजनिवास के बीच नये टकराव का कारण बन गया है। दिल्ली के मंत्री गोपाल राय ने सोमवार को तिहाड़ जेल में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ मुलाकात कर सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) को निर्देश दिया कि वह स्वतंत्रता दिवस पर उनकी कैबिनेट सहयोगी आतिशी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने की व्यवस्था करे। जीएडी मंत्री गोपाल राय ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि मैंने मुख्यमंत्री के साथ बैठक की। इस दौरान सीएम ने इच्छा जतायी कि मंत्री आतिशी 15 अगस्त 2024 को छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में उनके स्थान पर ध्वजारोहण करें। इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। इससे पहले भी सीएम केजरीवाल ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना को पिछले हफ्ते लिखे एक पत्र में अपनी जगह कैबिनेट मंत्री आतिशी को दिल्ली सरकार के स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज फहराने की बात कही थी। हालांकि उपराज्यपाल कार्यालय ने कहा कि उसे मुख्यमंत्री से कोई संदेश नहीं मिला है। वहीं तिहाड़ जेल प्राधिकारियों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सूचित किया है कि एलजी को लिखा गया उनका पत्र दिल्ली जेल नियमों के तहत उन्हें दिए गए विशेषाधिकारों का दुरुपयोग है और उसे एलजी को नहीं भेजा गया। तिहाड़ जेल प्राधिकारियों ने कहा कि उपर्युक्त नियमों को पढ़ने मात्र से यह स्पष्ट है कि आपका पत्र ऐसे पत्र व्यवहार की श्रेणी में नहीं आता है जिसके जेल के बाहर भेजे जाने की अनुमति हो। केवल लोगों के एक समूह के साथ निजी पत्र-व्यवहार की ही अनुमति है। पत्र में यह भी कहा गया है कि यह जानकर आश्चर्य हुआ कि छह अगस्त को आपके द्वारा सौंपे गए पत्र की सामग्री बिना किसी अधिकार के मीडिया को लीक कर दी गई। यह दिल्ली जेल नियम, 2018 के तहत आपको दिए गए विशेषाधिकारों का दुरुपयोग है। जेल अधीक्षक ने केजरीवाल को सलाह दी कि वह ऐसी किसी भी अनुचित गतिविधि से दूर रहें। यदि आप सलाह नहीं मानते तो आपके विशेषाधिकारों में कटौती करने के लिए दिल्ली कारागार नियम, 2018 के प्रावधानों को लागू करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। यहां बता दें कि सीएम केजरीवाल कथित आबकारी नीति घोटाले के सिलसिले में सीबीआई के एक मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में उन्हें सुप्रीमकोर्ट से अंतरिम जमानत मिल चुकी है।

## केजरीवाल स्वतंत्रता दिवस समारोह को विवादित बनाने पर आमादा है: सचदेवा



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली एवं देश ने अरविंद केजरीवाल को 2014 में गणतंत्र दिवस समारोह से कुछ दिन पूर्व अराजकता फैलाते देखा था और अब 10 साल बाद फिर खेदपूर्ण है की अपनी हठधर्मिता से अरविंद केजरीवाल दिल्ली के स्वतंत्रता दिवस समारोह को विवादित बनाने पर आमादा हैं। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि कुछ दिन पहले पूरी आम आदमी पार्टी के सोशल मीडिया ईको सिस्टम ने फैलाया था की मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना को पत्र लिखकर कहा है कि मंत्री आतिशी 15 अगस्त को सरकारी ध्वजारोहण करेंगी, मगर सोमवार को तिहाड़ जेल अधीक्षक का एक परिपत्र सामने आया है जिससे साफ हुआ है की मुख्यमंत्री हों या कोई अन्य कैदी, वह केवल अपने निजी पारिवारिक विषयों पर ही पत्र जेल से बाहर भेज सकते हैं और किसी प्रकार का शासकीय निर्देश निवेदन पत्र वह जेल से नहीं जारी कर सकते। जेल अधीक्षक का परिपत्र सामने आते ही मंत्री गोपाल राय ने एक नया भ्रामक पत्र जारी किया है कि मुख्यमंत्री के निर्देश अनुसार आतिशी ध्वजारोहण करेंगी और सम्बंधित विभाग उसकी तैयारी करें। सचदेवा ने कहा कि जेल अधीक्षक के परिपत्र से साफ है की मुख्यमंत्री जेल से कोई शासकीय निर्देश नहीं दे सकते तो फिर यह साफ है की गोपाल राय का पत्र असंवैधानिक है, अमान्य है और आतिशी ध्वजारोहण नहीं कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि समझ से परे है की आखिर क्यों केजरीवाल स्वतंत्रता दिवस ध्वजारोहण को विवादित बना रहे हैं, बेहतर है प्रशासन, मंत्री गोपाल राय इस पर संवैधानिक विशेषज्ञों एवं उपराज्यपाल से सलाह कर संविधान के अंतर्गत मान्य निर्णय होने दें। -सचदेवा ने कहा कि बेहतर होगा कि संवैधानिक विशेषज्ञों एवं उपराज्यपाल से सलाह कर संविधान के अंतर्गत मान्य निर्णय होने दें।

## संक्षिप्त समाचार...

### नांगलोई: मदरसे में किया झंडारोहण



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): नांगलोई के निहाल विहार स्थित सैफी तालीमी मदरसा की प्रधानाचार्या और वर्ल्ड पीस हार्मोनी के चेयरमैन हाजी शकील सैफी की पत्नी रूबीना सैफी ने मदरसे में झंडारोहण किया। इस अवसर पर मदरसे में अनेक बच्चे और रूबीना के साथी भी मौजूद रहे।

### मादीपुर विधानसभा में तिरंगा यात्रा का शुभारंभ



**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): मादीपुर विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसका वार्ड-94 रघुवीर नगर की निगम पार्षद उर्मिला कैलाश गंगवाल ने तिरंगा दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान पार्षद उर्मिला गंगवाल ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा पूरे वार्ड में निकाली जाएगी। वही इस तिरंगा यात्रा में बच्चों और युवाओं का काफी उत्साह दिखाई दिया। इस तिरंगा यात्रा में मादीपुर विधानसभा के समस्त भाजपा पदाधिकारियों व स्थानीय लोगों ने भाग हिस्सा लिया।

### एच.आई.वी जागरूकता अभियान की शुरुआत




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली सरकार स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एच.आई.वी जागरूकता के लिए सघन अभियान की शुरुआत की गई। जिसका आयोजन अंबेडकर दिल्ली कौशल और उद्यमिता विश्वविद्यालय कैंपस-1 शकरपुर में किया गया। दिल्ली स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी की परियोजना निदेशक सोनालिका जीवानी आई.ए.एस के दिशा निर्देशों पर एच.आई.वी जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन के महानिदेशक डॉ. अनूप कुमार पुरी, अंबेडकर डी.ई.एस.यू के कैंपस डायरेक्टर डॉ. घनश्याम, दिल्ली स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी के अतिरिक्त परियोजना निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार एवं रेड रिबन क्लब के कोडिनेटर डॉ. सुरेंद्र कुमार गुप्ता एवं डिप्टी डायरेक्टर सुरेंद्र कुमार रहे। कार्यक्रम में 600 छात्र छात्राओं एवं विभिन्न संस्थानों के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के दौरान एच.आई.वी जागरुकता रैली, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, नाटक, स्वैच्छिक रक्तदान एवं अन्य एच.आई.वी जागरुकता संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिल्ली स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी के संयुक्त निदेशक गंगेश झा ने बताया की दिल्ली में एच.आई.वी जागरुकता के लिए सघन आई.ई.सी. अभियान दो महीने तक चलाया जाएगा। इस दौरान फोक मीडिया अभियान, कॉलेजों में आईईसी जागरूकता शिविर, मीडिया अभियान, स्कूलों में जागरूकता कैंप, फ्लैश मॉब आदि का आयोजन किया जाएगा।

### नरेला में रक्तदान शिविर का आयोजन



**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): नरेला में फेडरेशन ऑफ नरेला सब सिटी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन ईश्वरीय प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी गीता बहन ने किया। यह शिविर नरेला के निवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर था, जिसमें उन्होंने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रक्तदान का आयोजन फेडरेशन के अध्यक्ष जोगिंदर दहिया के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में किया गया। इस दौरान महर्षि वाल्मीकि अस्पताल के एमएस डॉक्टर एस,के काकरान भी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान लगभग 356 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। जिसमें 100 महिलाएं ने रक्तदान किया। वही विशेष बात यह रही कि इस बार जोगिंदर दहिया ने खुद 110वीं बार रक्तदान करके एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। दहिया ने कहा कि रक्तदान न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि यह जीवन बचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी है। उन्होंने युवाओं से अपील कि के वह भी आगे आकर इस नेक कार्य में अपना योगदान दें।

### दयालपुर वार्ड में निकाली विशाल तिरंगा यात्रा



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) :दिल्ली नगर निगम के वार्ड नंबर-242 दयालपुर से भाजपा पार्षद व दिल्ली भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री पुनीत शर्मा ने क्षेत्रवासियों के साथ एक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली। इस यात्रा में न सिर्फ भाजपा कार्यकर्ता बल्कि क्षेत्रवासियों ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान पार्षद पुनीत शर्मा ने क्षेत्रवासियों से हर घर तिरंगा लगाने की अपील की और लोगों से आग्रह किया कि स्वतंत्रता दिवस पर लोग यदि पतंग उड़ा रहें तो चाइनीज मांझे का इस्तेमाल न करें। क्योंकि महज कुछ क्षणों के आंनद के लिए किसी का परिवार उजड़ जाता है, ऐसे में हमें इसके प्रयोग से बचना है। इस मौके पर नवीन शाहदरा के जिला अध्यक्ष मनोज त्यागी, जिला महामंत्री नारायण प्रताप सिंह और मंडल राजकुमार शर्मा सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

## स्कूल में बच्चों को जमीन पर बैठाने के मामले में आतिशी सख्त



- डीडीई करेंगे 5 स्कूलों का निरीक्षण, सौपेंगे साप्ताहिक रिपोर्ट: मंत्री आतिशी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): शिक्षा के क्षेत्र में परिवर्तनकारी बदलाव लाने वाली दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने एक सरकारी स्कूल में छात्रों को जमीन पर बैठाने के मामले में सख्त रुख अख्तियार किया है। शिक्षा मंत्री आतिशी ने दिलशाद गार्डन स्थित जे एंड के ब्लॉक के सर्वोदय विद्यालय में छात्रों को जमीन पर बैठाने के मामले में स्कूल के प्रिंसपिल पर अनुशासनात्मक कारवाई के आदेश दिए हैं। साथ ही शिक्षा मंत्री ने सभी डिप्टी डायरेक्टर एजुकेशन (डिस्ट्रिक्ट) को निर्देश दिए हैं कि वे प्रत्येक सप्ताह अपने जिले के कम से कम पांच स्कूलों का निरीक्षण करें और विभाग को इसकी रिपोर्ट सौंपे। शिक्षा मंत्री ने मामले की गंभीरता को देखते हुए निरीक्षण के दौरान सभी डीडीई (डिस्ट्रिक्ट) को स्कूल में बुनियादी सुविधाएं जैसे पीने के पानी की उपलब्धता, शौचालय, लाइट्स, साफ-सफाई, पर्याप्त मात्रा में अच्छी क्वालिटी के डेस्कों की उपलब्धता, स्कूल का इंफ्रास्ट्रक्चर, बच्चों की सेफ्टी-सिक्योरिटी, स्टूडेंट-क्लासरूम अनुपात इत्यादि का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। सभी डीडीई(डिस्ट्रिक्ट) को निर्देश दिए गए हैं कि यदि निरीक्षण के दौरान स्कूल में किसी प्रकार की समस्या मिलती है तो उस पर तुरंत एक्शन लिया जाये। साथ ही ये भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है कि भविष्य में दोबारा ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो, यदि किसी स्कूल में ऐसा पाया जाता है कि डेस्क होने के बावजूद बच्चों को जमीन पर बैठाया गया तो इस स्थिति में सख्त एक्शन लिया जाएगा। शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली सरकार के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को बेहतर सुविधाएं और शिक्षा देना हमारी प्राथमिकता रही है। ऐसे में इसमें किसी भी प्रकार की नजरअंदाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## मनीष सिसोदिया ने मंदिर में की भगवान शिव की पूजा-अर्चना



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने श्रावण माह के सोमवार के पावन मौके पर चांदनी चौक स्थित गौरी शंकर मंदिर में पूजा-अर्चना की और कहा कि उनके मन में किसी के प्रति कोई द्वेष नहीं है। कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मामले में उच्चतम न्यायालय से जमानत मिलने के बाद बीते शुक्रवार को तिहाड़ जेल से बाहर आए सिसोदिया भगवान शिव की पूजा-अर्चना के लिए सोमवार सुबह गौरी शंकर मंदिर पहुंचे। सिसोदिया ने कहा कि भगवान शिव प्रेम का प्रतीक हैं। जिनके हृदय में भगवान शिव का वास है, उनके हृदय में दूसरों के प्रति द्वेष भाव नहीं हो सकता। मैंने आशीर्वाद मांगा कि मुझे भी कण-कण में भगवान शिव ही दिखाई देते रहें। 'आप' के प्रमुख नेता सिसोदिया ने जेल से बाहर आते ही अगले साल की शुरुआत में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनावों की तैयारियां शुरू कर दी हैं। वह दिल्ली के राजनीतिक हालात पर चर्चा करने के लिए सोमवार को पार्टी विधायकों के साथ बैठक करेंगे।

## कोचिंग सेंटर्स के लिए फिर से दिशा-निर्देश तय करने की मांग हाईकोर्ट ने खारिज की

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया जिसमें कोचिंग संस्थानों के लिए आपराधिक दायित्व के साथ दिशा-निर्देश फिर तैयार करने के लिए निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका में अधिकारियों को एक ऐसी शिक्षा प्रणाली लाने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया था, जो छात्रों को प्रवेश परीक्षाओं के लिए तैयार करने के बजाय उनके दिमाग को परिष्कृत करने वाली हो। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि इस तरह का निर्देश देना कोर्ट के अधिकार क्षेत्र में नहीं है। पीठ ने कहा कि अपनी प्रार्थना देखिए। यह हमारे अधिकार क्षेत्र में नहीं है। अगर शिक्षा व्यवस्था में सुधार की जरूरत है भी, तो यह हमारे अधिकार क्षेत्र में नहीं है। अगर शिक्षा व्यवस्था में कोई कमी है, तो चुनाव के समय चुनी हुई सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। पीठ ने कहा कि हम राजधानी के लिए शिक्षा प्रणाली तैयार नहीं कर सकते। दरअसल, इस मामले में दायर याचिका में दिल्ली में छात्रों के लिए पेइंग गेस्ट सुविधा चलाने के लिए नियम और विनियम बनाने का निर्देश प्राधिकारियों को देने की अपील की गई थी। चूंकि कोर्ट इस याचिका पर विचार करने की इच्छुक नहीं थी, इसलिए याचिकाकर्ता के ने याचिका वापस लेने की स्वतंत्रता मांगी। जिसके बाद कोर्ट ने याचिकाकर्ता को अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति देने के साथ ही उसे उचित मंच पर अपना पक्ष रखने की स्वतंत्रता दी।

## सिसोदिया ने ईडी-सीबीआई दफ्तर जाकर दर्ज कराई उपस्थिति

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई जमानत की शर्तों का पालन करते हुए सोमवार को सुबह ईडी और सीबीआई के दफ्तर जाकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सुप्रीम कोर्ट ने सुबह 10 से 11 बजे के बीच दोनों जांच एजेंसियां के दफ्तर जाकर अपने जांच अधिकारी के सामने अपनी मौजूदगी दर्ज कराने का आदेश दिया है। सिसोदिया सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अक्षरः पालन करते हुए पहले सीबीआई के दफ्तर पहुंचे, जहां उन्होंने अपने जांच अधिकारी से मुलाकात कर उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर किया। इसके उपरांत वो ईडी दफ्तर के लिए रवाना हुए और वहां भी जांच अधिकारी के समक्ष अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। इस दौरान मनीष सिसोदिया ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन करना मेरी प्राथमिकता है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि मुझे हर सोमवार और गुरुवार को सुबह 10 से 11 बजे के बीच ईडी और सीबीआई के दफ्तर में जाकर अपनी उपस्थिति देनी है।

## भ्रष्ट पार्षदों को संरक्षण दे रही भाजपा : आप



घनेंद्र भारद्वाज | प्रिया कंबोज

**भाजपा पार्षद जमकर कर रहें हैं उगाही और अवैध निर्माण कार्य, मूकदर्शक बनी भाजपा**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता स्टेट जॉइंट सेक्रेटरी एवं पूर्व निगम पार्षद घनेंद्र भारद्वाज ने एक बार फिर से भारतीय जनता पार्टी पर हल्ला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा आए दिन भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के दावा करती रहती है, लेकिन हकीकत इसके एकदम इतर है। भाजपा में इन दिनों पार्षद जमकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं। कहा जहां भाजपा पार्षदों के लगातार अवैध उगाही के मामले सामने आ रहे हैं तो वहीं भाजपा पार्षद धड़ल्ले से अवैध निर्माण करा रहे हैं। आरोप है कि कुछ पार्षदों ने स्वयं ही निर्माण कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। इनमें से एक नाम गांधी नगर वार्ड से भाजपा पार्षद प्रिया कंबोज का भी शामिल है। प्रिया कंबोज पर न सिर्फ अवैध निर्माण कराने बल्कि सरकारी जमीन पर भी कब्जा कराने का आरोप लग चुका है। खासबात है कि इस मामले में कोई विरोधी पार्टी नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी के पूर्व महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल कोर्ट जा चुके हैं और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जिसपर कोर्ट ने निगम अधिकारियों को सख्त आदेश जारी कहा है कि अगामी 30 सितंबर तक यदि वह कार्रवाई कर विस्तृत रिपोर्ट कोर्ट के समक्ष पेश नहीं करते हैं तो निगम अधिकारियों पर निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

## केजरीवाल व पाठक पर मुकदमा चलाने के लिए सीबीआई को मिले15 दिन



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने कथित शराब घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में सीएम केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) विधायक दुर्गेश पाठक पर मुकदमा चलाने के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को आवश्यक मंजूरी प्राप्त करने के लिए सोमवार को 15 दिन समय दिया। सीबीआई मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा को जांच एजेंसी ने बताया कि उन्हें संबंधित अधिकारियों से अभी तक मंजूरी नहीं मिली है, जिसके बाद न्यायाधीश ने केंद्रीय एजेंसी को आवश्यक मंजूरी हासिल करने के लिए 27 अगस्त तक का समय दिया। इससे पहले सीबीआई ने इस मामले में उनकी जांच की मंजूरी हासिल कर ली थी।

## यमुना प्रदूषण होगा कम ऑनलाइन निगरानी शुरू

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली सरकार ने यमुना नदी और इसमें गिरने वाले विभिन्न खुले नालों के किनारे 32 ऑनलाइन निगरानी स्टेशन स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की है, ताकि इस नदी में गिरने वाले प्रदूषकों के बारे में वास्तविक समय के आंकड़े प्राप्त किए जा सकें। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) को विभिन्न मापदंडों पर नालों और यमुना की ऑनलाइन निगरानी के लिए 32 जल गुणवत्ता निगरानी प्रणाली स्थापित करनी है। इन मापदंडों में जैविक ऑक्सीजन मांग, रासायनिक ऑक्सीजन मांग, कुल प्रसुप्त ठोस वस्तुएं, कुल नाइट्रोजन (नाइट्रेट और नाइट्राइट के रूप में), कुल फॉस्फोरस, अमोनिया आदि शामिल हैं। ऑनलाइन निगरानी स्टेशनों (ओएलएमएस) को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नवीनतम दिशानिर्देशों और मानक संचालन प्रक्रियाओं के सटीक अनुपालन में सप्ताह के सातों दिन और चौबीसों घंटे डीपीसीसी के सर्वर पर निरंतर डेटा ट्रांसमिशन सुविधा के साथ वांछित डेटा की ऑनलाइन निगरानी करनी है।

डीपीसीसी के एक अधिकारी ने बताया कि इस साल के अंत तक कुल 32 ओएलएमएस स्थापित किए जाने की उम्मीद है, जिनमें से 14 स्टेशन यमुना नदी पर और 18 विभिन्न नालों पर होंगे। अधिकारी ने कहा, ''इससे नालों और नदी के निर्धारित स्थान पर पानी की गुणवत्ता पर वास्तविक समय का डेटा प्राप्त करने में मदद मिलेगी, जिसे नियंत्रण एवं निगरानी केंद्र में देखा जा सकता है। इससे स्थिति के बिगड़ने के स्थान और समय की आसानी से पहचान की जा सकती है।'''' ओएमएलएस के प्रस्तावित स्थानों में पल्ला, आईएसबीटी पुल, आईटीओ पुल, निजामुद्दीन पुल, ओखला बैराज, नजफगढ़ नाला, मेटकाफ हाउस नाला, खैबर पास नाला, स्वीपर कॉलोनी नाला आदि शामिल हैं।

**खास बातें...** अधिकारियों को दिये निर्देश, नये कानूनों से जुड़ी परियोजनाओं के लिए तय करें समय-सीमा

# एलजी ने की तीन नए आपराधिक कानूनों की समीक्षा



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली में तीन नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की समीक्षा की और इसमें आ रही बाधाओं को जल्द से जल्द दूर करने का निर्देश दिया। इस समीक्षा बैठक में दिल्ली सरकार के गृह मंत्री कैलाश गहलोत मौजूद रहे, जबकि कानून मंत्री आतिशी परिवार में हुई मेडिकल इमरजेंसी की वजह से इसमें शामिल नहीं हो सकीं।

एलजी ने इस संबंध में पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित गृह विभाग, दिल्ली पुलिस, फोरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल), राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी), दिल्ली सरकार के अभियोजन निदेशालय के अधिकारियों से नए कानूनों के क्रियान्वयन के बारे में जारी विभिन्न परियोजनाओं को पूरा करने के लिए समय-सीमा तय करने के लिए कहा। इस बैठक में मेडिकल-लीगल केसों के लिए समर्पित पोर्टल एमईडीएलईएपीआर के लिए दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा नोडल अधिकारियों की ट्रेनिंग समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने राजधानी में केन्द्र सरकार के सभी अस्पतालों, एम्स, सफदरजंग अस्पताल, राम मनोहर लोहिया अस्पताल और लेडी हार्डिंग अस्पताल को एमईडीएलईएपीआर में शामिल कर लिया है। आज तक दिल्ली सरकार के 186 डॉक्टरों और केंद्र सरकार के 32 डॉक्टरों ने खुद को एमईडीएलईएपीआर पर पंजीकृत किया है और पोर्टल पर 81 रिपोर्ट बनाई हैं। बैठक में पुलिस और एफएसएल के लिए मोबाइल फोरेंसिक वैन की खरीद और सभी 691 अदालतों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाएं प्रदान करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे पर भी विचार-विमर्श किया गया। दोनों मामलों में एलजी ने सभी संबंधित विभागों के साथ चर्चा करके प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया है।

### अभियोजन निदेशालय की बिल्डिंग के लिए तलाशी जाएगी नई जगह

अभियोजन निदेशालय के लिए एक नई इमारत के प्रस्ताव पर एलजी ने मुख्य सचिव और अन्य अधिकारियों से जब तक कि इसके लिए नया बुनियादी ढांचा विकसित नहीं हो जाता, अभियोजन निदेशालय के लिए जगह उपलब्ध कराने की संभावना तलाशने को कहा। एलजी ने विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारियों से संभावित स्थलों का संयुक्त निरीक्षण करने को कहा।

## एमसीडी ने सर्वश्रेष्ठ छात्रों को प्रोत्साहन राशि देना भी किया बंद: भाजपा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि आम आदमी पार्टी के शिक्षा क्रांति के दावे लगातार खोखले साबित हो रहे हैं, जहां दिल्ली सरकार के स्कूलों में नौंवी से बारहवीं कक्षा के गिरते नतीजे पोल खोल रहे हैं। वहीं दिल्ली नगर निगम के स्कूलों में गिरती छात्रों की संख्या, गत सप्ताह 60 स्कूलों का जबरन मर्जर, छात्रों को वर्दी वितरण में देरी के बाद अब सामने आया है। दिल्ली नगर निगम ने इस वर्ष अपने स्कूलों में वार्षिक परीक्षा में सभी कक्षाओं के तीन सर्वश्रेष्ठ छात्रों को दी जाने वाली पुरस्कार प्रोत्साहन राशि देना भी बंद कर दिया है। गत वर्ष तक दिल्ली नगर निगम अपने सभी 1534 स्कूलों में कक्षा एक से पांचवीं तक हर कक्षा में पहले तीन स्थान पाने वाले सर्वश्रेष्ठ छात्रों को प्रोत्साहन सर्टिफिकेट एवं राशि देता था, जो इस साल नहीं दी गई है।

**कोलकाता में डॉक्टर से दुष्कर्म-हत्या का मामला... सभी की एक ही मांग है कि कोलकाता रेप-हत्या के आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए...**

# एम्स सहित दिल्ली के 10 सरकारी अस्पतालों में अनिश्चितकालीन हड़ताल

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली में 10 सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों ने कोलकता में एक रेजीडेंट डॉक्टर के दुष्कर्म एवं हत्या मामले को लेकर सोमवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एम्स दिल्ली समेत 10 सरकारी हॉस्पिटल्स में सभी डॉक्टरों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। राजधानी में भारी संख्या में डॉक्टर्स प्रदर्शन कर रहे हैं। सभी की एक ही मांग है कि कोलकाता रेप-हत्या के आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। दिल्ली में कोलकाता के आरपीजी कर मेडिकल कॉलेज में पीजी ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी और हत्या के विरोध में डॉक्टरों ने इस बंद का ऐलान किया है। रेजीडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) ने एक बयान में बताया कि मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज, राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, वीएमएमसी और सफदरजंग हॉस्पिटल, दीनदयाल उपाध्याय हॉस्पिटल, जीटीबी, इहबास, डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर मेडिकल कॉलेज तथा राष्ट्रीय क्षय एवं श्वसन रोग संस्थान के चिकित्सक सुबह नौ बजे शुरू हुई इस हड़ताल में शामिल हैं। आरडीए के अनुसार, अनिश्चतकालीन हड़ताल के दौरान सभी बाह्यरोगी विभाग (ओपीडी), ऑपरेशन थिएटर और वार्ड ड्यूटी बंद रहेगी, लेकिन आपातकालीन सेवाएं सामान्य दिनों की तरह चालू रहेंगी, ताकि यह सुनिश्चित हो कि आपात चिकित्सा वाले रोगियों को परेशानी न हो। आरडीए ने आगे बताया, अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान, सभी बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी), ऑपरेशन थिएटर (ओटी) और वार्ड ड्यूटी बंद रहेंगी, लेकिन आपातकालीन सेवाएं हमेशा की तरह चलती रहेंगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि तत्काल रोगी देखभाल प्रभावित न हो। एम्स दिल्ली व अन्य अस्पतालों ने यह कदम फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (फोरडा) के आह्वान पर उठाया गया है। फेडरेशन ऑफ रेजीडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (फोरडा) ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ड्यूटी के दौरान एक परास्नातक प्रशिक्षु चिकित्सक के दुष्कर्म और हत्या मामले को लेकर यह कदम उठाया है। पश्चिम बंगाल के इस सरकारी अस्पताल के सेमीनार हॉल में गुरुवार रात को 32 वर्षीय डॉक्टर का शव अर्द्ध नग्न हालत में मिला था। बयान में कहा गया है, ''आरजी कर में हमारे सहकर्मियों के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए, हम 12 अगस्त से अस्तपालों में वैकल्पिक सेवाओं के देशव्यापी निलंबन की घोषणा करते हैं। यह निर्णय सोच-समझकर लिया गया है। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि हमारी आवाज सुनी जाए और न्याय एवं सुरक्षा की मांगों को बिना किसी देरी के स्वीकार किया जाए।

आरएमएल अस्पताल




एम्स



### डॉक्टर्स नहीं हैं सुरक्षितः डॉ. रजत गंगवार

सफदरजंग अस्पताल में फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया डॉक्टर्स एसोसिएशन के सलाहकार डॉ. रजत गंगवार ने कहा है कि बंगाल मेडिकल कॉलेज में एक सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर की दुष्कर्म कर निर्मम हत्या की घटना से सभी डॉक्टर समुदाय रोष है। और खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। दोषियों की सजा मिलने तक और इस मामले में सरकार द्वारा उचित कार्रवाई किए जाने तक सफदरजंग अस्पताल की ओपीडी सेवाएं बाधित रहेगी। कोई भी रेजिडेंट डॉक्टर मरीजों की सेवा में नहीं रहेंगे।

### जल्द विधेयक हो पास : अमरिंदर सिंह मल्ही

कॉर्डियो रेडियो विभाग के एसिसटेंट प्रोफेसर डॉ. अमरिंदर सिंह मल्ही ने घटना के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि डॉक्टर अपने कार्यास्थल पर सुरक्षित नहीं हैं। यदि सरकार सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट लागू कर दी होती तो आज इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता था। डॉक्टर पर हमला करने से पहले लोगों को 100 बार सोचना पड़ता। उन्होंने आने वाले लोकसभा की सत्र में डॉक्टरों को सुरक्षा सुनिश्चित करने वाली विधेयक को लागू किए जाने की मांग की।




### दिल्ली सरकार के अस्पतालों में ओपीडी सेवाएं प्रभावित हुईं

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : कोलकाता में एक रेजिडेंट डॉक्टर के साथ बलात्कार और उसकी हत्या की घटना के मद्देनजर बेहतर सुरक्षा उपायों की मांग को लेकर चिकित्सकों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है, जिसके कारण दिल्ली सरकार के विभिन्न अस्पतालों के बाह्य रोगी विभागों में आने वाले मरीजों को सोमवार को बिना चिकित्सकीय परामर्श के लौटना पड़ा।हड़ताल के कारण कुछ लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ये मरीज और उनके परिजन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद शहरों से सुबह पांच बजे से ही कतार में लगने के लिए आ गए थे। बदरपुर बॉर्डर से एलएनजेपी अस्पताल में इलाज के लिए आए मोहम्मद वकील ने कहा, मैं सुबह-सुबह यहां आया हूं। मेरे कान में समस्या है। मरीज (24) ने कहा, मुझे एक सप्ताह बाद आने को कहा गया है क्योंकि चिकित्सक हड़ताल पर हैं। मुझे सलाह दी गई कि मैं समाचारों पर नजर रखूं कि हड़ताल कब खत्म होती है। केंद्र द्वारा संचालित अस्पतालों एम्स, आरएमएल अस्पताल और सफदरजंग अस्पताल सहित दिल्ली के कई अस्पतालों के रेजिडेंट डॉक्टरों ने 'फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन' (एफओआरडीए) के आह्वान पर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। यह हड़ताल कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ड्यूटी के दौरान एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ बलात्कार और उसकी हत्या की घटना के बाद शुरू हुई है। राष्ट्रीय राजधानी के कई अस्पताल प्रभावित हैं। ओपीडी, ऑपरेशन थियेटर और वार्ड ड्यूटी बंद हैं। हालांकि आपातकालीन सेवाएं सामान्य रूप से चलती रहेंगी, ताकि आपाताकालीन मरीजों को परेशानी न हो।

**कार्यालय संयुक्त आयुक्त पुलिसः लाइसैंसिंग यूनिट**

प्रथम तल, पुलिस स्टेशन डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली
फोन नं: 011-26250595, ई-मेल: addlcp.lic-dl@nic.in

**सार्वजानिक सूचना**

जबकि, श्री हर्ष वर्धन बंसल, निदेशक, मैसर्स यूनिटी बिल्डवेल लिमिटेड, जी-3, अग्रवाल कॉरपोरेट टॉवर, 23, राजेंद्र प्लेस, नई दिल्ली ने सिटी सेंटर, प्लॉट संख्या 4, सेक्टर-12, द्वारका, नई दिल्ली में 05 स्क्रीन सिनेमा हॉल/मल्टीप्लेक्स के निर्माण के लिए 'अनंतिम प्रमाणपत्र' प्रदान करने के लिए नीचे हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आवेदन किया है।

जबकि, उपर्युक्त श्री हर्ष वर्धन बंसल, निदेशक, को दिल्ली सिनेमैटोग्राफ नियम, 2008 के नियम 4 के अंतर्गत इस कार्यालय के पत्र संख्या 938/संयुक्त आयुक्त/लाइसेंस (सिनेमा) दिनांक 01.11.2023 के माध्यम से अनंतिम प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है और उप निदेशक (भवन) सी एंड आई, दिल्ली विकास प्राधिकरण, सी-1, प्रथम तल, विकास सदन, आईएनए, नई दिल्ली को भी इस कार्यालय के पत्र के माध्यम से ऊपर उल्लिखित अनुसार सूचित किया गया है।

आम जनता की जानकारी के लिए यह सूचना दी जाती है कि चिन्हित स्थल पर सिनेमा हॉल का निर्माण किया जा रहा है।

आज तारीख 13 माह **अगस्त** वर्ष 2024 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

संयुक्त आयुक्त पुलिस
लाइसेंसिंग, दिल्ली

# एसीबी ने जीएसटी रिफंड से जुड़े घोटाले का किया पर्दाफाश

**जीएसटी अधिकारी व तीन एडवोकेट सहित छह अरेस्ट, जीएसटी रिफंड के रूप में फर्जी फर्मों को जारी किए थे 54 करोड़**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): एंटी करप्शन ब्रांच (एसीबी) ने दिल्ली सरकार के ट्रेड एंड टैक्स डिपार्टमेंट (जीएसटी) में फर्जी जीएसटी रिफंड के एक बड़े घोटाले का खुलासा किया है। एसीबी ने जीएसटी फर्जीवाड़े से जुड़े एक मामले में एक जीएसटी अधिकारी, तीन वकील व दो ट्रांसपोर्टर सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अभी तक जारी कुल 54 करोड़ फर्जी जीएसटी रिफंड का पता चला है।

एबीसी चीफ मधुर वर्मा ने बताया कि एसीबी ने जांच के पहले चरण में जीएसटी घोटाले में शामिल एक जीएसट अधिकारी, फर्जी फर्म चलाने वाले तीन वकीलों, दो ट्रांसपोर्टरों और फर्जी फर्मों के एक मालिक को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि जीएसटी अधिकारी ने आपराधिक साजिश रचते हुए इन 96 फर्जी फर्मों के मालिकों के लिए 2021-22 में 404 रिफंड अप्रूव किये और 35.51 करोड़ रुपये स्वीकृत किए थे। जबकि पिछले वर्ष इन फर्म को केवल सात लाख रूपये रिफंड किया गया था।




एसीबी ने घोटाले के आरोपी को किया गिरफ्तार।

मधुर वर्मा ने बताया कि आरोपियों में बबिता शर्मा जो कि जीएसटीओ है, इसने फर्जी जीएसटी रिफंड मंजूर किया। राज सिंह सैनी, नरेंद्र कुमार सैनी और मुकेश सैनी वकील हैं और फर्जी जीएसटी रिफंड के लाभार्थी हैं। वहीं मनोज गोयल फर्जी फर्मों का मालिक और जीएसटी रिफंड का लाभार्थी है। सुरजीत सिंह और ललित कुमार ट्रांसपोर्टर हैं, जिसने लाभार्थियों से भुगतान के बदले फर्जी ई-वे बिल और जाली माल रसीदें दीं। अन्य जीएसटी अधिकारियों, मालिकों और ट्रांसपोर्टरों की भूमिका की छानबीन चल रही है।

एसीबी चीफ ने बताया कि सबसे पहले गड़बड़ी का संदेह होने पर जीएसटी विजिलेंस ने इन फर्मों के पते का वेरिफिकेशन किया। ये सभी फर्म फर्जी पाई गईं। जिसके बाद जीएसटी कमिश्नर ने अपनी ही टीम को जांच का निर्देश दिया। जांच के आधार पर दिसंबर 2021 में पूरे घोटाले की रिपोर्ट पेश की। जिसके बाद मामला एसीबी को भेजा गया। इस बाबत 28 अप्रैल 2023 को एसीबी ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच के दौरान सरकार के राज कोष में नुकसान पहुंचाने के मकसद से अंजाम दिए गए घोटाले का साक्ष्य मिलने लगे। पता चला इनपुट टैक्स क्रेडिट वेरिफिकेशन के बिना जीएसटीओ ने धोखाधड़ी वाले जीएसटी रिफंड को मंजूरी दे दी थी। साथ ही फर्जी इनवॉइस पर 20 लाख रुपये का इनपुट टैक्स क्रेडिट लिया गया। लगभग 718 करोड़ की फर्जी फर्मों ने फर्जी खरीदारी की। यह सारी खरीददारी कागजों पर दिखाई गई। तमाम दस्तावेजों के सत्यापन में 5 फर्में एक ही पैन/ई-मेल आईडी/मोबाइल नंबर के तहत रजिस्टर्ड पाई गईं। इनका उपयोग कई जीएसटीआईएन रजिस्ट्रेशन के लिए किया गया था।

### संक्षिप्त समाचार...

## 'खेल को जीवन में उतारना महत्वपूर्ण'



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): खेल को अपने जीवन में उतारना बहुत महत्वपूर्ण है और इसे विशेष स्थान देना चाहिए। मैं धन्यवाद देता हूं कि दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में 5 प्रतिशत स्पोर्ट्स कोटा दिया गया ताकि खेल भावना को जिंदा रखा जा सके। यह कहना है डीयू के कुलपति प्रो. योगेश सिंह का। मौका था डीयू से संबद्ध हंसराज कॉलेज द्वारा आयोजित रमिता जिंदल के पेरिस ओलंपिक, 2024 के शूटिंग खेल में उत्कर्ष प्रदर्शन के लिए अभिनंदन कार्यक्रम 'खेलो हंसराज' का। डॉ. सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 में खेल के विषयों को प्राथमिकता दी गई है। भविष्य में खिलाड़ियों के प्रति और नए नियमों में बदलाव किए जा सके ताकि उनको पूर्ण सहयोग मिल सके। प्रत्येक कॉलेज में आउटडोर और इनडोर स्पोर्ट्स सुविधाएं होनी चाहिए। यह बताते हुए हमें हर्ष हो रहा है कि डीयू से 6 खिलाड़ी और 1 कोच इस बार के पैरालंपिक में भागीदारी ले रहे हैं। भारत को इन खिलाड़ियों पर गर्व है और इस भावना को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। प्रसाद महांकर, राष्ट्रीय संगठन मंत्री, क्रीड़ा भारती, प्रो. अनिल कुमार कलकल, निदेशक, शारीरिक शिक्षा विभाग, डॉ. एमपी शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर और प्रो. (डॉ.) रमा, प्राचार्या, हंसराज कॉलेज की उपस्थिति में विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में यह सन्देश दिया गया कि खेलों में हार-जीत का उतना महत्व नहीं है, जितना की खेल भावना का है। गौरतलब है कि हंसराज कॉलेज में 'खेलो हंसराज' कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष जनवरी में मनाया जाता है, जिसमें छात्र, शिक्षक एवं अन्य सहकर्मी भी सम्मिलित होते हैं।

## जेएनयू शिक्षक संघ भूख हड़ताल पर



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (जेएनयूटीए) के सदस्यों ने पदोन्नति में कथित देरी के विरोध में सोमवार को जेएनयू परिसर में 24 घंटे की भूख हड़ताल शुरू की। भूख हड़ताल और पदोन्नति में देरी के आरोप पर जेएनयू की कुलपति शांतिश्री डी पंडित की तरफ से खबर लिखे जाने तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई थी। बता दें कि जेएनयूटीए से जुड़े विभिन्न विभागों के एक दर्जन से अधिक प्रोफेसर 'स्कूल ऑफ लैंग्वेज" के मैदान में धरने पर बैठे। धरना स्थल पर पोस्टर लगाए गए, जिन पर पदोन्नति कड़ी मेहनत से मिलती है और पदोन्नति का इंतजार जैसे नारे लिखे थे।




## बार चुनाव को लेकर होर्डिंग्स और पोस्टर लगाने की संस्कृति गलत : दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में बार चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के होर्डिंग्स और पोस्टर लगाने की संस्कृति पर चिंता जताई। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की खंडपीठ ने इस संस्कृति को एक "खतरा' बताते हुए कहा कि इस तरह का पैसा और व्यय बार चुनावों पर खर्च नहीं किया जाना चाहिए। गौरतलब है कि कोर्ट ने यह टिप्णी एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान की जिसमें दिल्ली बार काउंसिल (बीसीडी), दिल्ली उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन (डीएचसीबीए) और दिल्ली के सभी जिला बार संघों के चुनावों में महिला वकीलों के लिए 33 फीसदी सीटें आरक्षित करने की मांग की गई है। इस दौरान डीएचसीबीए के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता मोहित माथुर, बीसीडी के वकील और सभी जिला बार एसोसिएशनों की समन्वय समिति के अध्यक्ष भी सुनवाई में शामिल हुए। इस दौरान कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि बार के वरिष्ठ नेताओं के माध्यम से एक संदेश जाना चाहिए कि बार चुनावों के संबंध में उम्मीदवारों के पोस्टर लगाना एक अच्छी प्रथा नहीं है और इसे रोका जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि वकीलों के संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकीलों को इस मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लेना चाहिए।

# वीरेन्द्र सचदेवा-हर्ष मल्होत्रा ने निकाली कृष्णा नगर में तिरंगा यात्रा

*हम इस तिरंगे की आन बान शान से किसी भी प्रकार का समझौता न करेंः वीरेन्द्र सचदेवा*



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर देश भर में भाजपा संगठन द्वारा आयोजित की जा रही तिरंगा यात्राओं की श्रृंखला में सोमवार को दिल्ली में शाहदरा जिला द्वारा कृष्णा नगर विधानसभा में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का नेतृत्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने किया। विशाल तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही क्षेत्रीय नागरिक सम्मलित हुए। विभिन्न स्थानों पर स्थानीय आरडब्ल्यूए एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने यात्रा में सम्मलित वीरेन्द्र सचदेवा एवं हर्ष मल्होत्रा और अन्य कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया। यात्रा का संयोजन जिलाध्यक्ष संजय गोयल ने किया और यात्रा में अनिल बाजपेई, पंकज लूथरा, रोमेश गुप्ता और पूजा शर्मा आदि मौजूद रहे। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा सिर्फ तिरंगा यात्रा नहीं है, बल्कि यह तिरंगा यात्रा इस बात को याद दिलाती है कि इस देश की आन बान शान के लिए कितने लोगों ने अपनी कुर्बानी दी है। उन सभी कुर्बानियों को इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से नमन करने का यह मौका है।

**शिक्षा मंत्रालय ने जारी की इंडिया रैंकिंग्स-2024...** रैंकिंग में दिल्ली के विश्वविद्यालयों ने तीन पोजिशने हासिल करके अपना दमखम दिखाया, जेएनयू नंबर 2 व जामिया नंबर 3

# जेएनयू, जामिया और दिल्ली विवि भी किसी से कम नहीं

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को शिक्षा मंत्रालय के राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) 2024 की घोषणा भारत मंडपम में की। एनआईआरफ की 2024 की रैंकिंग में दिल्ली की तीन विश्वविद्यालय शामिल हैं। जेएनयू दूसरे नंबर पर, जामिया तीसरे और दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) छठे नंबर पर शामिल हैं। बता दें कि भारत के शिक्षा मंत्रालय ने इंडिया रैंकिंग्स 2024 जारी किया है जिसमें भारतीय विश्वविद्यालयों के प्रदर्शन के आधार पर रैंकिंग शामिल की गई है। इसमें दिल्ली के अलावा बेंगलुरु, वाराणसी, कोलकाता और वेल्लोर के संस्थान भी शामिल हैं। एनआईआरएफ 2024 के अनुसार टॉप 5 विश्वविद्यालय की लिस्ट में पहले स्थान पर आईआईएससी बैंगलोर है। दूसरे स्थान पर जेएनयू, तीसरे पर जामिया, चौथे पर मणिपाल यूनिवर्सिटी और बीएचयू पांचवें स्थान पर काबिज रहा है। मेडिकल की पढ़ाई के लिए एम्स दिल्ली सर्वश्रेष्ठ, आर्किटेक्चर में आईआईटी रुड़की टॉप पर है। फार्मेसी की बात की जाए तो जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय टॉप पर रहा। एनआईआरएफ 2024 के अनुसार आईआईएम अहमदाबाद भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन संस्थान है। जबकि आईआईएससी बेंगलुरु को टॉप भारतीय विश्वविद्यालय, आईआईटी मद्रास को टॉप इंजीनियरिंग संस्थान चुना गया है।




### टॉप कॉलेजों में डीयू का हिंदू कॉलेज नंबर वन

डीयू के हिंदू कॉलेज को देश का टॉप कॉलेज घोषित किया गया है। इस साल कुल 10,885 संस्थानों ने एनआईआरएफ 2024 के लिए आवेदन किया था। मिरांडा हाउस दूसरे और सेंट स्टीफन कॉलेज तीसरे स्थान पर रहा है।

### मुक्त विवि की श्रेणी में शीर्ष पर इग्नू...

इग्नू ने राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में 'मुक्त विश्वविद्यालयों' की नई श्रेणी में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। इग्नू की कुलपति उमा कांजीलाल ने कहा कि इग्नू मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा में अग्रणी रहा है और अब हम मुक्त एवं डिजिटल शिक्षा में अग्रणी बन रहे हैं। 'दूरस्थ" शिक्षा को 'डिजिटल" शिक्षा से बदलने के हमारे मिशन ने हमें भारत और विश्व भर में लाखों शिक्षार्थियों तक ज्ञान पहुंचाने में सक्षम बनाया है।

### जेएनयू कुलपति ने श्रेय शिक्षकों, छात्रों व कर्मचारियों की दिया...

जेएनयू की कुलपति शांतिश्री डी पंडित ने इस उपलब्धि का श्रेय शिक्षकों, छात्रों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को दिया तथा उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि जेएनयू लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। हमें उत्कृष्ट संस्थान का दर्जा और अनुदान दिया जाना चाहिए, जिससे हमारे बुनियादी ढांचे और अनुसंधान रैंकिंग में काफी मदद मिलेगी। बता दें कि 1969 में स्थापित इस यूनिवर्सिटी का नाम देश के प्रथम प्रधानमंत्री के ऊपर रखा गया है। यह यूनिवर्सिटी उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था, फैकल्टी और सामाजिक विज्ञान विषय में शोध को लेकर जानी जाती है।

### जामिया कुलपति ने श्रेय लगातार कड़ी मेहनत को दिया

रैंकिंग में जामिया ने अपना तीसरा स्थान बरकरार रखा है। विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति मोहम्मद शकील ने इस उपलब्धि का श्रेय संकाय, छात्रों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की लगातार कड़ी मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के मानक को बनाए रखने में अपना खून-पसीना एक करने वाले हमारे गैर-शैक्षिक कर्मचारी भी इस सम्मान के हकदार हैं। हमारा प्रयास रहा कि हम अपनी स्थिति को कायम रखें और पीछे न मुड़े। शीर्ष स्थान पर पहुंचना आसान है परंतु उसे कायम रखना कठिन है। हमारे विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं शोधार्थियों ने गुणवत्तापूर्ण शोध द्वारा इस उपलब्धि को हासिल करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके लिए मैं उन सभी को बधाई देना चाहता हूं।

### डीयू का 7 पायदान की बढ़त : डीयू वीसी

डीयू को टॉप 10 में छठा स्थान मिला है। इस बार इसकी रैंकिंग में सुधार हुआ है। डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष भी डीयू ने दो पायदान ऊपर बढ़ते हुए राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय श्रेणी में 11वां स्थान प्राप्त किया था। कुलपति ने बताया कि इस बार ओवरऑल रैंकिंग में भी डीयू ने 7 पायदान का उछाल लेते हुए 15वां स्थान प्राप्त किया है। प्रो. सिंह ने इसके लिए सभी को बधाई देते हुए कहा कि यह टीम वर्क और कड़ी मेहनत का प्रतिफल है। कुलपति ने बताया कि एनआईआरएफ़ 2024 सूची में देश के टॉप 10 कॉलेजों में भी 6 कॉलेज डीयू के हैं। इनमें पहले 3 स्थानों पर डीयू के ही कॉलेज रहे हैं।

**GOVERNMENT OF HARYANA CORRIGENDUM**

SAMVAD R.O. No. 13/2025/40/28851/I/142/7 Dt. 12/08/2024

| SR. No. | NAME OF BOARD CORP./AUTH | OLD REFERENCE/NIT NO. | NATURE OF CORRIGENDUM | WEBSITE OF THE BOARD CORP./AUTH | NODAL OFFICER/CONTACT DETAILS/EMAIL |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | THE BALLABGARH COOP MILK PRODUCERS UNION LTD | MPF/PUR/2024/1941 DT 12.07.2024 | THE LAST DATE OF ONLINE BID SUBMISSION IS EXTENDED 27.08.2024 HIRING OF MILK ROUTE VEHICLE / HIRING OF JEEP/ CAR FOR FIELD DUTY . | https://etenders.hry.nic.in vitaindia.org.in | 996804717 vitablb@gmail.com |

FOR FURTHER INFORMATION KINDLY VISIT : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

**बुराड़ी मामला** पिछले कई दिनों से हो रही बारिश के कारण बढ़ गया था झील का जलस्तर, झील में नहाते वक्त हुआ हादसा

# शक्ति सरोवर झील में चार बच्चे डूबे, एक की मौत

**1** पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है

**2** अक्सर छोटे बच्चे पानी में नहाने के लिए शक्ति सरोवर झील में जाते हैं



इलस्ट्रेशन:- निशांत होता

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राजधानी दिल्ली में बारिश के पानी में डूबकर बच्चों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार दोपहर बुराड़ी स्थित शक्ति सरोवर झील में चार बच्चे डूब गए। किसी तरह तीन बच्चों को बचा लिया गया, लेकिन एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की पहचान निर्वाण सोलंकी (11) के तौर पर की है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। डीसीपी (नॉर्थ) मनोज कुमार मीना ने बताया कि पुलिस मामले में उचित कानूनी कार्रवाई कर रही है। दिल्ली पुलिस की क्राइम टीम ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद उसे सीज कर दिया है। डीसीपी ने बताया कि इस घटना की जानकारी स्थानीय एसडीएम को भी दे दी गई है। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर ही है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार दोपहर करीब एक बजे बुराड़ी हॉस्पिटल से एक बच्चे की पानी में डूबकर मौत की सूचना मिली थी। तुरंत बुराड़ी थाना पुलिस अस्पताल पहुंच गई। शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में भेज दिया गया। पुलिस ने मृतक की पहचान ए-ब्लॉक कौशिक एन्क्लेव बुराड़ी निवासी निर्वाण सोलंकी के तौर पर की। पुलिस को शुरुआती जांच में पता चला कि बच्चा इलाके में शक्ति सरोवर झील में नहाते वक्त डूब था। उसके साथ अन्य तीन और बच्चे झील में डूब गए थे। सभी बच्चे कौशिक एन्क्लेव इलाके के रहने वाले हैं और 11 से 12 साल की उम्र के हैं। पुलिस के मुताबिक दो बच्चे कम गहराई में थे, जिसकी वजह से वह किसी तरह बाहर निकल आए और शोर मचा दिया। आसपास मौजूद लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े और बीच में गहरे पानी में डूब रहे दो बच्चों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने निर्वाण सोलंकी को मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है पिछले कई दिनों से हो रही बारिश के कारण शक्ति सरोवर झील का जलस्तर बढ़ गया था। अक्सर छोटे बच्चे पानी में नहाने के लिए घुस जाते हैं।

### तीन दिन में चार बच्चों की मौत

दिल्ली में मानसून इस बार आफत बनकर बरस रहा है या यूं कहें कि प्रशासन लापरवाह है। जिसकी वजह से जानलेवा हादसे हो रहे हैं। पिछले तीन दिनों के भीतर प्रशासन की लापरवाही के कारण चार बच्चों की मौत हो चुकी है। शुक्रवार को प्रेम नगर इलाके में एक ग्राउंड में भरे बारिश के पानी में डूबकर दिव्यांश और मयंक की मौत हो गई थी। इसी तरह शनिवार को रोहिणी सेक्टर-20 स्थित डीडीए के पार्क में भरे बारिश के पानी में डूबकर सात साल के तरुण की मौत हो गई थी। रविवार को बुराड़ी के शक्ति सरोवर झील में डूबने से निर्वाण सोलंकी की मौत हो गई। लोगों का आरोप है कि अगर प्रशासन अलर्ट होता तो ये हादसे नहीं होते। प्रेम नगर में खाली मैदान में पानी भर गया था, मगर उसे पंप लगाकर निकाला नहीं गया। रोहिणी के पार्क में छठ पूजा के लिए अस्थाई तालाब बनाया गया था। मगर बारिश हुई तो उसमें पानी भर गया। अगर यहां भी पंप लगाकर पानी निकाल दिया जाता तो तरुण की मौत नहीं होती। पिछले कई दिनों से हो रही बारिश के कारण शक्ति सरोवर झील का जल स्तर भी बढ़ गया था। मगर झील में नहाने के लिए आने वाले बच्चों को रोकने वाला यहां कोई नहीं था।

# जैतपुर: बुजुर्ग की हत्या में तीन दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**30 हजार कैश व लाखों के जेवरात लूटकर भागे हत्यारे**



**दक्षिणी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): साउथ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के जैतपुर थाना इलाके में दयाराम यादव (63) की हत्या को तीन दिन बीत चुके हैं। लेकिन आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दिल्ली में हाई अलर्ट होने के बाद भी पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच पा रही है, यह पुलिस के लिए एक बड़ी नाकामी है। सूत्रों का कहना है कि दो बाइक सवार चार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस की टीमें सोशल मीडिया की मदद से भी आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस की कई टीमें आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही हैं। बता दें कि जैतपुर स्थित मीठापुर सिंधुफार्म रोड पर एक घर में चोरी की नीयत से घुसे लुटेरों ने विरोध करने पर दयाराम यादव की चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी। बदमाश बाहर लगा ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए थे। घर में आहट होने पर बुजुर्ग दयाराम की आंख खुल गई। विरोध करने पर बदमाशों ने उनकी हत्या कर दी और अलमारी में रखे 30 हजार कैश व लाखों की ज्वेलरी व अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। घायल होने के बाद दयाराम घर के बाहर आकर गिर गए थे।

### आरडब्ल्यूए का आरोप केवल उगाही करते हैं पुलिसकर्मी

आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष डॉ. अशोक शर्मा ने बताया कि दिल्ली में हाई अलर्ट के बाद भी इलाके में पुलिसकर्मी पेट्रोलिंग नहीं करते। इसी वजह से बदमाश बेधड़क होकर इलाके में वारदात को अंजाम देते हैं। पुलिस का मैन फोकस उगाही पर है। उन्हें केवल इलाके में बन रहे मकान और कबाड़ियों से पैसे लेने होते है। अगर इलाके में पेट्रोलिंग होती तो क्राइम पर भी लगाम लग जाती।

### पेट्रोलिंग नहीं करती पुलिस

मीठापुर विस्तार निवासी नरेंद्र मिश्रा का कहना है कि पुलिस इलाके में पेट्रोलिंग नहीं करती है। इसकी वजह से बदमाशों का दुस्साहस बढ़ता जा रहा है। वह लगातार इलाके में वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। सिंधु फार्म रोड हरियाणा की सीमा से लगा हुआ है। ऐसे में और भी चौकसी बरती जानी चाहिए थी।

# कूरियर कंपनी के कलेक्शन एजेंट पर हमला कर लूट, छह गिरफ्तार

**सराय रोहिल्ला थाना पुलिस ने वारदात में शामिल छह बदमाशों को किया गिरफ्तार**



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने सराय रोहिल्ला इलाके में एक कूरियर कंपनी के कलेक्शन एजेंट पर चाकू से हमला कर लूट की वारदात में शामिल छह बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों की पहचान आनंद पर्वत निवासी गौतम गुप्ता, जतिन, वजीरपुर भारत नगर निवासी रोहित, त्रिनगर निवासी गौतम, जियान हाशमी और आकाश के तौर पर की है। पुलिस ने इनके पास से दो स्कूटी जब्त की हैं। इनमें एक चोरी की है, जबकि दूसरी का इस्तेमाल वारदात के समय किया गया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक लाख से ज्यादा का कैश भी बरामद किया हैं।

डीसीपी मनोज कुमार मीना ने बताया कि गत पांच अगस्त की रात करीब ढ़ाई बजे कलेक्शन एजेंट से दो लाख रुपए लूट की सूचना मिली थी। सूचना के बाद सराय रोहिल्ला थाना पुलिस मौके पर पहुंची, जहां शास्त्री नगर निवासी पीड़ित शुभम मिला। उसने पुलिस को बताया वह करोलबाग में कूरियर कंपनी में बतौर कलेक्शन एजेंट काम करता है। वह अपने दो सहयोगियों मनीष और राहुल के साथ ऑफिस से घर जाने के लिए बाइक से निकला था। जब वे कमल टी प्वाइंट सराय रोहिल्ला फ्लाई ओवर पहुंचे तभी तीन लोग स्कूटी से आए और चाकू के बल पर दो लाख रुपए लूट ले गए। इस दौरान बदमाश अपनी एक स्कूटी मौके पर ही छोड़ गए। पुलिस ने कस दर्ज कर सीसीटीवी फुटैज खंगाले और आरोपी गौतम गुप्ता को उसके घर से दबोच लिया। उसने बताया कैश को लेकर जानकारी उसने जतिन से शेयर की थी। इसके बाद पुलिस ने जतिन को पकड़ लिया। जतिन ने कैश की सूचना आगे रोहित को पास की थी। इसके बाद पुलिस ने रोहित और अन्य दो आरोपियों को भी दबोच लिया। रोहित ने बताया गौतम, जियान हाशनी और आकाश के साथ मिलकर उन्होंने लूट की योजना बनाई थी। आरोपियों की गिरफ्तारी से पुलिस ने सराय रोहिल्ला और शाहबाद डेयरी इलाके में हुई दो वारदात भी सुलझा ली हैं।

# डायबिटीज की अधूरी जांच बन रही है रोगियों के लिए आफत

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): मधुमेह एक बड़ा खतरे के रूप में उभर रहा है। मरीजों की हर रोज बढ़ती संख्या को देखते हुए भारत को डायबिटीज की राजधानी भी कहा जाने लगा है।



साइंटिस्ट नहीं मानते हैं कि वास्तव में ऐसी स्थिति है। अधूरी जांच को इसके लिए जिम्मेदार ठहराते हैं। एप्रोपिरिएट डायट थेरेपी द्वारा दक्षिणी दिल्ली के सफदरजंग में आयोजित एक विशेष शिविर में साइंटिस्ट एस कुमार ने जब डायबिटीज रोगियों की जांच की तो बहुत बड़े पैमाने पर जो अभी तक दवा और इंसुलिन ले रहे थे, जांच के बाद उसे पाया कि रोगियों को डायबिटीज था ही नहीं। इस मौके पर बड़ी संख्या में शिविर में मधुमेह रोग की जांच करवाने पहुंचे मरीज से डॉक्टर कुमार ने कहा कि आमतौर पर ऐसा देखा गया है कि मरीज फास्टिंग,पोस्ट मिल और एचबीएवन सी की ही जांच करवाते हैं,जो पूरी तरह से अधूरी है। उन्होंने मरीजों को सलाह दिया कि दवा लेने से पहले ऐसे रोगियों को तीन नहीं आठ प्रकार की टेस्ट आवश्यक है। जिसमें 1.होमा (आई आर)2.फास्टिंग सिरम इन्सुलिन 3.बीटा सेल फंक्शन 4.सी-पेप्टाइड और पांचवा इन्सुलिन सेंसटिविटी बहुत ही जरूरी है। जिसका मेडिकल साइंस में जिक्र भी है बावजूद मरीजों को सलाह तक नहीं दिया जाता है।

# सोशल मीडिया पर नफरत फैलाने वाला नदीम अली गिरफ्तार




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स" नफरती पोस्ट करने वाले शख्स नदीम अली को गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली पुलिस की आईएफएसओ IFSO यूनिट ने नदीम अली को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस का कहना है कि शनिवार को नदीम को गिरफ्तार किया था। हालांकि नदीम को जमानत मिल गई है। दरअसल, बाग्लादेश में हुए तख्तापलट के बाद नदीम अली ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखा था, जिसमें उसने कहा था कि देश मे गृह युद्ध होना चाहिए। नदीम ने अपने पोस्ट में लिखा था कि भारत गृहयुद्ध की तरफ बढ़ रहा है। इसके अलावा नदीम ने लिखा था कि संघी बनाम भारतीयों के बीच गृहयुद्ध होना चाहिए,जिस तरह मणिपुर में चल रहा है, आर पार की लड़ाई होनी चाहिए। इसके अलावा नदीम ने संघ और पीएम मोदी को लेकर भी विवादित पोस्ट किए थे। इस दौरान आम आदमी पार्टी के कुछ नेताओं के साथ नदीम अली की तस्वीरें भी वायरल हुई थी। वहीं नदीम अली की पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा था और उन्होंने कार्रवाई की मांग की थी।

## संक्षिप्त समाचार...

### डीसीपी पहुंचे हर्ष विहार व साइबर क्राइम थाने



**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): नॉर्थ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के डीसीपी डॉ. जॉय टिर्की पिछले कुछ दिनों से हर थाने में पहुंचकर वहां का जायजा ले रहे है। कुछ दिनों पूर्व डीसीपी भजनपुरा थाने में पहुंचे थे। यहां एसीपी चंद्रकांता और एसएचओ नरेंद्र कुमार शर्मा मौजूद रहे। डीसीपी ने पुलिसकर्मियों से इलाके में पेट्रोलिंग व गश्त बढ़ाने को लेकर वाहन चैकिंग की बढ़ावा देने के निर्देश दिए। इसके कुछ दिनों बाद डीसीपी हर्ष विहार थाने में पहुंचे। जहां एसीपी जसोद सिंह मेहता और एसएचओ ज्ञानेश्वर सिंह के अलावा अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। डीसीपी ने यहां इलाके में क्राइम कंट्रोल के बारे में बातचीत की। सोमवार को डीसीपी साइबर थाने में पहुंचे। यहां एसीपी ऑपरेशन राजेंद्र सिंह और एसएचओ विजय कुमार के साथ पूरा स्टाफ मौजूद रहा। डीसीपी ने थाने में पुलिसकर्मियों नए तरीके से हो रही ठगी और साइबर क्राइम को रोकने के बारे में बातचीत की।

### वंदे भारत ट्रेन का अलीगढ़ में होगा ठहराव

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली से अयोध्या जाने वाली रेलगाड़ी संख्या 22425-22426 अयोध्या कैंट-आनन्द विहार टर्मिनल- अयोध्या कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस का अब उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जक्शन पर ठहरावा कराए जाने की योजना चल रही है। रेलवे अधिकारी का कहना है कि अगामी 16 अगस्त को अलीगढ़ जंक्शन स्टेशन पर प्रयोगिक आधार पर निम्नानुसार ठहराव प्रदान करने का निर्णय किया है। बताया कि ट्रेन नंबर-22426 आनन्द विहार टर्मिनल- अयोध्या कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस सुबह 07.30 बजे, जबकि 22425 अयोध्या कैंट- आनन्द विहार टर्मिनल वंदे भारत एक्सप्रेस रात्रि 09.33 बजे अलीगढ़ जंक्शन पर रुकेगी। दोनों दिशाओं मे यह ठहराव दो-दो मिनट के लिए होगा।

### बांग्लादेश: हिन्दुओं की आत्मा की शांति के लिए हवन



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली विधानसभा में मुख्य सचेतक व घोंडा से विधायक अजय महावर ने बांग्लादेश में निर्दोष हिन्दू अल्पसंख्यक की बर्बरता से हुई हत्याओं पर उनकी आत्मा की शांति और प्रताड़ित हिन्दुओं की रक्षा के लिए यमुना विहार स्थित शिव शक्ति मंदिर में शांति-हवन किया। विधायक अजय महावर ने कहा कि मैं बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं की निर्मम और बर्बर हत्याएं हो रही हैं, उनकी दिवंगत आत्मा शांति के लिए और मां-बहनों की इज्जत को जो तार-तार किया जा रहा है, उनकी और मेरे बहन-भाइयों की रक्षा के लिए शांति हवन किया गया है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पूनम चौहान, पार्षद प्रमोद गुप्ता, मोहन गोयल और संजय त्यागी आदि मौजूद रहे।

## बदला लेने के लिए जिम संचालक को चेक बाउंस के मामले में फंसाया, कोर्ट ने किया बरी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने चेक बाउंस के एक मामले में आरोपी जिम संचालक को सात साल बाद सभी आरोपों से बरी कर दिया। आरोपी को बरी करते हुए कोर्ट ने कहा कि शिकायतकर्ता आरोपी के खिलाफ पुख्ता सबूत देने में असफल रहा। दरअसल, इस मामले में शिकायतकर्ता हेमंत सचदेवा ने आरोप लगााए थे कि वह और आरोपी आरोपी ईश्वर सिंह उर्फ मोनू दोस्त थे। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने साल 2016 में उससे आठ लाख रुपए उधार लिया था और एक साल के भीतर पैसे को लौटा देने का वादा किया था। शिकायतकर्ता ने कहा था कि कर्ज लौटाने के लिए आरोपी ने उसे पांच लाख और तीन लाख रुपए के दो चेक जारी किए थे, लेकिन जब उसने चेक को बैंक में लगाया तो दोनों चेक बाउंस हो गए। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि कानून नोटिस देने के बाद भी आरोपी ने उसके पैसे नहीं लौटाए। वहीं आरोपी ईश्वर सिंह उर्फ मोनू की ओर से पेश वकील मनीष भदौरिया ने कहा कि आरोपी ने कभी भी शिकायतकर्ता से कोई पैसा नहीं लिया था। उन्होंने कहा कि साल 2015 में आरोपी की जिम की दराज से उसके 15 चेक चोरी हो गए थे, जिसमें से कुछ चेक पर उसके हस्ताक्षर भी थे। अधिवक्ता मनीष भदौरिया ने कोर्ट को बताया कि आरोपी ने इस मामले में न केवल अपनी बैंक को जानकारी दी थी बल्कि शिकायकर्ता के खिलाफ भी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

**स्वतंत्रता दिवस से पहले दिल्ली पुलिस सुरक्षा को लेकर बरत रही सख्ती**

# दिल्ली की सीमाओं पर यातायात प्रतिबंध लागू

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राजधानी दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर सोमवार रात से यातायात संबंधी पाबंदियां लगाई गई हैं। इसके तहत दिल्ली के सीमावर्ती इलाकों में मार्ग परिवर्तन किया गया है तथा भारी परिवहन वाहनों के शहर में प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। एक परामर्श में यह जानकारी दी गई है। पुलिस परामर्श के अनुसार, 15 अगस्त को होने वाले समारोह के लिए कानून-व्यवस्था और यातायात के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। दिल्ली की सीमाओं पर यातायात मार्ग परिवर्तन प्रभावी रहेगा। परामर्श में कहा गया है कि सोमवार रात 10 बजे से मंगलवार दोपहर 12 बजे तक और इसी तरह बुधवार रात 10 बजे से बृहस्पतिवार दोपहर 12 बजे तक किसी भी भारी वाहन को शहर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रतिबंधों के मद्देनजर आवश्यक सेवा प्रदाताओं से ऑक्सीजन सिलेंडर जैसी आवश्यक वस्तुएं पहले से ही पर्याप्त मात्रा में रखने का आग्रह किया गया है, ताकि उन्हें इस अवधि के दौरान किसी भी कठिनाई का सामना न करना पड़े। परामर्श में कहा गया है कि आम जनता और वाहन चालक धैर्य रखें, यातायात नियमों और सड़क अनुशासन का पालन करें तथा सभी चौराहों पर तैनात यातायात कर्मियों के निर्देशों का पालन करें।



लाल किला पर तैयारियां जोरों पर।

**इन रास्तों से बचकर रहें...** जिन वाहनों पर रिहर्सल के लिए पार्किंग लेबल नहीं है, वे सी-हेक्सागन इंडिया गेट, कॉपरनिक्स मार्ग, मंडी हाउस, सिकंदरा रोड, डब्ल्यू पॉइंट, ए पॉइंट तिलक मार्ग, मथुरा रोड, बीएसजेड मार्ग, नेताजी सुभाष मार्ग, जेएल नेहरु मार्ग, निजामुद्दीन खट्टा और आईएसबीटी कश्मीरी गेट के बीच रिंग रोड और निजामुद्दीन खट्टा और आईएसबीटी कश्मीरी गेट से सलीमगढ़ बाईपास होते हुए बाहरी रिंग रोड से बच सकते हैं।

**इन रास्तों का करें इस्तेमाल...** अरबिंदो मार्ग सफदरजंग रोड कमाल अतातुर्क मार्ग-कौटिल्य मार्ग- एस.पी.एम. मार्ग-11 मूर्ति-मदर टेरेसा क्रिसेंट पार्क स्ट्रीट-मंदिर मार्ग-पंचकुइयां रोड-रानी झांसी रोड और उत्तरी दिल्ली में अपने गंतव्य तक पहुंचें। कनॉट प्लेस मिंटो रोड भवभूति मार्ग अजमेरी गेट श्रद्धानंद मार्ग लाहौरी गेट चौक नया बाजार पीली कोठी एस.पी. मुखर्जी मार्ग से ओडीआरएस तक पहुंचें और उत्तरी दिल्ली में अपने गंतव्य तक पहुंचे।

## दिल्ली के शाहदरा में क्लब के बाहर गोलीबारी

**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): शाहदरा डिस्ट्रिक्ट के जीटीबी एनक्लेव इलाके में एक क्लब के बाहर दो हथियारबंद हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। गनीमत यह रही कि फायरिंग में कोई घायल नहीं हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमलावर शनिवार रात बाइक पर आए और हवा में करीब छह गोलियां चलाईं। अधिकारी ने बताया कि क्लब के मालिक ने किसी प्रकार की जबरन वसूली या धमकी की शिकायत नहीं की है, लेकिन इस गोलीबारी के पीछे ट्रांस-यमुना क्षेत्र में सक्रिय गिरोहों का हाथ होने का संदेह है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि कुछ संदिग्धों की पहचान कर ली गई है और हमारी टीमें इस पर काम कर रही हैं।

**नॉर्थ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट में जब्त किए गए थे एक हजार से अधिक ऑटो**

# मैं शपथ लेता हूं अब ऑटो नियमों का पालन करते हुए चलाऊंगा



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): मैं ऑटो चालक... शपथ लेता हूं कि अब यातायात के नियमों का पूरी तरह पालन करूंगा। महिलाओं व अन्य सवारियों के साथ सम्मान से पेश आउंगा। वर्दी पहनूंगा और ऑटो में म्यूजिक नहीं चलाऊंगा। डीसीपी नॉर्थ ईस्ट ऑफिस में बड़ी संख्या में वर्दी में मौजूद ऑटो चालक को इस तरह शपथ लेते हुए देखकर हर कोई हैरान था। ऑटो चालकों ने एडिशनल डीसीपी सुबोध कुमार गोस्वामी के समक्ष यह शपथ ली। दरअसल सुबोध कुमार गोस्वामी के नेतृत्व में क्षेत्र में ट्रैफिक जाम और अनियंत्रित होती यातायात व्यवस्था को काबू करने के लिए ऑटो चालकों के खिलाफ मुहिम चलाई गई थी। जिसके चलते बिना परमिट के ऑटो चलाने, ज्यादा सवारी बैठाने, तेज म्यूजिक व अधूरे दस्तावेजों के साथ ऑटो चलाने पर लगभग एक हजार से अधिक ऑटो जब्त किए गए थे। सुबोध कुमार गोस्वामी ने बताया कि एक ऑटो चालक के लिए उसकी गाड़ी ही रोजी-रोटी का जरिया होती है। ऐसे में गाड़ी को ज्यादा दिनों के लिए बंद रखना उनकी नजरों में ठीक नहीं है। मगर नियम तोड़ने वाले ऑटो चालकों को सख्ती और प्यार से समझाना भी जरूरी है। इसीलिए उन्होंने ऑटो चालकों को डीसीपी ऑफिस में वर्दी में आने का निर्देश दिया। जब वे डीसीपी ऑफिस पहुंचे तो उन्हें एक लिखित पत्र थमाया गया। जिसमें वर्दी पहनना अनिवार्य, लाइसेंस और परमिट रखना महिलाओं की इज्जत व सवारियों से सम्मान से पेश आना, ऑटो में अधिक सवारी न बैठना, अपनी लेने में ऑटो चलाना, जायज किराया वसूल करना और ऑटो में म्यूजिक न चलाने की शपथ दिलवाई गई।

# राजधानी में डेढ़ माह पहले ही पूरा हुआ बारिश का कोटा



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राजधानी में इस बार मानसून की खूब मेहरबानी देखने को मिल रही है। अभी लगभग डेढ़ महीना बचा हुआ है, लेकिन मानसून में होने वाली बारिश से ज्यादा पानी इस बार बरस चुका है। सोमवार को भी दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। मंगलवाल को भी बारिश होने की उम्मीद है। मौसम विभाग के आंकड़े बताते हैं कि दिल्ली में आमतौर पर जून, जुलाई, अगस्त और सितंबर के महीने में कुल मिलाकर 640.3 मिलीमीटर पानी बरसता है।

अभी अगस्त का पखवाड़ा पूरा भी नहीं हुआ है कि जून, जुलाई और अगस्त के अब तक के दिनों में कुल 645.4 मिलीमीटर पानी बरस चुका है। दिल्ली में 28 जून को मानसून ने धमाकेदार तरीके से शुरूआत की थी। आगमन के पहले ही दिन ज्यादातर इलाकों में भारी बारिश हुई।

हालांकि, जुलाई में सामान्य से तीन फीसदी कम बारिश दर्ज की गई, लेकिन अगस्त में बादलों की मेहरबानी साफ नजर आ रही है। इस महीने के शुरुआती 12 दिनों में से 11 दिन ऐसे रहे हैं, जब हल्की बूंदाबांदी से लेकर भारी बारिश की घटनाएं दर्ज की गईं। कुल मिलाकर अगस्त में अब तक 198.3 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है।

**कार्यालय संयुक्त आयुक्त पुलिसः लाइसेंसिंग यूनिट**
प्रथम तल, पुलिस स्टेशन डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली
फोन नं: 011-26250595, ई-मेल: addlcp.lic-dl@nic.in

**सार्वजानिक सूचना**

जबकि, श्री अविनाश पुरी, निदेशक मैसर्स पुरी बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड, मल्टीप्लेक्स, पीपी सिटी सेंटर, प्लॉट नंबर 3, रोड नंबर 44, पीतमपुरा, दिल्ली ने पीपी सिटी सेंटर, प्लॉट नंबर 3, रोड नंबर 44, पीतमपुरा, दिल्ली में 06 स्क्रीन सिनेमा हॉल/मल्टीप्लेक्स के निर्माण के लिए 'अनंतिम प्रमाणपत्र' प्रदान करने के लिए नीचे हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आवेदन किया है।

जबकि, उपर्युक्त श्री अविनाश पुरी, निदेशक को दिल्ली सिनेमैटोग्राफ नियम, 2008 के नियम 4 के अंतर्गत इस कार्यालय के पत्र संख्या 46/संयुक्त आयुक्त/लाइसेंस (सिनेमा) दिनांक 04.04.2024 के माध्यम से अनंतिम प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है और उप निदेशक (भवन) सी एंड आई, दिल्ली विकास प्राधिकरण, सी-1, प्रथम तल, विकास सदन, आईएनए, नई दिल्ली को भी इस कार्यालय के पत्र के माध्यम से ऊपर उल्लिखित अनुसार सूचित किया गया है।

आम जनता की जानकारी के लिए यह सूचना दी जाती है कि चिन्हित स्थल पर सिनेमा हॉल का निर्माण किया जा रहा है।

आज तारीख 13 माह अगस्त वर्ष 2024 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

संयुक्त आयुक्त पुलिस
लाइसेंसिंग, दिल्ली

# हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बीच अडाणी की कंपनियों के शेयरों में गिरावट

● अडाणी समूह की कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 17 लाख करोड़ रुपये है



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): हिंडनबर्ग की नई रिपोर्ट आने के बीच अडाणी समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों में से 8 कंपनियों के शेयर सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए। इस गिरावट के बीच समूह की कंपनियों का बाजार मूल्यांकन सामूहिक रूप से 22,064 करोड़ रुपये घट गया। समूह की कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 17 लाख करोड़ रुपये है।

अमेरिकी शोध एवं निवेश फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने शनिवार को जारी एक रिपोर्ट में अडाणी समूह के साथ बाजार नियामक सेबी की प्रमुख माधवी पुरी बुच पर भी कई आरोप लगाए हैं। इस रिपोर्ट के असर में शुरुआती कारोबार में समूह की कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। लेकिन कुछ समय बाद काफी हद तक गिरावट कम हो गई। बीएसई पर कारोबार के अंत में अडाणी विल्मर का शेयर 4.14 प्रतिशत, अदाणी टोटल गैस का 3.88 प्रतिशत, अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का 3.70 प्रतिशत, एनडीटीवी का 3.08 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स का 2.02 प्रतिशत, अडाणी एंटरप्राइजेज का 1.09 प्रतिशत, एसीसी का 0.97% और अदाणी पावर का 0.65% गिरा। हालांकि, समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट्स का शेयर 0.55 प्रतिशत और अदाणी ग्रीन एनर्जी का शेयर 0.22 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का शेयर 17 प्रतिशत, अडाणी टोटल गैस का 13.39 प्रतिशत, एनडीटीवी का 11 प्रतिशत और अडाणी पावर का 10.94 प्रतिशत लुढ़क गया था। अदाणी ग्रीन एनर्जी के शेयर में 6.96 प्रतिशत, अडाणी विल्मर में 6.49 प्रतिशत, अडाणी एंटरप्राइजेज में 5.43 प्रतिशत, अदाणी पोर्ट्स में 4.95 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स में 2.53 प्रतिशत और एसीसी में 2.42 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

## शेयर बाजार से राहुल को हुआ 46.50 लाख का मुनाफा



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में शेयर बाजार में तेजी देखने को मिल रही है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार मजबूत होने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी नए रिकॉर्ड बना रहे हैं। इस कारण से आम निवेशकों के साथ-साथ देश के बड़े राजनेताओं को भी जमकर मुनाफा हो रहा है। इसमें विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी शामिल हैं। कैलकुलेशन के मुताबिक, राहुल गांधी को बीते करीब पांच महीने में शेयर बाजार से 46.49 लाख रुपये का मुनाफा हुआ है।

यह मुनाफा उनकी ओर से रायबरेली लोकसभा के लिए भरे गए चुनावी नामांकन में दर्ज शेयरों के आधार पर कैलकुलेट किया गया है, जिसमें बताया गया था कि 15 मार्च, 2024 को उनके पोर्टफोलियो की वैल्यू 4.33 करोड़ रुपये थी। शेयर बाजार में 12 अगस्त, 2024 तक उनके पोर्टफोलियो की कीमत बढ़कर 4.80 करोड़ रुपये हो गई है।

## अर्थजगत

# उड़द दाल छिलका तथा धोया में मंदी का रुख

**नई दिल्ली,** (एनएनएस): स्टॉकिस्टों की भारी लिवाली निकलने से चना खड़ी मोटर राजस्थान तथा एमपी में 150-175 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी आई। इसके समर्थन में चना दाल लोकल तथा बढिय़ा भी 50-50 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाकर बोली गई। दूसरी ओर, लिवाली कमजोर पडऩे से उड़द, उड़द दाल छिलका तथा धोया लोकल में 60-100 रुपए प्रति क्विंटल की मंदी आई।

### कल क्या होगा?



बुधवार श्रावण सुदी नवमी को गेहूं, जौ, जई, ढ़ैचा, बारीक चावल, देशी चना, तुअर, मसूर, जीरा, लौंग, छोटी इलायची, धनिया, अजवायन, कलौंजी, सौफ, बड़ी इलायची, बेलगिरी, काजू, अखरोट, पीतल-जस्ता, कॉपर, निकिल में लाभ तथा राजमा चित्रा, लोबिया, पाम ऑयल, मूंग, मोठ, ग्वार, उड़द, काबुली चना, ग्वारगम, हल्दी, कालीमिर्च, गोंद, पिस्ता, जायफल, सौंठ, दालचीनी, जावित्री, कमरकस, मगज तरबूज, छुआरा, गोला, पोस्तदाना, बारदाना, देशी घी, दूध पाउडर वनस्पति घी, सरसों, सोयाबीन, बिनौला, चीनी, गुड़, सोना, चांदी, सीसा, टिन में हानि की संभावना है। भाग्यांक 3-4-5-7 है। यात्रा विचार- दक्षिण दिशा की ओर 12.36 बजे अपराहन के बाद यात्रा शुभ होगी।

**अनाज-दाल :** (भाव प्रति क्विं.) गेहूं: एमपी देशी 3600/ 3800, दड़ा (मिल पहुंच) 2785/ 2790, चक्की (पहुंच) 2793/ 2795, आटा चक्की (10 किलो) (जीएसटी सहित) 300/310, रोलर फ्लोर मिल आटा (50 किलो) 1480/1490, मैदा (50 किलो) 1570/1590, सूजी (50 किलो) 1620/1640, चोकर (48 किलो) 1050/1060, चावल: बासमती लालकिला 14400, स्वाद 10000, शरबती सेला 4400/ 4500, स्टीम 4900/5000, (1121 नं.) चावल सेला 7500/7600, स्टीम 8500/8600, सोर्टेक्स 8700/ 8800, (1509 नं.) चावल सेला 6000/6100, स्टीम 7100/ 7200, बासमती (1718) सेला 7000/ 7100, ताज 4600/4700, परमल कच्चा 3100/3200, ब्रोकन (25 प्रश.) 3000/3050, वंड 3500/ 3600, पीआर-(11) सेला 4400/ 4500, आईआर (8)3200/3250, बाजरा: कैटलफीड 2300/2325, ज्वार: पीली 2425/2525, सफेद 3500/3550, मक्की: यूपी 2475/2500, बिहार 2575/2625, जौ : 2175/2200, उड़द कच्चा: देशी 8650/9050, रंगून एफएक्यू 8900/8925, एसक्यू 9375/9400, दाल उड़द: छिलका (लोकल) 9300/10300, बढिय़ा 10600/ 11400, धोया लोकल 9200/ 10400,

**तिलहन:** सरसों 5900/5950, खली एक्सपेलर: सरसों 2600/ 2800, बिनौला 3500/3750, डिऑयल्ड एक्सटेरक्शन (टन): राइसब्रान कंटीन्यूस 15600/ 15700, सरसों 23500/23700, सोयाबीन पीला 38000/38500, सूरजमुखी 24000/24200, मूंगफली (40-45 प्रश.) 32500/ 34000, राईसब्रान (प्रति यूनिट) 142/143, खाद्य तेल (जीएसटी अतिरिक्त): मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड (टीन) 2700/2800, सरसों तेल (टीन) 1800/2000, सरसों एक्सपेलर 11650, तिल तेल 16300, सोयाबीन रिफाइंड मिल डिलीवरी 10250, सोया तेल डिगम्ड 9350, (टीन) 1575/1650, सनफ्लावर 1650/1700, बिनौला मिल डिलीवरी 9200, चावल तेल पंजाब 8620, गोला तेल (टीन) 2600/2700, अखाद्य तेल: राइस फैट्टी 7850/7900, सोया एसिड ऑयल 6700/6750, अरंडी 12800/12900

**सर्राफा :** (जीएसटी सहित) चांदी (किलो): हाजिर (999) 84500, वायदा (सितम्बर) 81500, सिक्का (प्रत्येक): 1150/1160, सोना (10 ग्राम): किलोबार (999.5 टंच) 72200, बिस्कुट 72525, स्टैन्डर्ड (999.9 टंच) 72550, आभूषण (22 कैरेट/खर्च रहित) 66550, गिन्नी (प्रत्येक) 54000

**लोहा व इस्पात :** (प्रति टन)जीएसटी पेड सरिया: कामधेनु: (8 एमएम) 65300, (10 एमएम) 64100, (12 एमएम) 61700, (16-25 एमएम) 63000, कामधेनु पीएएस-10000 (पीस): (8 एमएम) 371, (10) 568, (12) 802, (16) 1427, ( 20 एमएम) 2230, (25 एमएम ) 3482, अम्बा शक्ति -500 एसडी: (8 एमएम) 65100, (10 एमएम)63300, (12 एमएम) 62400, (16-25 एमएम) 62400, (32 एमएम) 62200, अम्बा शक्ति-ट्राईकोर (8 एमएम) 64900, (10) 62800, (12) 62300, (16-25) 62000, (32) 62600, केवीएस टीएमटी बार (8 एमएम) 65200, (10) 63400, (12) 62400, (16-25) 62300, (28-32) 62300, बिरला (8 एमएम) 64700, (10 एमएम) 61600, (12 एमएम) 62200, (16-25 एमएम) 60900, टीएमटी: जयभारत: (8 एमएम) 64700, (10 एमएम) 63500, (12 एमएम) 62100, (16-25 एमएम) 61900, अनमोल-500 एसडी: (8 एमएम) 64100, (10 एमएम) 63500, (12 एमएम) 62200, (16-25 एमएम)62400, एंगल: राना (जीएसटी अतिरिक्त) (50&5) 49000, केवीएस-एमएस (35&5) 50500, (40&5/6) 50100, (50&5) 50600, (50&6) 51100, (65&5/6) 55000, जयभारत: (50&5 से 75&10) 49500, अनमोल: 49500, बिरला 50800, चैनल: राना (जीएसटी अतिरिक्त) 50500, एमएस (केवीएस) (75&40) (100&50) 51700, जयभारत 50000, अनमोल 50000, बिरला 51700, गार्डर (ज्वाइस्ट): जयभारत 50500, अनमोल 50500, टी-आयरन: राना 51000, (बिलट): (ढाई से तीन इंच) 40900, (साढ़े तीन इंच) 41900, (चार इंच) 42300, (पांच इंच) 42200, (छ: इंच) 42200, स्क्रैप: पुरानी 33000, मैल्टिंग स्क्रैप 34000, इंगट 41000, राउंड 47000

**अलौह धातु :** ((किलो/जीएसटी अतिरिक्त): एंटीमनी: चीन &, कैडमियम: रॉड &, मैक्सिको &, प्लेट &, लैड (सीसा): बैट्री सफेद 107.50, बैट्री काला 99.50, देशी मुलायम 185/204, देशी सख्त (एक-डेढ़ प्रतिशत) 185/204, चार प्रतिशत 189/208, पी.पी.&, गन मैटल स्क्रैप: लोकल &, मिक्स &, जालंधर &, स्टील बर्तन &, ब्रास (पीतल): हनी 548, रेडिएटर देशी 387, रेडिएटर विदेशी 388, चादरी देशी 537, पुर्जे स्क्रैप 522, टिन (रांग): इंगट मलेशिया &, इंडोनेशिया 2675, जिंक (जस्ता): इंगट (पटरा) एचजेडएल 266, एजेड 270, आईजेड 267, आईजे 269,पीएमआई 220, ड्रास (ढीमा) 204, निकिल कैथोड: रसियन-(4&4) 1320, (8&8) 1325, (4&24) 1330, नार्वे (4&4) 1350, (4&24) 1355, कॉपर (तांबा): आरमेचर प्लांट 725, भट्ठी 723, सीसी 780, एल्यूमीनियम: सीजी इंगट 218, शीट कटिंग 205, वायर स्क्रैप 209, बर्तनफूट 180, पुर्जाफूट 174, रॉड: लोकल 225, कम्पनी 232.

# जून में औद्योगिक उत्पादन 4.2 प्रतिशत बढ़ा

## पांच माह का निचला स्तर

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): देश का औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) जून, 2024 में विनिर्माण क्षेत्र के खराब प्रदर्शन की वजह से पांच माह के निचले स्तर 4.2 प्रतिशत पर आ गया। हालांकि, बिजली और खनन क्षेत्र का अच्छा प्रदर्शन जारी है। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, औद्योगिक गतिविधियों को मापने वाला औद्योगिक उत्पादन सूचकांक इस साल जून में 4.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह चार प्रतिशत रहा था। हालांकि, मासिक आधार पर आईआईपी का प्रदर्शन पिछले पांच महीनों में सबसे कम रहा है। इस साल मई में यह 6.2 प्रतिशत, अप्रैल में पांच प्रतिशत, मार्च में 5.5 प्रतिशत और फरवरी में 5.6 प्रतिशत बढ़ा था। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून अवधि में आईआईपी वृद्धि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 4.7 प्रतिशत के मुकाबले 5.2 प्रतिशत रही। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने बयान में कहा कि खनन उत्पादन की वृद्धि जून में बढ़कर 10.3 प्रतिशत हो गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में इसमें 7.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। हालांकि, औद्योगिक उत्पादन में अहम स्थान रखने वाले विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर जून में घटकर 2.6 प्रतिशत रह गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में इसमें 3.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

आलोच्य महीने में बिजली उत्पादन में 8.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले साल इसी महीने में इस क्षेत्र की वृद्धि 4.2 प्रतिशत रही थी। उपयोग-आधारित वर्गीकरण के मुताबिक, पूंजीगत उत्पाद खंड की वृद्धि जून, 2024 में घटकर 2.4 प्रतिशत रह गई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में इसमें 2.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।



हैदराबाद में तेलंगाना एनजेपी महिला मोर्चा ने स्कूटर रैली निकाल कर 'हर घर तिरंगा'' अभियान का संदेश जनमानस तक पहुंचाया। (छाया : प्रै.ट्र.)

# पीएम-सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के दिशा-निर्देश जारी

● इस योजना के लिए 800 करोड़ का आवंटन किया है, जिसमें चुने हुए प्रत्येक मॉडल सौर गांव को एक करोड़ मिलेगा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): सरकार ने सोमवार को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 'मॉडल सौर गांव' के क्रियान्वयन के लिए परिचालन दिशानिर्देश जारी किए। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने बयान में कहा कि योजना के घटक के रूप में पूरे भारत में हर जिले में मॉडल सौर गांव बनाने पर जोर दिया गया है। इसका मकसद सौर ऊर्जा की स्वीकार्यता को बढ़ावा देना और ग्रामीण समुदायों को ऊर्जा जरूरतों में आत्मनिर्भर बनाना है। मंत्रालय ने कहा कि इसके लिए 800 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। इसमें चुने गये प्रत्येक मॉडल सौर गांव को एक करोड़ रुपये दिए जाएंगे। एमएनआरई ने मॉडल सौर गांव के क्रियान्वयन के लिए योजना दिशानिर्देश नौ अगस्त, 2024 को अधिसूचित किये थे। गांवों का चयन एक प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के जरिये होगा।

इसमें जिला-स्तरीय समिति गांव का चयन करेगी। उसके छह महीने बाद स्थापित समग्र वितरित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के आधार पर गांवों का मूल्यांकन किया जाएगा। प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के तहत विचार करने के लिए एक गांव का राजस्व गांव होना चाहिए। इसकी आबादी 5,000 (या विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए 2,000) से अधिक हो।

# तीन महीने के भीतर निकाली जा सकेगी एनबीएफसी में जमा पूरी राशि



**मुंबई,** (भाषा): भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) जमा स्वीकार करने के पहले तीन महीनों के भीतर इस राशि का 100 प्रतिशत भुगतान करेंगी। इसके लिए हालांकि यह शर्त है कि निकासी के लिए जमाकर्ता को किसी आपात स्थिति का हवाला देना होगा।

केंद्रीय बैंक ने एनबीएफसी को नियंत्रित करने वाले नियमों की समीक्षा में कहा कि इस तरह की समय से पहले निकासी के लिए कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। ये बदलाव एक जनवरी, 2025 से लागू होंगे।

रिजर्व बैंक ने कहा कि बीमा नियामक इरडा ने गंभीर बीमारी की जो परिभाषा निर्धारित की है, उसके आधार पर यह तय किया जाएगा कि कोई अनुरोध इस तरह की छूट की श्रेणी में आता है या नहीं।

## अगर केंद्र सरकार आरक्षण की सीमा हटाने की पहल करेगी तो विपक्ष सहयोग करेगा : पवार



**पुणे,** 12 अगस्त (भाषा) महाराष्ट्र में मराठा-ओबीसी आरक्षण विवाद के बीच, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के नेता शरद पवार ने सोमवार को कहा कि अगर केंद्र सरकार आरक्षण पर उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा को हटाने के लिए नीति लाती है तो विपक्ष सहयोग करेगा।

राज्य स्तर पर, पवार ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से आरक्षण विवाद पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने की अपील की।

पवार ने सामूहिक विचार-विमर्श का आह्वान ऐसे समय किया है जब एक दिन पहले ही उन्हें मराठा प्रदर्शनकारियों के गुस्से का सामना करना पड़ा था। प्रदर्शनकारियों ने सोलापुर जिले में उनकी एसयूवी गाड़ी रोक ली थी और उनसे आरक्षण के मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा था।

# यूपी का पहला ISO सर्टिफाइड कमिशनरेट बना गौतमबुद्ध नगर



**नोएड,** (पंजाब केसरी): गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिशनरेट उत्तर प्रदेश का पहला ISO (Quality Management Systems) सर्टिफाइड कमिशनरेट बन गया गया। पुलिस सर्विसेज, पुलिस चार्टर और सिटीजन चार्टर सहित जनता की शिकायतों के निस्तारण के लिए एसओपी लागू कराया गया है। पुलिस सेवाओं के अंतर्राष्ट्रीय मानकों का पाए जाने पर मिला आइएसओ पुलिस कमिशनरेट गौतमबुद्धनगर को आधारभूत संरचना, गुणवत्तापूर्ण प्रबंधन, कार्यालय प्रकिया, जनमानस व पुलिस सेवाओं के अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पाये जाने पर ISO 9001:2015 प्रदान किया गया।

कमिश्नरेट मुख्यालय सूरजपुर तथा कार्यालय सेक्टर-108 स्थित शाखाओं के मानकीकरण के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इसी क्रम में सभी शाखाओं के लिए (मानक संचालन प्रक्रिया) तैयार कराने के साथ-साथ कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रभावी पुलिस प्रशासनिक व्यवस्था, महिलाओं एवं आम नागरिको को त्वरित एवं प्रभावी न्याय दिलाये जाने और सिटीजन चार्टर व पुलिस चार्टर के प्रभावी क्रियान्वयन कराए जाने के लिए सुव्यवस्थित एवं योजनाबद्ध ढंग से ठोस व सार्थक प्रयास शुरू कराए गए।

## त्रिपुरा में बांग्लादेशियों की घुसपैठ की कोशिश नाकाम

**अगरतला,** (भाषा): त्रिपुरा के खोवाई जिले के अग्रिम इलाके में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने सोमवार को बांग्लादेशी नागरिकों के एक समूह द्वारा घुसपैठ की एक 'बड़ी' कोशिश को नाकाम कर दिया। एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि घुसपैठ को रोकने के लिए जवानों ने एक गोली भी चलाई।

**कार्यालय संयुक्त आयुक्त पुलिसः लाइसेंसिंग यूनिट**
प्रथम तल, पुलिस स्टेशन डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली
फोन नः 011-26250595, ई-मेलः addlcp.lic-dl@nic.in

**सार्वजानिक सूचना**

जबकि, श्री हर्ष वर्धन बंसल, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता, मैसर्स पार्श्वनाथ डेवलपर्स लिमिटेड, 6वीं मंजिल, अरुणाचल बिल्डिंग, 19, बाराखंभा रोड, नई दिल्ली ने नेताजी सुभाष प्लेस, मेट्रो स्टेशन, वजीरपुर डिस्ट्रिक्ट सेंटर के सामने, पीतमपुरा, नई दिल्ली में 06 स्क्रीन सिनेमा हॉल/मल्टीप्लेक्स के निर्माण के लिए 'अनंतिम प्रमाणपत्र' प्रदान करने के लिए नीचे हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आवेदन किया है।

जबकि, उपर्युक्त श्री हर्ष वर्धन बंसल, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता, को दिल्ली सिनेमैटोग्राफ नियम, 2008 के नियम 4 के अंतर्गत इस कार्यालय के पत्र संख्या 934/संयुक्त आयुक्त/लाइसेंस (सिनेमा) दिनांक 30.10.2023 के माध्यम से अनंतिम प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है और उप निदेशक (भवन) सी एंड आई, दिल्ली विकास प्राधिकरण, सी–1, प्रथम तल, विकास सदन, आईएनए, नई दिल्ली को भी इस कार्यालय के पत्र के माध्यम से ऊपर उल्लिखित अनुसार सूचित किया गया है।

आम जनता की जानकारी के लिए यह सूचना दी जाती है कि चिन्हित स्थल पर सिनेमा हॉल का निर्माण किया जा रहा है।

आज तारीख **13** माह **अगस्त** वर्ष 2024 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

संयुक्त आयुक्त पुलिस
लाइसेंसिंग, दिल्ली

## वीवो ग्रुप ने 'द आईकू क्वेस्ट' रिपोर्ट 2024 जारी की

**मुंबई,** (पंजाब केसरी): वीवो ग्रुप के सब-स्मार्टफोन ब्रांड आईकू ने साइबर मीडिया रिसर्च के साथ अपनी पहली द आईकू क्वेस्ट रिपोर्ट 2024 जारी की की है, जो जेन जी के सपनों, करियर और आकांक्षाओं के ट्रेट्स और ट्रेंड्स पर आधारित है। रिपोर्ट पर टिप्पणी करते हुए, आईकू इंडिया के सीईओ निपुण मार्या ने कहा, "आईकू में क्वेस्ट की स्पिरिट है, जो हर कम्युनिकेशन में जेन जी के साथ । सीमाओं को आगे बढ़ाने और अधिक प्रयास करने के लिए समर्पित ब्रांड के रूप में, आईकू इन मूल्यों को अपने जेन जी दर्शकों तक पहुंचाता है।

## एक्सिटा कॉटन ने बोनस इश्यू की घोषणा की

**अहमदाबाद,** (पंजाब केसरी): भारत में अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता वाली कपास की गांठें, कपास के बीज और सूती धागे के निर्यातकों में अग्रणी निर्माताओं में से एक एक्सिटा कॉटन लिमिटेड ने 1:3 के अनुपात में बोनस इक्विटी शेयर जारी करने की घोषणा की है। वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के दौरान कंपनी के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, एक्सिटा कॉटन लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक नितिनभाई पटेल ने बताया कि चुनौतीपूर्ण उद्योग परिदृश्य और वैश्विक सुस्ती के बावजूद हमें मजबूत तिमाही नतीजों की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। केंद्र सरकार नए बाजारों तक पहुंच बनाने की दिशा में हर संभव प्रयास कर रही है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कृष्ण कुमार, पुत्रः शिव चरण, पताः हरसिंहपुर, जिला. हापुड, उ0 प्रदेश FIR No. 00841/2019, U/s: 411, IPC, ने पुलिस थाना कोतवाली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **कृष्ण कुमार,** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **कृष्ण कुमार,** फरार हो गया है(या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 00841/2019, U/s: 411 IPC, पुलिस थाना कोतवाली** के अभियुक्त **कृष्ण कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.09.2024** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री सायशा चड्ढा,
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–08,
कमरा नंबर 272, मध्य जिला,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/10543/N/2024

**गुमशुदा/अपहृत की तलाश**



राखी

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका **नामः** राखी, **पुत्रीः** श्री राकेश, **पताः** मकान नं. डी–41, विजय विहार, फेस–2, रोहिणी, दिल्ली, **लिंगः** महिला, **उम्रः** 16 साल, **कदः** 5'4'', **रंगः** गोरा, **चेहराः** गोल, **पहनावाः** गहरे भूरे रंग का सूट व सलवार तथा पैरों में चप्पल पहने है, जो दिनांक 15.07.2024 से विजय विहार थाना क्षेत्र, दिल्ली से लापता/अपहृत है। इस बाबत **FIR No. 0262/2024 U/s 137(2) BNS, दिनांकः 18.07.2024, थानाः विजय विहार, दिल्ली** में दर्ज है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता/अपहृत लड़की के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता/अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

फोनः 011-24368638, 24368641
वेबसाईटः http://cbi.nic.in
ई–मेलः cic@cbi.gov.in
फैक्सः 011-24368639
DP/10627/RD/2024

थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशनः विजय विहार, दिल्ली
फोनः 011-27521294, 011-27521295

**गुमशुदा/अपहृत की तलाश**



नैंसी

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका **नामः** नैंसी, **पुत्रीः** श्री घनीराम, **पताः** ग्राम – मचारी, जिला– हमीरपुर, उ. प्र., **वर्तमान पताः** बेबी का मकान, गली नं. 3, पॉकेट– 14, सेक्टर – ए5, नरेला, दिल्ली, **लिंगः** महिला, **उम्रः** 15 साल, **कदः** 4'7", **रंगः** गोरा, **शरीरः** मीडियम, **चेहराः** लम्बा, **पहचान चिन्हः** निचले होंठ के नीचे तिल का निशान, **पहनावाः** मैरून रंग का सूट व सलवार और पैरों में चप्पल पहने है, जो दिनांक 05.08.2024 से नरेला थाना क्षेत्र, दिल्ली से लापता/अपहृत है। इस बाबत **FIR No. 504/24, U/s 137(2) BNS, दिनांकः 05.08.2024, थानाः नरेला, दिल्ली** में दर्ज है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता/अपहृत लड़की के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता/अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

फोनः 011-24368638, 24368641
वेबसाईटः http://cbi.nic.in
ई–मेलः cic@cbi.gov.in
फैक्सः 011-24368639
DP/10700/ON/2024

थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशनः नरेला, दिल्ली
फोनः 011-27282350, 7065036323

**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक आदमी (फोटो में दर्शाया गया) जिसका नामः **राम नवल यादव,** परिवार व पताः **नामालूम, उम्रः लगभग 45 वर्ष,** जो **दिनांक 16.06.2024 को शाम 5:00 बजे ऐम्स अस्पताल के सामने, रेस्ट रूम के पास, इमरजेन्सी नं. 1, नई दिल्ली में** मृत अवस्था में पाया गया। इस संदर्भ में एक डीडी नं. **57ए दिनांक 16.06.2024 थाना हौज खास, नई दिल्ली** में दर्ज है। मृत शरीर को पहचान हेतु 72 घंटे के लिए ऐम्स अस्पाताल की मोर्चरी में संरक्षित रखा गया है।

जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:–

**लिंगः** पुरुष, **आयुः** लगभग 45 वर्ष, **कदः** 5' 7" फीट, **रंगः** गेंहुआ, **चेहराः** गोल, **शरीरः** सामान्य, **पहनावाः** गुलाबी रंग की टी–शर्ट और नीले रंग की शॉर्ट पैन्ट पहने हुए था।

मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग रखने वाला कोई भी व्यक्ति निम्नलिखित पते या टेलीफोन नंबर पर सूचित करें:–

वेबसाइटः http://cbi.nic.in
ई–मेलः cic@cbi.gov.in
टेली. नः 011-24368638/24368641
फैक्स नः 011-24368639

थाना प्रभारी
थानाः हौज खास, नई दिल्ली
फोनः 011–26867878, 26510077
मोबाइलः 8750870821
DP/10634/SD/2024

**पहचान के लिए अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरूष जिसका **नामः अज्ञात, पुत्रः** अज्ञात, **पताः** अज्ञात, जो कि दिनांकः 11.08.2024, को भजनपुरा की ओर जाने वाले रास्ते, वजीराबाद फ्लाईओवर के नीचे, मजनू का टीला, तिमारपुर, दिल्ली, में बेहोशी की हालत में मिला था। जिसे दिल्ली के ट्रॉमा सेंटर अस्पताल सिविल लाइन्स, में भर्ती कराया गया, जहाँ इलाज के दौरान डॉक्टर ने उसे दिनांक 11.08.2024, 2.04 बजे को मृत घोषित कर दिया। इस सन्दर्भ में **एफआईआर नं0: 463/24, दिनांक 11.08.2024, पुलिस थाना तिमारपुर, उत्तर जिला, दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे मृत पुरूष की पहचान दी गई है:

**लिंगः** पुरूष, **उम्रः** 35 वर्ष, **रंगः** साफ, **कदः** 5'6'', **चोट के निशानः** सिर पर चोट, **पहचान चिह्नः** गर्दन पर बायीं ओर तिल, **पहनावाः स्लेटी** टी–शर्ट व भूरी पैंट पहना हुआ था।

अगर किसी को इस मृत पुरूष के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

थाना अध्यक्ष
पुलिस थाना तिमारपुर, उत्तर जिला, दिल्ली
फोनः 9311896686
DP/10688/N/2024

थाना न्यू कॉलोनी    जिला गुरुग्राम

**इश्तेहार नामपता नामालूम व्यक्ति**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 08.08.2024 को नामपता नामालूम व्यक्ति आयु करीब 35 वर्ष है जो न्यू कॉलोनी सैक्टर 07 गुरुग्राम में लावारिस हालात में मिला। जिसको इलाज के लिए GH SEC 10 GGM में दाखिल कराया गया। इलाज के दौरान जिसकी मृत्यु हो गई थी। किसी को उपरोक्त व्यक्ति बारे में कोई जानकारी प्राप्त होती है तो थाना न्यू कॉलोनी व कन्ट्रोल रूम गुड़गांव को सूचित करें व किसी थाना से उपरोक्त व्यक्ति गुमशुदा है तो उपरोक्त व्यक्ति की सूचना थाना न्यू कॉलोनी व कंट्रोल गुरुग्राम को सूचित करें। मृतक नामपता नामालूम का हुलिया इस प्रकार से है:- रंग सांवला, गोल चेहरा हष्ट-पुष्ट शरीर है, कद करीब 5'8'', उम्र 35 वर्ष है।

हस्ता./-थाना न्यू कॉलोनी गुरुग्राम
0124-2302270,मोबाइल नं. 8307158055
PRDH R.O.No.1084/11/2616/2025/28848/142/7 Dt. 12.08.2024

# ईरान के हमले का डर, अमेरिका ने भेजा जंगी बेड़ा



**वॉशिंगटन: एजेंसियां :** अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने पश्चिम एशिया में निर्देशित मिसाइल पनडुब्बी भेजे जाने का आदेश दिया है। इसके साथ ही 'यूएसएस अब्राहम लिंकन' विमानवाहक पोत 'स्ट्राइक ग्रुप' को और तेजी से इलाके की तरफ बढ़ने का निर्देश दिया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। ऑस्टिन ने ये आदेश ऐसे समय में जारी किए हैं, जब अमेरिका और उसके सहयोगी तेहरान में हमास नेता इस्माइल हनिया और बेरूत में प्रमुख हिजबुल्ला कमांडर फौद शुकर की हत्या के बाद क्षेत्र में बढ़ते तनाव को कम करने के लिए इजराइल और हमास के बीच संघर्ष-विराम समझौता कराने की कोशिशों में जुटे हैं। अधिकारियों को इन हत्याओं के बाद ईरान और हिजबुल्ला द्वारा जवाबी हमले किए जाने की आशंका है। यही कारण है कि अमेरिका पश्चिम एशिया क्षेत्र में अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ा रहा है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय 'पेंटागन' के प्रेस सचिव मेजर जनरल पैट राइडर ने एक बयान में बताया कि ऑस्टिन ने इजराइल के रक्षा मंत्री योआव गैलेंट से बात की और इजराइल की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाने की अमेरिका की प्रतिबद्धता को दोहराया। राइडर के अनुसार, गैलेंट से बातचीत में ऑस्टिन ने बढ़ते क्षेत्रीय तनाव के मद्देनजर पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य बलों की उपस्थिति और क्षमताओं को मजबूत करने का उल्लेख किया। एशिया प्रशांत क्षेत्र में मौजूद 'यूएसएस अब्राहम लिंकन' को इस क्षेत्र में 'यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट' विमानवाहक 'स्ट्राइक ग्रुप' की जगह लेने का पहले ही आदेश दिया जा चुका है

## अमेरिकी बेड़े पर एफ-35 लड़ाकू विमान तैनात

रविवार को यह स्पष्ट नहीं किया गया कि ऑस्टिन के ताजा आदेश का क्या तात्पर्य है या 'यूएसएस अब्राहम लिंकन' कितनी जल्दी पश्चिम एशिया की ओर बढ़ेगा। इस विमान वाहक पोत पर एफ-35 लड़ाकू विमानों के अलावा एफ/ए-18 लड़ाकू विमान तैनात हैं। राइडर ने यह भी नहीं बताया कि 'यूएसएस जॉर्जिया गाइडेड मिसाइल पनडुब्बी' कितनी जल्दी इस क्षेत्र में पहुंच जाएगी। उन्होंने कहा कि ऑस्टिन और गैलेंट ने गाजा में इजराइल के सैन्य अभियानों और आम नागरिकों को होने वाले नुकसान को कम करने के महत्व पर भी चर्चा की। इससे एक दिन पहले फलस्तीन के स्वास्थ्य प्राधिकारियों ने बताया था कि गाजा सिटी में शरणार्थी शिविर में तब्दील एक स्कूल पर शनिवार तड़के हुए इजराइल के हवाई हमले में कम से कम 80 लोगों की मौत हो गई और करीब 50 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा कि इजराइल और हमास के बीच 10 महीने से जारी युद्ध में यह हमला अब तक के सबसे भीषण हमलों में से एक है।

# राजदूत का पदभार संभालने के लिए वाशिंगटन पहुंचे क्वात्रा

**वाशिंगटन,** (पंजाब केसरी): अमेरिका में भारत के राजदूत नियुक्त किये गए विनय मोहन क्वात्रा सोमवार को अमेरिका की राजधानी पहुंचे। क्वात्रा (61) हाल तक भारत के विदेश सचिव थे।

वह तरनजीत सिंह संधू का स्थान लेंगे, जो इस साल की शुरुआत में विदेश सेवा से सेवानिवृत्त हुए और 2020 से 2024 तक अमेरिका में भारत के शीर्ष राजनयिक के रूप में कार्य किया। उप राजदूत श्रीप्रिया रंगनाथन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका में भारत के नए राजदूत के रूप में राजदूत विनय मोहन क्वात्रा का स्वागत करते हुए बहुत खुशी हो रही है। हम सभी (भारतीय दूतावास में) उनके नेतृत्व में काम करने के लिए उत्साहित हैं। 'ग्रेटर वाशिंगटन डीसी' क्षेत्र से प्रतिष्ठित भारतीय अमेरिकियों का एक समूह नए भारतीय राजदूत का स्वागत करने के लिए डलास अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एकत्र हुआ था।

वे हालांकि उनसे मुलाकात नहीं कर सके। क्वात्रा पहले यहां भारतीय दूतावास में कार्य कर चुके हैं। वह जल्द ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को अपना परिचय पत्र प्रस्तुत करेंगे। वह फ्रांस और नेपाल में भारत के राजदूत भी रहे, जिसके बाद उन्हें विदेश सचिव नियुक्त किया गया। वह 14 जुलाई को विदेश सेवा से सेवानिवृत्त हुए।

# कोनराड संगमा ने अमित शाह को दी सीमा स्थिति की जानकारी



- शाह को अवैध आव्रजन के मामलों को रोकने के लिए सीमा पर लगाए गए रात्रि कर्फ्यू के बारे में भी जानकारी दी गई

**शिलांग,** (पंजाब केसरी) : मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और उन्हें राज्य में भारत-बांग्लादेश सीमा की स्थिति के बारे में जानकारी दी। शाह को अवैध आव्रजन के मामलों को रोकने के लिए सीमा पर लगाए गए रात्रि कर्फ्यू के बारे में भी जानकारी दी गई।

दिल्ली में बैठक के दौरान संगमा के साथ उपमुख्यमंत्री प्रेस्टोन तिनसॉन्ग भी थे। संगमा ने कहा, "आज हमने बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों की समग्र स्थिति की समीक्षा करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री के साथ बैठक की।" मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने शाह को बताया कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) सेना के साथ मिलकर सीमा पर कड़ी निगरानी रख रहा है। उन्होंने कहा, "मेघालय पुलिस भी हाई अलर्ट पर है और हमने उन्हें सूचित किया है कि सीमा क्षेत्र में समग्र सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए रात्रि कर्फ्यू लगा दिया गया है।" संगमा ने कहा कि शाह ने उन्हें आश्वासन दिया है कि केंद्र अवैध आव्रजन की अनुमति नहीं देगा और सीमा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाए जा रहे हैं।


# जेआर मीडिया इंस्टीट्यूट में 10+2 पास ले सकते हैं बीबीए, बीसीए बीजेएमसी में एडमिशन

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : यदि आपने 10+2 अथवा ग्रेजुएशन कर रखी हैं और भविष्य में आप कुछ अच्छे कोर्स तलाश कर रहे हैं तो जेआर मीडिया इंस्टीट्यूट है। अगर आप टीवी के या किसी मीडिया में रिपोर्टर बनना चाहते हैं या फिर किसी चैनल के लिए **एंकरिंग** और **रिपोर्टिंग** करना चाहते हैं तो जेआर मीडिया इंस्टीट्यूट इसका जवाब है। इसके अलावा भी अगर आप **फोटो जर्नलिज्म, ग्राफिक डिजाइनिंग, वीडियो एडिटिंग या पेज मेकिंग** में डिप्लोमा अथवा सर्टिफिकेट कोर्स करना चाहते हैं तो जवाब है जेआर मीडिया इंस्टीट्यूट। अब अगर आप अपने करियर को संवारने के लिए **बीबीए, बीसीए, बीजेएमसी** या फिर **पोस्ट ग्रेजुएशन में मास कॉम** की डिग्री चाहते हैं तो जेआर मीडिया इंस्टीट्यूट आपकी नजरों में है। एडमिशन का काम फाइनल हो रहा है। अब स्टूडेंट्स जिस स्ट्रीम में एडमिशन चाहते हैं वो नीचे दिए गए नम्बरों पर फोन कर के पूरी जानकारी ले सकते हैं। जेआर मीडिया इंस्टीट्यूट की टीम उनका स्वागत करने को तैयार है।

जेआर मीडिया इंस्टीट्यूट क्या है, यह हर कोई जानता है कि पंजाब केसरी की फ्लैगशिप में जेआर मीडिया इंस्टीट्यूट एक ऐसा एजुकेशन संस्थान है जहां आप अपनी एडमिशन पत्रकारिता के क्षेत्र में कुछ बनने के लिए रिजर्व कर सकते हैं। हम जो कह रहे हैं उसका पता लगाने के लिए, पूरी जानकारी लेने के लिए संपर्क करें। देश जानता है कि जेआर मीडिया इंस्टीट्यूट राजधानी दिल्ली में **पंजाब केसरी रिंग रोड स्थित वजीरपुर में NSP मेट्रो स्टेशन** के नजदीक है और अगर पर्सनली विजिट करना हो तो स्टूडेंट्स खुद आकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। लेकिन समय रहेगा, सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक। आपको खुद आना है या फोन पर सम्पर्क करना है- दोनों ऑप्शन आपके पास हैं।

9958887722/9818373138

J.R. MEDIA INSTITUTE
(Under the Aegis of Jagar Romesh Chander Educational Society)
University Approved Courses

Punjab Kesari, Delhi
Romesh Bhawan 2, Printing Press Complex,
Romesh Near Wazirpur D.T.C Depot, Ring Road, Delhi 110035


# नायब सरकार ने दिया बेरोजगारी भत्ता बढ़ोतरी का तोहफा



## 500 रुपए में सिलेंडर के लिए पोर्टल लॉन्च

हरियाणा के 50 लाख बीपीएल परिवारों को 500 रुपए में घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री ने आज हर घर-हर गृहिणी पोर्टल लॉन्च किया है। इस पोर्टल के माध्यम से 500 रुपए से अधिक की जो भी राशि होगी उसे सरकार प्रत्येक महीने लाभार्थी के खाते में डीबीटी के माध्यम से वापस करेगी।

**चंडीगढ़,** (पंजाब केसरी) : हरियाणा में विधानसभा चुनाव से पहले नायब सिंह सरकार ने युवाओं को तोहफा दिया है। सीएम सैनी ने सक्षम युवा योजना के तहत मिलने वाले बेरोजगारी भत्ते को अलग-अलग वर्गों में 1200 रुपए से लेकर 3500 रुपए तक बढ़ाने का ऐलान किया।

इसके साथ उन्होंने घरेलू गैस सिलेंडर 500 में देने के लिए पोर्टल लॉन्च किया। सीएम सैनी सोमवार को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर पंचकूला में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे थे। इस दौरान सीएम ने 1 अगस्त 2024 से बेरोजगारी भत्ता बढ़ाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 12वीं पास बेरोजगारों का बेरोजगारी भत्ता 900 रुपए से बढ़ाकर 1200 रुपए कर दिया गया है। वहीं ग्रेजुएट (स्नातक) बेरोजगारी भत्ता 1500 रुपए से बढ़ाकर 2000 रुपए किया गया है। इसके अलावा पोस्ट ग्रेजुएट (स्नातकोत्तर) बेरोजगारी भत्ता 3000 से बढ़ा कर 3500 रुपए किया गया है। इससे 2 लाख 61 हजार युवा लाभान्वित होंगे। सीएम ने पंचकूला में आईटी सक्षम युवा योजना का शुभारंभ किया।

# हिंदू और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे बंगलादेश



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों की खबरों को लेकर सोमवार को चिंता प्रकट की और उम्मीद जताई कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार हिंदू, ईसाई और बौद्ध धर्म को मानने वाले लोगों की सुरक्षा व सम्मान सुनिश्चित करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी सभ्य समाज में धर्म, जाति, भाषा या पहचान के आधार पर भेदभाव, हिंसा और हमले अस्वीकार्य हैं। बांग्लादेश में शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के अपदस्थ होने के बाद से वहां हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की घटनाएं हो रही हैं।

## पीड़िता डॉक्टर को मिले इंसाफ

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को कहा कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक के साथ कथित बलात्कार और हत्या के मामले में पश्चिम बंगाल सरकार को त्वरित और सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा देश में बहुत बड़ा मुद्दा है और इसके लिए ठोस प्रयास की जरूरत है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के अंदर कथित रूप से बलात्कार तथा हत्या की शिकार हुई महिला चिकित्सक का शव शुक्रवार को सुबह संगोष्ठी कक्ष में मिला था। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना दिल दहलाने वाली है। कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा देश में बहुत बड़ा मुद्दा है और इसके लिए ठोस प्रयास की जरूरत है। कहा, मेरी राज्य सरकार से अपील है कि इस मामले में त्वरित और सख्त से सख्त कार्रवाई हो ।

# कंगना ने राहुल को बताया विनाशकारी



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): बॉलीवुड अभिनेत्री और हिमाचल प्रदेश की मंडी से भारतीय जनता पार्टी की सांसद कंगना रनौत ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर जोरदार प्रहार किया है। अभिनेत्री ने राहुल गांधी को खतरनाक इंसान बताया। उन्होंने कहा कि उनका एजेंडा यह है कि अगर वे प्रधानमंत्री नहीं बन सकते तो वे इस देश को नष्ट कर सकते हैं। कंगना रनौत ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह इस देश की अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। कंगना रनौत ने हिंडनबर्ग रिसर्च के हालिया रिपोर्ट का जिक्र करते हुए लिखा, 'राहुल गांधी सबसे खतरनाक आदमी हैं, वे कटु, जहरीले और विनाशकारी हैं।


## पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के पास पंजीकृत समेत समरूप प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **[वरिष्ठ डीईएन/एचक्यू/हावड़ा के अधीन] ई-निविदा संख्या: 158_2024-25, दिनांक: 09.08.2024। कार्य का विवरण:** ऑर्थोपेडिक अस्पताल, हावड़ा में निकासी प्रणाली सहित 60 केएलडी क्षमता के ईटीपी की स्थापना का प्रावधान। **अनुमानित लागत:** ₹ 1,54,64,352.14। **बयाना राशि:** ₹ 2,27,300। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 06 (छः) महीना। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 02.09.2024 को दोपहर 2:00 बजे। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान- ई-निविदा के सम्बन्ध में निविदा दस्तावेज की कीमत तथा जमा बयाना राशि (ईएमडी) का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के जरिये ही स्वीकार किया जायेगा। **द्रष्टव्य:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए जमा बयाना राशि के रूप में सावधि जमा रसीद (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(HWH-222/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# सेंथिल बालाजी की जमानत अर्जी पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल धनशोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका पर सोमवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति अगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और बालाजी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी एवं सिद्धार्थ लूथरा की दलीलें सुनीं।

सुनवाई के दौरान मेहता ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता को जमानत दिए जाने का विरोध करते हुए कहा कि मुकदमे में देरी पूर्व मंत्री के कारण हो रही है।

रोहतगी ने दलील दी कि बालाजी एक साल से अधिक समय से जेल में हैं और मुकदमे पर सुनवाई जल्द पूरी होने की कोई संभावना नहीं है।

उन्होंने बालाजी की ओर से कहा, "उस समय आरोप लगाया गया था कि मैं प्रभावशाली व्यक्ति हूं, लेकिन अब मेरे पास विभाग नहीं है।

# पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह पंचतत्व में विलीन



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): पूर्व विदेश मंत्री के. नटवर सिंह सोमवार को यहां पंचतत्व में विलीन हो गए। विदेश मंत्री एस. जयशंकर समेत कई नेताओं ने उन्हें अंतिम विदाई दी। नटवर सिंह का लंबी बीमारी के बाद शनिवार रात को निधन हो गया था। वह 93 वर्ष के थे।

उनका अंतिम संस्कार दिल्ली में बारिश के बीच लोधी शव दाहगृह में दोपहर को किया गया। नटवर सिंह के परिवार के सदस्यों, मित्रों और समर्थकों के अलावा विदेश मंत्री जयशंकर, केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, नेशनल कांफ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला, कांग्रेस नेता और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा कई नेता उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए शवदाहगृह पहुंचे। सिंह को मुखाग्नि दिए जाने से पहले जयशंकर ने भी उनकी चिता पर सम्मान स्वरूप एक लकड़ी रखी। अंतिम संस्कार में शामिल हुए एक पारिवारिक मित्र ने कहा, "कई नेता नटवर साहब को श्रद्धांजलि देने के लिए आएं।" पूर्व केंद्रीय मंत्री सिंह ने दिल्ली के समीप गुरुग्राम के मेदांता हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली थी।

# विशेष ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतरे, कोई हताहत नहीं



**इटारसी (मध्य प्रदेश),** (पंजाब केसरी) : मध्यप्रदेश के इटारसी स्टेशन पर सोमवार शाम को रानी कमलापति-सहरसा विशेष ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शाम 6:10 बजे हुई इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। अधिकारी ने बताया, "ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर दो पर पहुंचने ही वाली थी कि उसके दो डिब्बे पटरी से उतर गए।" अधिकारियों ने बताया संभावित हादसा टल गया क्योंकि जब दो डिब्बे पटरी से उतरे, तब ट्रेन की रफ्तार पांच किलोमीटर से भी कम थी।

**मंगलुरु-बेंगलुरु रेल लाइन पर मैसूर मंडल में भूस्खलन के कारण कई ट्रेन रद्द :** दक्षिण पश्चिम रेलवे की मंगलुरु-बेंगलुरु रेलवे लाइन पर मैसूर मंडल में सकलेशपुर और बल्लूपेट के बीच भूस्खलन के कारण 12 अगस्त से 14 अगस्त तक कई ट्रेन को रद्द कर दिया गया है। इससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पलक्कड़ रेल मंडल के प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि मंगलुरु-बेंगलुरु रेल लाइन से होकर जाने वाली कई ट्रेन एक से तीन दिनों के लिए रद्द कर दी गयी है। रद्द की गई इन ट्रेन में मंगलूरु सेंट्रल-विजयपुरा स्पेशल एक्सप्रेस, केएसआर बेंगलुरु-कारवार एक्सप्रेस और कारवार- केएसआर बेंगलुरु एक्सप्रेस शामिल हैं। रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि भूस्खलन के कारण रेल यातायात बाधित होने से यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है।

# यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उच्चतम न्यायालय ने कथित रूप से प्रश्नपत्र लीक होने के बाद यूजीसी-नेट (राष्ट्रीय योग्यता परीक्षा) परीक्षा रद्द करने के सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली कुछ परीक्षार्थियों की याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया और कहा कि इस पर इस समय सुनवाई करने से "अव्यवस्था" पैदा होगी। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि सरकार 21 अगस्त को नए सिरे से परीक्षा आयोजित कर रही है और छात्रों के मन में इस समय एक प्रकार की "तसल्ली" की भावना होनी चाहिए। परीक्षा में बैठने वाले छात्रों की संख्या करीब नौ लाख है। प्रधान न्यायाधीश ने प्रवीण डबास और अन्य द्वारा दायर याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा, "उच्चतम न्यायालय के इस कदम का गंभीर प्रभाव पड़ेगा और व्यापक रूप से अव्यवस्था पैदा हो जाएगी।"

पीठ ने जिक्र किया कि परीक्षा 18 जून को आयोजित की गई थी और इसके एक दिन बाद इसे रद्द कर दिया गया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, "मौजूदा चरण में याचिका पर विचार करने से केवल अनिश्चितता बढ़ेगी और घोर अव्यवस्था पैदा होगी।" उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को "नीट-यूजी विवाद के बाद दोगुना सतर्क रहना चाहिए और इसी कारण इसे रद्द कर दिया गया। अब इस प्रक्रिया को चलने दें।" इससे पहले भी, शीर्ष अदालत ने इस मुद्दे पर एक जनहित याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि यह एक वकील द्वारा दायर की गई थी, न कि पीड़ित परीक्षार्थियों द्वारा। प्रधान न्यायाधीश ने वकील से कहा था, "आप (वकील) क्यों आए हैं? छात्रों को खुद यहां आने दीजिए।" उन्होंने साथ ही कहा था, "इस जनहित याचिका को अस्वीकार करते हुए हम इसके गुण-दोष पर कुछ नहीं कहेंगे।" पीठ ने याचिका दायर करने वाले अधिवक्ता उज्ज्वल गौड़ से कहा था कि वह कानूनी मामलों पर ध्यान केंद्रित करें और ऐसे मुद्दों को पीड़ित व्यक्तियों के लिए छोड़ दें। यह याचिका भी यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द करने के केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के फैसले के खिलाफ न्यायालय में दायर की गई थी। परीक्षा की शुचिता से समझौता होने की जानकारी मिलने के बाद यह निर्णय लिया गया था।

# स्वास्थ्य व्यवसायों पर केंद्रीय कानून लागू करों वरना...

- सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र, राज्यों और अन्य प्राधिकारों को अधिनियम का पालन सुनिश्चित करने के लिये 12 अक्तूबर तक का समय दिया

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : उच्चतम न्यायालय ने स्वास्थ्य देखभाल से संबद्ध व्यवसायों पर 2021 के केंद्रीय कानून को क्रियान्वित न किये जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए सोमवार को केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा कि वे 12 अक्टूबर तक अधिनियम का अनुपालन सुनिश्चित करें, अन्यथा दंडात्मक कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहें। न्यायालय ने पिछले साल सितंबर में एक जनहित याचिका पर केंद्र, सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी कर "राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देखरेख वृत्ति आयोग (एनसीएएचपी) अधिनियम, 2021" के कार्यान्वयन न होने पर नाखुशी व्यक्त की थी। एनसीएएचपी अधिनियम देश में संबद्ध एवं स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों द्वारा "शिक्षा और सेवाओं के मानकों के विनियमन एवं रखरखाव, संस्थाओं के मूल्यांकन, सहयोगी स्वास्थ्य देखभाल व्यवसायों के केन्द्रीय रजिस्टर और राज्य रजिस्टर के रखरखाव" का प्रावधान करता है। यह कानून 2021 तक उन सभी संबद्ध स्वास्थ्य देखभाल व्यवसायों के लिए नियामक निकायों और राज्य-स्तरीय परिषदों की स्थापना का आदेश देता है, जो राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग, भारतीय दंत चिकित्सा परिषद और अन्य नियामक निकायों द्वारा शासित और कवर नहीं किए जाते हैं। इस अधिनियम में स्वास्थ्य देखभाल व्यवसाय और चिकित्सा प्रयोगशाला एवं जीवन विज्ञान, अभिघात, बर्न केयर, तथा शल्य चिकित्सा/एनेस्थीसिया संबंधी प्रौद्योगिकी, फिजियोथेरेपी आदि के पेशेवर शामिल हैं। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने आदेश दिया कि हम केंद्र और राज्यों को दो महीने के भीतर अधिनियम को लागू करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश देते हैं; साथ ही, स्वास्थ्य मंत्रालय दो सप्ताह के भीतर अधिनियम को लागू करने के लिए खाका तैयार करने के वास्ते स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के सभी राज्य सचिवों की ऑनलाइन बैठक आयोजित करेगा। पीठ ने चेतावनी देते हुए कहा कि अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने में विफलता पर दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है। पीठ ने कहा कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा बुनियादी ढांचे की स्थापना की जानी है और प्रावधानों को अक्षरशः लागू किया जाना चाहिए। इसने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे अगली सुनवाई की तारीख से पहले केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव के समक्ष सारिणीबद्ध प्रारूप में अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करें। पीठ ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल विक्रमजीत बनर्जी से दो सप्ताह के भीतर जनहित याचिका पर जवाब दाखिल करने को कहा।

पीठ भारतीय चिकित्सा प्रौद्योगिकीविदों के संयुक्त मंच (जेएफएमटीआई) की जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

# मणिपुर के नवनियुक्त राज्यपाल ने चुराचांदपुर का किया दौरा, लोगों से की बातचीत

**चुराचांदपुर(मणिपुर),** (पंजाब केसरी ): मणिपुर ने नवनियुक्त राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने कार्यभार संभालने के बाद सोमवार को चुराचांदपुर शहर का दौरा किया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। राज्यपाल आचार्य ने शांति के महत्व को रेखांकित किया और नेताओं को आश्वासन दिया कि कुकी समुदाय की चिंताओं का समाधान किया जाएगा।

आचार्य ने 31 जुलाई को मणिपुर के राज्यपाल के रूप में शपथ ली थी। उन्होंने चुराचांदपुर के उपायुक्त कार्यालय पहुंचने के बाद हर घर तिरंगा बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

सूत्रों ने बताया कि उन्होंने कुकी क्रिश्चियन चर्च (केसीसी) राहत केंद्र का भी दौरा किया, जहां उन्होंने आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों से बातचीत की और उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द ही शांति लौटेगी। राज्यपाल ने जोमी काउंसिल, जोमी छात्र संघ (जेडएसएफ), कुकी इनपी और हमार इनपुई के नेताओं से भी मुलाकात की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि समुदाय के प्रतिनिधियों ने राज्यपाल को समुदाय के मुद्दों, खासकर हिंसा के बाद सामने आए मुद्दों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने राज्यपाल को पारंपरिक शॉल और ज्ञापन भेंट किए।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आचार्य ने चुराचांदपुर चिकित्सा महाविद्यालय के विद्यार्थियों से भी बातचीत की। इस दौरान विद्यार्थियों ने शैक्षणिक और प्रशासनिक चुनौतियों को लेकर एक ज्ञापन राज्यपाल को सौंपा।


**कार्यालय संयुक्त आयुक्त पुलिसः लाइसेंसिंग यूनिट**
प्रथम तल, पुलिस स्टेशन डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली
फोन नं: 011-26250595, ई-मेल: addlcp.lic-dl@nic.in

## सार्वजानिक सूचना

जबकि, श्री सुमित गोला, प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता मैसर्स पंच तत्व प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड, यूनिट संख्या 105, प्रथम तल, वर्धमान सिद्धार्थ शॉपिंग प्लाजा, एलएससी, सविता विहार, दिल्ली ने प्लॉट संख्या 34, पॉकेट/ब्लॉक ए-2, पश्चिम विहार, दिल्ली में 04 स्क्रीन सिनेमा/मल्टीप्लेक्स के निर्माण के लिए 'अनंतिम प्रमाणपत्र' प्रदान करने के लिए नीचे हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आवेदन किया है।

जबकि, उपर्युक्त श्री सुमित गोला, प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता को दिल्ली सिनेमैटोग्राफ नियम, 2008 के नियम 4 के अंतर्गत इस कार्यालय के पत्र संख्या 495/संयुक्त आयुक्त/लाइसेंस (सिनेमा) दिनांक 29.07.2024 के माध्यम से अनंतिम प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है और उप निदेशक (भवन) सी एंड आई, दिल्ली विकास प्राधिकरण, सी-1, प्रथम तल, विकास सदन, आईएनए, नई दिल्ली को भी इस कार्यालय के पत्र के माध्यम से ऊपर उल्लिखित अनुसार सूचित किया गया है।

आम जनता की जानकारी के लिए यह सूचना दी जाती है कि चिन्हित स्थल पर सिनेमा हॉल का निर्माण किया जा रहा है।

आज तारीख **13** माह **अगस्त** वर्ष 2024 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया ।

संयुक्त आयुक्त पुलिस
लाइसेंसिंग, दिल्ली

ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्
भगवान इस जग के कण-कण में विद्यमान हैं।




संस्थापक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

# पेरिस ओलंपिक में भारत

**खेलों** का वैश्विक महाकुंभ पेरिस ओलंपिक का समापन हो चुका है। भारतीय दल एक रजत पदक समेत कुल 6 पदक जीतकर लौट आया है। ओलंपिक में भारत ने इस बार दूसरा सबसे बड़ा दल यानि 117 खिलाड़ियों का दल भेजा था लेकिन भारत पदक तालिका में 73वें पायदान पर रहा। खेल प्रेमी एक बार फिर यह सोचने को विवश हैं कि भारत सरकार ने 470 करोड़ रुपए के लगभग खर्च कर दिए लेकिन भारत का प्रदर्शन रियो ओलंपिक से भी खराब रहा। 2016 रियो ओलंपिक में भारत 67वें स्थान पर रहा था।

भारत ने ओलंपिक में सबसे ज्यादा पदक फील्ड हॉकी में जीते हैं। इस खेल से देश को आठ स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य समेत 13 पदक मिले हैं। इसके बाद भारत को ओलंपिक में सबसे ज्यादा आठ पदक कुश्ती में मिले हैं। एथलेटिक्स यानी ट्रैक एंड फील्ड में चार पदक, शूटिंग में सात पदक, बैडमिंटन में तीन पदक, भारोत्तोलन में दो पदक, मुक्केबाजी में तीन पदक और टेनिस में एक पदक मिला है। 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत ने हॉकी, एथलेटिक्स, शूटिंग और कुश्ती में तो पदक जीते, लेकिन बैडमिंटन, भारोत्तोलन, मुक्केबाजी और टेनिस में भारत को कोई पदक नहीं मिले।

117 सदस्यीय दल में महज 6 पदक पाना आदर्श नहीं है। पेरिस ओलंपिक मनु भाकर की उपलब्धियों से लेकर विनेश फोगाट के विवाद के लिए हमेशा याद किया जाता रहेगा। भाला फैंक सुपर स्टार नीरज चोपड़ा का रजत पदक उम्मीदों से कमतर रहा। भारत की झोली में कुछ और पदक आ सकते थे लेकिन 6 खिलाड़ी चौथे स्थान पर रहे। बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्यसेन कांस्य पदक के लिए मैच हार गए थे जबकि मीराबाई चानू सिर्फ एक किलोग्राम से कांस्य पदक लाने से चूक गई। सात्विक साईं राज और चिराग शेट्टी खाली हाथ घर लौटे। कोई भी मुक्केबाज पदक दौर में नहीं पहुंच सका। केवल अमन सहरावत ने ही कुश्ती के अभियान को बचाया। हॉकी में हमने कांस्य पदक जरूर जीता लेकिन हम कांस्य का रंग नहीं बदल पाए। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारतीय खिलाड़ियों ने अपने खेल से दिल तो जीता लेकिन हम पदक जीतने में नाकाम रहे।

> **ओलंपिक इतिहास की बात करें तो मेजर ध्यानचंद की हॉकी ने भारतीय पदकों की झोली स्वर्ण से भरी, मिल्खा सिंह और पीटी ऊषा ने दिल जीता, लिएंडर पेस और कर्णम मल्लेश्वरी ने पदक जीतना सिखाया, अभिनव बिंद्रा और नीरज ने अन्य खेलों में भी स्वर्णिम चमक दिखाई लेकिन हम चीन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, ग्रेट ब्रिटेन, जर्मनी जैसे विकसित देश तो छोड़ो, छोटे से देश उज्बेकिस्तान, युद्ध में जूझते यूक्रेन और गरीबी से परेशान अफ्रीकी देश केन्या तक से इस मामले में कमतर हैं। ऐसा नहीं है कि केंद्र सरकार और राज्य सरकारों ने कोई कसर छोड़ रखी है। केंद्र सरकार जहां तैयारियों पर करोड़ों खर्च कर रही है तो अधिकतर राज्यों ने पदक जीतने की स्थिति में करोड़ रुपये की इनामी राशि के अलावा जमीन और सरकारी नौकरी देने का प्रावधान कर रखा है।**

अगर ओलंपिक इतिहास की बात करें तो मेजर ध्यानचंद की हॉकी ने भारतीय पदकों की झोली स्वर्ण से भरी, मिल्खा सिंह और पीटी ऊषा ने दिल जीता, लिएंडर पेस और कर्णम मल्लेश्वरी ने पदक जीतना सिखाया, अभिनव बिंद्रा और नीरज ने अन्य खेलों में भी स्वर्णिम चमक दिखाई लेकिन हम चीन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, ग्रेट ब्रिटेन, जर्मनी जैसे विकसित देश तो छोड़ो, छोटे से देश उज्बेकिस्तान, युद्ध में जूझते यूक्रेन और गरीबी से परेशान अफ्रीकी देश केन्या तक से इस मामले में कमतर हैं। ऐसा नहीं है कि केंद्र सरकार और राज्य सरकारों ने कोई कसर छोड़ रखी है। केंद्र सरकार जहां तैयारियों पर करोड़ों खर्च कर रही है तो अधिकतर राज्यों ने पदक जीतने की स्थिति में करोड़ रुपये की इनामी राशि के अलावा जमीन और सरकारी नौकरी देने का प्रावधान कर रखा है। कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स में पदक जीतने पर भी सम्मान और बड़ी राशि मिलती है।

पांच एथलीट तो ऐसे थे जिनकी तैयारियों पर 20 करोड़ खर्च किए गए थे। बैडमिंटन खिलाड़ियों ने तो 81 विदेश यात्राएं की। यह गर्व की बात है कि पदक विजेताओं में इस बार हरियाणा ने बाजी मार ली है। आखिर क्या कारण है कि ओलंपिक प्रतियोगिता में भारत सबसे कम सफल (प्रति व्यक्ति) देश है। क्या हमारी खेल नीतियां सही नहीं या समाज और परिवार अपने बच्चों को खिलाड़ी बनाने के लिए तैयार नहीं है। क्या हम इतनी बड़ी जनसंख्या वाले देश में प्रतिभाएं ढूंढने में विफल रहे। सबसे बड़ा कारण यह भी है कि हमारे यहां माता-पिता को खेलों में भविष्य दिखाई नहीं देता। हाई स्कूलों में खेल कक्षाएं नाम मात्र की ही लगती हैं। लोगों को टीवी चैनलों पर क्रिकेट का तमाशा देखना ही पसंद है। क्रिकेट के ड्राइव पर सबका दिमाग लगा रहता है।

फुटबाल, हॉकी और अन्य परंपरागत खेलों पर अभिभावकों का कोई ध्यान नहीं है। 77 सालों में हम कहीं न कहीं चुनावों की तैयारियों में ही व्यस्त रहते हैं। खेलों की तैयारियों की तरफ हम ज्यादा ध्यान नहीं देते। विदेश में बचपन से ही खिलाड़ियों को निखारा जाता है। हमारे यहां तो भाग्य बहुत बड़ी भूमिका निभाता है। कई बार मीडिया राज्य स्तर के खिलाड़ियों के फटेहाल दिखाता है जिससे अधिकांश युवा हतोत्साहित हो जाते हैं। हमारे खिलाड़ियों का दोष नहीं। दोष व्यवस्था का है। कई खिलाड़ी उम्मीदों के बोझ भी नहीं सह पाते। हम लोगों में किलर इस्टिक्ट बहुत कम है। खिलाड़ी यह सोचकर संतोष कर लेते हैं कि चलो कांस्य ही आ गया स्टार तो मैं बन ही गया। हमारे पास पदक कोई राजा, कोई नेता या जनप्रतिनिधि नहीं ला कर देता। बल्कि यह काम देश के युवाओं का होता है। काफी हद तक हमारी मानसिकता की भी समस्या है। हम चाहते हैं कि हमारा बच्चा डाक्टर, इंजीनियर बने और पैसे बनाने की मशीन बन जाए। यह समय जीतने वाले खिलाड़ियों का सम्मान करने का भी है और साथ ही विश्लेषण करने का भी है कि भविष्य में अपना प्रदर्शन कैसे सुधारे। खेल मंत्रालय का खेलो इंडिया अभियान तब तक कोई परिणाम नहीं दिखा सकता जब तक यह अभियान प्राइमरी शिक्षा से ही शुरू किया जाए और बच्चों में खिलाड़ी बनने की भावना पैदा की जाए।

**आदित्य नारायण चोपड़ा**
Adityachopra@punjabkesari.com

## देश की महिलाओं की आवाज...

कृपया संवेदनशील मुद्दों पर गंभीर चर्चा करवाएं,
बेवजह संसद के प्रत्येक सत्र को न आरोप-प्रत्यारोप में गंवाए,
देश की महिलाओं की आवाज संसद तक पहुंचाएं,
आम से लेकर खास देश का प्रत्येक नागरिक सशक्त-
भारत के निर्माण में अग्रणीय भूमिका निभाएं...!!


गीता पाढा

# विनेश, हसीना और कुछ सुलगते सवाल...



**डा. विजय दर्डा**
संपादक : लोकमत समूह
पूर्व राज्यसभा सांसद

**बीते** सप्ताह दुनिया भर में जिनकी चर्चाएं होती रहीं उनमें भारत की पहलवान विनेश फोगाट हैं और दूसरी हैं बंगलादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना। दोनों का कोई तालमेल नहीं है फिर भी ये दोनों मेरे इस कॉलम का विषय बनी हैं क्योंकि दोनों से जुड़ी घटनाएं कहीं न कहीं राजनीति से जुड़ी हुई हैं। एक खेल की राजनीति है तो दूसरी षड्यंत्र की राजनीति है, दोनों ही मामलों में कुछ लोगों का अहंकार भी शामिल है।

चलिए सबसे पहले अपने देश की उस बेटी के बारे में बात करते हैं जो खेल में घुसी राजनीति का बुरी तरह शिकार हुई हैं, राजनीति की दबंगई और शोषण के खिलाफ उनके संघर्ष की कहानी आप सबको पता है। उसे दोहराने की जरूरत नहीं है लेकिन जो विनेश के संघर्ष से आहत थे उनके लिए खुद का अहंकार, खुद की राजनीति, विनेश को सबक सिखाने का मौका देश और राष्ट्र ध्वज से भी बड़ा हो गया। विनेश मूलत: 53 किलो वजन श्रेणी में मैच खेलती हैं।

उन्हें उसी श्रेणी में ओलंपिक में भेजा जाना चाहिए था लेकिन उनकी जगह अंतिम पंघाल नाम की वैसी पहलवान को भेजा गया जो पहले ही राउंड में बाहर हो गईं और बाद में अपने कार्ड पर बहन को खेल स्टेडियम में घुसाने को लेकर भारत को शर्मसार भी किया। विनेश के पास 50 किलो श्रेणी में पहलवानी के अलावा विकल्प नहीं था, लेकिन इस बेटी ने बता दिया कि वह हार मानने वाली नहीं है।

विनेश जब फाइनल में पहुंचीं तो उनका रजत पदक पक्का हो चुका था और पूरा देश स्वर्ण की उम्मीद बांधे हुए था लेकिन 100 ग्राम ज्यादा वजन की खबर ने 140 करोड़ भारतीयों का स्वर्ण-सपना और विनेश का दिल तार-तार कर दिया, करोड़ों खेल प्रेमियों को सदमा लगा। मैं यह कहने को मजबूर हूं कि भारतीय खेलों को राजनीति ने अपनी दासी बना रखा है। खेल में बदहाली का बड़ा कारण यही है अन्यथा हमारे युवाओं में कोई कमी नहीं कि हम ओलंपिक में अमेरिका या चीन जैसा स्वर्ण भंडार न खड़ा कर दें। आप पदक तालिका देखिए और उन देशों की जनसंख्या को जोड़िए, यदि चीन को हटा दें तो शीर्ष के 30 देशों की कुल आबादी भी हमारे देश के बराबर नहीं है। हम विज्ञान, तकनीक और प्रबंधन के क्षेत्र में दुनिया में सिरमौर हो सकते हैं तो खेल में क्यों नहीं? लेकिन यहां तो खेल में राजनीति घुसी हुई है, क्या करें?

ये राजनीति है ही बड़ी विचित्र चीज, यह हर चीज पर कब्जा करना चाहती है। जागीरदारी इसके स्वभाव में है, ऐसा न होता तो क्या बंगलादेश में शेख हसीना की ऐसी दुर्दशा होती? हसीना ने 15 साल पहले जब सत्ता संभाली थी तो बंगलादेश खस्ताहाल राष्ट्र के रूप में जाना जाता था लेकिन हसीना ने अपने देश को नए मुकाम पर पहुंचाया। विश्व बैंक ने कहा कि ये तरक्की और विकास की एक प्रेरक कहानी है, बंगलादेश 2031 तक उच्च मध्य आमदनी वाला देश बन सकता है। एशियन डेवलपमेंट बैंक ने कहा



> **"जमात-ए-इस्लामी पाकिस्तान परस्त वह संगठन है जिसने 1971 में बंगलादेश के जन्म का भरपूर विरोध किया था। क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि बंगलादेश के राष्ट्रपिता कहे जाने वाले शेख मुजीबुर्रहमान की मूर्ति तोड़ने की कोशिश कोई बंगलादेशी राष्ट्रभक्त छात्र करेगा? स्पष्ट हो चुका है कि मूर्ति तोड़ने वाले जमात-ए-इस्लामी के लोग थे, इसी जमात के लोगों ने बंगलादेश में अल्पसंख्यकों पर हमले किए हैं और उनके घर लूटे हैं।**

कि बंगलादेश 2026 में सबसे कम विकसित देशों के समूह से बाहर निकल सकता है, उजले आर्थिक पक्ष के साथ ही आतंकवाद के खिलाफ उन्होंने सबसे मजबूत और वास्तविक जीरो टॉलरेंस नीति भी अपना रखी थी। जब इतनी आर्थिक तरक्की हो रही थी तो ऐसा क्या हो गया कि लोग शेख हसीना से इतने नाराज हो गए कि उन्हें देश छोड़कर भागना पड़ा?

निश्चय ही हाल के दिनों में बंगलादेश में महंगाई बढ़ी थी, लोग नाराज थे। आरक्षण विरोध का आंदोलन चल रहा था लेकिन यह सब इतना ताकतवर फैक्टर नहीं था कि शेख हसीना की सत्ता पलट जाए। दरअसल वो अंतर्राष्ट्रीय शक्तियां हैं जो भारत के साथ हसीना के मजबूत रिश्ते को लेकर बेहद नाराज थीं। खासतौर पर चीन की नाराजगी तो बिल्कुल स्पष्ट थी, चीन चाहता था कि हसीना बंगलादेश में उसे भी जगह दें। भारत के साथ बंगलादेश के रिश्ते को लेकर दूसरी महाशक्तियां भी काफी नाराज थीं। हसीना इन सबकी नहीं सुन रही थीं, उनके लिए उनका मुल्क ज्यादा महत्वपूर्ण था इसलिए उन्होंने सख्ती दिखाई।

इसी बीच छात्र आंदोलन के नाम पर जमात-ए-इस्लामी का स्टूडेंट विंग मैदान में उतर आया जो वर्षों से हसीना को उखाड़ फेंकने के लिए मौके की तलाश में था। आपको याद दिला दें कि जमात-ए-इस्लामी पाकिस्तान परस्त वह संगठन है जिसने 1971 में बंगलादेश के जन्म का भरपूर विरोध किया था। क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि बंगलादेश के राष्ट्रपिता कहे जाने वाले शेख मुजीबुर्रहमान की मूर्ति तोड़ने की कोशिश कोई बंगलादेशी राष्ट्रभक्त छात्र करेगा? स्पष्ट हो चुका है कि मूर्ति तोड़ने वाले जमात-ए-इस्लामी के लोग थे, इसी जमात के लोगों ने बंगलादेश में अल्पसंख्यकों पर हमले किए हैं और उनके घर लूटे हैं।

यदि भारत ने समय रहते कदम न उठाए होते तो तख्तापलट करने वाले ये लोग शेख हसीना को मौत के घाट उतार चुके होते, उनके पिता शेख मुजीबुर्रहमान को तो कट्टरपंथियों ने मार ही दिया था। खैर, हसीना भारत आने में कामयाब रहीं और भारत ने उनकी जान बचाकर दुनिया को यह संदेश दे दिया है कि वह संकट की इस घड़ी में बंगलादेश के साथ खड़ा है। हम यह जानते हैं कि पड़ोस की आग में अंतत: हम भी झुलसते हैं इसलिए बंगलादेश को अमन की राह पर वापस लाना और कट्टरपंथियों से बचाना हम सबका दायित्व है।

# कैसे देश जीतेगा जंग नशे के खिलाफ



**आर. के. सिन्हा**
पूर्व राज्यसभा सांसद

**भारत** में सिगरेट और बीड़ी पीने का सिलसिला न जाने कब से चल रहा है। इनके पैकटों पर वैधानिक चेतावनी देने का भी कोई असर नहीं हुआ। अब सूखा नशा लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। यह एक ऐसी बुराई है जो व्यक्ति की मानसिक और शारीरिक स्थिति को पूरी तरह से बिगाड़ देती है। यह आदतें न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि समाज के ताने बाने पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। विभिन्न स्रोतों और सर्वे के नतीजे बताते हैं कि राजधानी दिल्ली में ही कम से कम 10 से 20 फीसदी युवा नशे की चीजों के आदी हो चुके हैं। सार्वजनिक स्थानों पर प्रतिबंध के बावजूद इसको रोकने के लिए अभी तक की गई कोशिशें नाकाम साबित हुई हैं।

नशे की गिरफ्त में आकर लोग अक्सर अपनी जिम्मेदारियों को लापरवाही पूर्वक नजरअंदाज कर देते हैं। इसके प्रभाव से बचने के लिए उचित शिक्षा और सक्रिय जागरूकता की परम आवश्यकता है। साथ ही नशे के खिलाफ ठोस आन्दोलन के प्रयास करने की भी जरूरत है। केवल व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयास ही इस समस्या को समाप्त कर सकते हैं। अकेले, सरकार के बस का तो यह होने से रहा। आपको देश का शायद ही कोई शहर मिले, जहां के अत्यधिक सुरक्षित क्षेत्रों, हाई प्रोफाइल इलाकों और एलीट जोनों, बड़े मार्केटों में नशा उपलब्ध न हो। नशे पर पूरी तरह से बैन ही नहीं लग पा रहा है।

राजधानी दिल्ली तो नशे के कारोबार का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। इसके पीछे नशीले पदार्थों की आसान उपलब्धता तथा गरीबी, बेरोजगारी और सामाजिक तनाव के चलते हो रहे डिप्रेशन को कम करने में मदद मिलने जैसी बड़ी वजह भी है। इसके साथ ही मौजूदा पारिवारिक ढांचा और शिक्षा की कमी से हो रहे भटकाव तथा अज्ञानता भी नशे को बढ़ावा देने में मददगार बन रहे हैं। इसका सबसे बुरा असर हमारे कम उम्र के स्कूल और कॉलेज जाने वाले लड़के-लड़कियों पर भी बुरी तरह पड़ रहा है। थोड़ी सी मस्ती, अति उत्साह और सामाजिक आचार-विचार के प्रति बेरुखी के चलते खुद को बिंदास, बेपरवाह दिखाने के लिए ड्रिंक्स, स्मोकिंग, च्युइंग एडिक्शन जैसी आदतें अपनाने को वह अपने को आधुनिक और प्रगतिशील सिद्ध करने के लिये जरूरी मान बैठे हैं।



दिल्ली और देश के शेष भागों में सूखे नशे में केवल तंबाकू या गुटखा ही नहीं इस्तेमाल हो रहा है। तस्करी चोरी के जरिए बड़े पैमाने पर गांजा, हेरोइन, स्मैक, चरस, कोकेन, मिथाइलीनडाइऑक्सी मेथाम्फेटामाइन (एमडीएमए), एक्स्टसी सिंथेटिक टैबलेट और पाउडर, मेफेड्रोन पाउडर और कैप्सूल तथा कोडीन मिला हुआ कफ सिरप को भी लाकर भी बेचा जा रहा है। एमडीएमए एक तरह का सिंथेटिक ड्रग है, जो उत्तेजक और बुद्धिभ्रष्ट कारक है। इस ड्रग के इस्तेमाल मात्र से शरीर पर बदलाव आने लग जाते हैं। सिंथेटिक ड्रग्स का उदय एक महामारी के रूप में हो रहा है जो कई लोगों के जीवन को प्रभावित कर रही है, खासकर युवा लोगों को। नए जमाने में सुरक्षा के नाम पर ई-सिगरेट का भी प्रचलन भी बढ़ता जा रहा है। इसमें धुआं भले ही न हो, लेकिन निकोटीन होने से स्वास्थ्य के लिए नुकसान में जरा सी भी कमी नहीं है।

राजधानी के प्रतिष्ठित गंगा राम अस्पताल दिल्ली में वरिष्ठ चिकित्सक, मेडिसिन डॉ. मोहसिन वली कहते हैं, 'भारत में तंबाकू सेवन करने वालों, विशेष रूप से धूम्रपान करने वालों की बढ़ती संख्या के चलते इस पर नियंत्रण के लिए बनाई गई नीतियों की तुरंत समीक्षा की जरूरत है। निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी (एनआरटी), गर्म तम्बाकू उत्पाद (एचटीपी) और स्नस (धुआं रहित तंबाकू) जैसे वैज्ञानिक रूप से सुरक्षित विकल्पों के इस्तेमाल से नशे पर रोक लगाने में महत्वपूर्ण कामयाबी मिली है। हालांकि एनआरटी को मेडिकल स्टोर पर केवल डॉक्टरों के प्रिस्क्रिप्शन पर ही लिया जा सकता है, जिसके कारण इसकी सरल उपलब्धता अब मुश्किल हो गई है। अब इसे सीधे कोई आसानी नहीं ले सकता है।'

जानकारों का कहना है कि अधिकांश लोग एनआरटी का उपयोग तब बंद कर देते हैं, जब उन्हें लगता है कि अब उन्हें इसकी आवश्यकता नहीं है। एनआरटी में निकोटीन की मात्रा सिगरेट की तुलना में वैसे तो कम होती है। निकोटीन को मस्तिष्क तक पहुंचने और इंसान को निकोटीन का प्रभाव देने में भी काफी समय लगता है। इसका मतलब यह है कि धूम्रपान छोड़ने की तुलना में एनआरटी का उपयोग बंद करना बहुत आसान है। सबसे बेहतर बात ये है कि एनआरटी के साइड इफेक्ट भी ज्यादा खतरनाक नहीं हैं।

इसके साथ ही अब गुटखा को खाने वालों की तादाद चक्रवद्धि ब्याज की रफ्तार से बढ़ती ही चली जा रही है। इसमें तंबाकू की कितनी मात्रा हो, इसको लेकर कोई गाइडलाइंस नहीं है। इसको खाना अगर जरूरी ही है तो बिना तंबाकू वाले इसके इलायची आदि के स्वादिष्ट फ्लेवर क्यों नहीं बनाए जा रहे हैं, जिससे इसको खाने का मजा तो आए, लेकिन स्वास्थ्य पर कोई बुरा असर नहीं पड़े।

कुछ समय पहले राजधानी के बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के सीनियर कंसल्टेंट, पल्मोनरी मेडिसिन डॉ. पवन गुप्ता कह रहे थे-, 'सबसे गंभीर बात यह है कि आम लोगों में तंबाकू का प्रचलन बढ़ रहा है, क्योंकि देशभर में सड़क के आसपास बनी दुकानों में तंबाकू आसानी से उपलब्ध है। मौजूदा सरकारी नीतियां तंबाकू के बढ़ती लत को रुकवाने में विफल रही हैं। अब इस मसले को रोकने के लिए विकसित देशों में अपनाए गये वैज्ञानिक रूप से सुरक्षित विकल्पों पर विचार करना जरूरी है। इससे तंबाकू के सेवन पर रोक लगाने में कारगर सफलता मिल सकती है।'

आज भारत बुरी तरह से नशे की समस्या से जूझ रहा है। यह बेहद जटिल और बहुआयामी मुद्दा है जो देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक ताने बाने को क्षति पहुंचा रहा है। नशीली दवाओं की लत लगातार बढ़ने से निजी जीवन में अवसाद, पारिवारिक कलह, पेशेवर अकुशलता और सामाजिक सह-अस्तित्व की आपसी समझ में कमी की समस्याएं सामने आ रही हैं। मुझे लगातार इस तरह के परिवारों के बारे में पता चलता है जो अपने किसी सदस्य के नशे का दास बनने से परेशान है। हमारे युवा नशे की लत के ज्यादा शिकार हो रहे हैं। युवावस्था में करियर को लेकर एक किस्म का दबाव और तनाव रहता है। ऐसे में युवा इन समस्याओं से निपटने के लिए नशीली दवाओं का सहारा लेता है और अंतत: नशे के कुचक्र में फंस जाता है। इसके साथ ही युवा एक गलत पूर्वधारणा का भी शिकार होते हैं। उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर धुएं के छल्ले उड़ाना और महंगी पार्टीज में शराब के सेवन करना उच्च सामाजिक स्थिति का प्रतीक भी जान पड़ता है। दरअसल नशे के बढ़ने के कई आयाम हैं। इसके खिलाफ सारे देश को मिलकर लड़ना होगा। वरना तो नशे की लत का विस्तार जारी ही रहेगा।

# भारत अल्पसंख्यकों के लिए सबसे सुरक्षित देश है : किरेन रिजिजू

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्षी दलों पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि भारत, अल्पसंख्यकों के लिए सबसे सुरक्षित देश है। लेकिन, देश को बदनाम करने के लिए दुनियाभर में सुनियोजित अभियान चलाया जा रहा है। भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में सोमवार को आयोजित 'डॉ. कलाम स्टार्टअप यूथ अवॉर्ड कार्यक्रम' को संबोधित करते हुए किरेन रिजिजू ने कहा कि दुनिया के अन्य देशों में अल्पसंख्यक समुदाय के हालात की बात करें तो वहां पर उन्हें जीवन जीने और सुरक्षा के लिए भी संघर्ष करना पड़ता है और इस लिहाज से देखा जाए तो भारत में सही मायनों में कोई भी अल्पसंख्यक नहीं है, क्योंकि हमारे देश में सबको बराबर अधिकार मिले हुए हैं।



केंद्रीय मंत्री ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाते हुए कहा कि अल्पसंख्यकों के लिए सुरक्षित देश होने के बावजूद कुछ राजनीतिक दल और कुछ लोग देश के अंदर और बाहर जाकर एक सुनियोजित अभियान चलाते हैं कि भारत में अल्पसंख्यक सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने बिना नाम लिए निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग जब भी विदेश जाते हैं तो वहां पर यह साबित करने की कोशिश करते हैं कि भारत में अल्पसंख्यक सुरक्षित नहीं हैं। ऐसे लोग भारत को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा करते हैं और इसका जवाब देना जरूरी है। किरेन रिजिजू ने आगे कहा कि चीन द्वारा तिब्बत पर कब्जा करने से लेकर म्यामांर, श्रीलंका और बांग्लादेश सहित किसी भी देश में जब लोकतंत्र के हालात खराब होते हैं तो वहां के लोग भारत आते हैं। वे भारत आना चाहते हैं, क्योंकि यहां सबको सुरक्षा मिलती है। वहीं, भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य एवं राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन इकबाल सिंह लालपुरा ने भी कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि दुनिया में एक ही देश भारत है, जहां अल्पसंख्यक पूरी तरह से सुरक्षित हैं और 1947 के बाद से देश में अल्पसंख्यक समुदाय की आबादी बढ़ी है और अब यह हमारा (अल्पसंख्यक समुदाय) फर्ज है कि देश की एकता,अखंडता और मजबूती के लिए काम करें। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष ने कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति और महान वैज्ञानिक डॉ. कलाम को याद करते हुए कहा कि भाजपा इकलौता ऐसा राजनीतिक दल है, जो डॉ. कलाम को याद करता है, उनकी जयंती मनाता है।

# भाजपा कार्यसमिति के सदस्य सीएम के ओएसडी से 'दुर्व्यवहार' करने पर गिरफ्तार

**भोपाल,** (पंजाब केसरी): मध्य प्रदेश भाजपा कार्यसमिति के एक सदस्य को यहां पार्टी के एक समारोह में कथित तौर पर हंगामा करने और मुख्यमंत्री मोहन यादव के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) से दुर्व्यवहार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

- **हीरेंद्र बहादुर सिंह पर सरकारी अधिकारी को गाली देने, धमकाने और उसके काम में बाधा डालने का आरोप लगाया गया है**

शिकायतकर्ता नायब तहसीलदार निमेश पांडे के अनुसार हीरेंद्र बहादुर सिंह ने शनिवार को अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान में भाजपा के कार्यक्रम में संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) लोकेश शर्मा के साथ गाली-गलौज की, हंगामा किया और दुर्व्यवहार किया। राज्य सरकार द्वारा संचालित संस्थान का नेतृत्व करने के अलावा शर्मा सचिवालय में मुख्यमंत्री के ओएसडी भी हैं। यादव के एक करीबी सहयोगी ने इसकी पुष्टि की।

पुलिस अधिकारी ने कहा, हमने मामला दर्ज करने के बाद सिंह को नोटिस दिया और रविवार को उन्हें पुलिस थाने बुलाया जहां उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

कमला नगर पुलिस थाने की निरीक्षक निरूपा पांडे ने कहा कि सिंह पर एक सरकारी अधिकारी को गाली देने, धमकाने और उसके काम में बाधा डालने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने कहा कि राज्य भाजपा कार्यसमिति के सदस्य अपनी बेटी (मध्य प्रदेश सरकार द्वारा संचालित) की नौकरी से संबंधित किसी मुद्दे को लेकर परेशान थे। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में, भाजपा ने मध्य प्रदेश की सभी 29 सीट पर जीत हासिल की हैं।

## भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ कार्य करें युवा : मांडविया

**अहमदाबाद,** (पंजाब केसरी): केंद्रीय युवा मामलों एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को युवाओं से सफल होने और वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ काम करने का आग्रह किया। मांडविया ने अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर यहां 'युवा सम्मेलन 2024' को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र द्वारा शुरू किया गया 'मेरा युवा भारत' पोर्टल युवाओं के लिए एकल खिड़की मंच बन जाएगा। इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस का विषय 'क्लिक से प्रगति तक: सतत विकास के लिए युवा डिजिटल मार्ग' है, जो डिजिटलीकरण के महत्व और इस परिवर्तन में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देता है। मांडविया ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा-यह 140 करोड़ की आबादी वाला देश है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे में युवाओं की विशेष जिम्मेदारी है।

दिल्ली आर.एन.आई. नं. 40474/83
पंजाब केसरी
दिल्ली कार्यालय :
फोन आफिस: 011-30712200, 45212200,
प्रसार विभाग: 011-30712224
विज्ञापन विभाग: 011-30712229
सम्पादकीय विभाग: 011-30712292-93
मैगजीन विभाग: 011-30712330
फैक्स : 91-11-30712290, 30712384, 011-45212383, 84
Email: Editorial@punjabkesari.com

स्वत्वाधिकारी दैनिक समाचार लिमिटेड, 2-प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, नजदीक वजीरपुर डीटीसी डिपो, दिल्ली-110035 के लिए मुद्रक, प्रकाशक तथा सम्पादक अनिल शारदा द्वारा पंजाब केसरी प्रिंटिंग प्रेस, 2-प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से मुद्रित तथा 2, प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से प्रकाशित।

NEW LAYOUT-674X576 Pawan New

CMYK



# स्वधा का काम ला रहा समाज में परिवर्तन

# समाज को ऐसी संस्था की जरूरत है : वी.के. सक्सेना

## स्वधा ने किया 'जननी' नाटक का मंचन, समाज को बताई महिलाओं के संघर्ष व बलिदान की कहानी





सामाजिक, सांस्कृतिक व चैरिटेबल संस्था 'स्वधा' द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में रविवार को एक बड़ा आयोजन किया गया। स्वधा ने महिला सशक्तिकरण पर आधारित 'जननी' नामक एक संगीतमय नाटक का मंचन किया। कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया स्थित ओपी जिंदल ऑडीटोरियम में आयोजित इस नाटक में स्वधा की सदस्यों ने सत्यवान - सावित्री, लक्ष्मण - उर्मिला, द्रौपदी, मीराबाई, कर्माबाई, रानी लक्ष्मीबाई, रानी पद्यमनी, गंगा से लेकर अंबा-शिखंडी के चरित्रों का हृदयस्पर्शी चित्रण पेश किया। इन सभी लघु कथाओं में महिलाओं के त्याग, बलिदान, समर्पण, संघर्ष, लगन, दया, करुणा व वचनबद्धता को बड़े ही सुंदर व प्रभावकारी तरीके से दिखाया। साथ ही बताया गया कि कैसे विपरीत परिस्थितियों व चुनौतियों के बावजूद महिलाएं अपना लक्ष्य प्राप्त करने में सफल हुईं। स्वधा के कलाकारों ने इस नाटक के माध्यम से समाज में महिलाओं के योगदान को दर्शाया। प्रस्तुतियों को देखकर ऑडिटोरियम में मौजूद सभी दर्शक झूम उठे और ऑडिटोरियम तालियों व जयकारों से गूंज उठा।







कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि वे अक्सर विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत करते हैं लेकिन लंबे समय बाद ऐसे कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। जिसने सही मायनों में समाज को बड़ा संदेश देने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण थीम पुरानी है लेकिन स्वधा के कलाकारों ने इसे बिल्कुल अलग तरीके से पेश किया है। इससे लोग प्रेरणा लेकर समाजहित में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वधा समाज में फैली कुरितियों को मिटा रही है, महिलाओं की प्रतिभा को सामने लाने व उन्हें बिजनेस में भी आगे बढ़ाने का काम कर रही है। एलजी ने कहा कि स्वधा द्वारा विशेषरूप से दिव्यांगों के लिए जो उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है, वह काबिले तारीफ है। 2017 में शुरुआत करके स्वधा इतने कम समय में आज इस मुकाम पर पहुंची है। उसका काम समाज में परिवर्तन ला रहा है इसीलिए समाज को स्वधा की बहुत जरुरत है। एलजी ने कहा कि समाज में बड़ा होना बड़ी बात नहीं है बल्कि उस बड़प्पन से समाज के लोगों के लिए कुछ किया जा सके, यह बड़ी बात है, लोगों के काम आना बड़ी बात है। इस आयोजन के लिए एलजी ने स्वधा की उपाध्यक्ष अंजू आहूजा की तारीफ करते की और कहा कि वे पूरी तत्परता से काम कर रही हैं। इस अवसर पर एलजी ने अपनी ओर से स्वधा के लिए हर प्रकार का सहयोग देने की घोषणा की और कहा कि स्वधा अपने कामों को दिल्ली से बाहर लेकर जाए। उन्होंने कहा कि समाज का ऐसे कार्यक्रमों से डिस्कनेक्ट हो गया है, समाज को ऐसे कार्यक्रमों से कनेक्ट करने की जरुरत है।

इस नाटक का निर्देशन हरवंश पंडित ने किया। इस शानदार प्रस्तुति के लिए कलाकारों व निर्देशक सहित नाटक से जुड़े सभी लोगों को सम्मानित किया गया। ऑडिटोरियम में 500 से ज्यादा लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में पंजाब केसरी की निदेशक व वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब की चेयरपर्सन किरण चोपड़ा, उपराज्यपाल की पत्नी संगीता सक्सेना सहित ज्योत्सना सूरी, मृदुला प्रधान, मंजू सिंह, भाजपा नेता नुपुर शर्मा, उपासना गुप्ता, वीना अरोड़ा, उषा अग्रवाल, मंजीत गुलाटी, रमनजीत (रमना) टीना नागी, मीनाक्षी गुप्ता, स्नेह बंसल व मंजू अग्रवाल सहित स्वधा की अन्य सदस्य भी अपने परिजनों सहित मौजूद रही। बता दें कि स्वधा एक सामाजिक व चैरिटेबल संस्था है। यह देशभर में चल रहे टीबी मुक्त अभियान का हिस्सा है। यह संस्था स्पेशल ओलंपिक भारत का भी हिस्सा है।





**कलाकारों की संवाद अदायगी ने मोहा मन**

नाटक मंचन के दौरान सभी कलाकारों का अभियान बहुत ही शानदार रहा। इनकी संवाद अदायगी ने सभी का मन मोह लिया। हालांकि स्वधा के कुछ सदस्यों ने पहली बार इस नाटक के माध्यम से मंच पर अपनी प्रस्तुति दी लेकिन उनके समर्पित रिहर्सल ने नाटक के हर कैरेक्टर को जीवंत कर दिया। ●

### समाज को दिशा देने का काम कर रही स्वधा : किरण चोपड़ा



**किरण चोपड़ा ने कहा कि स्वधा समाज को एक दिशा देने का काम कर रही है। स्वधा की सदस्य जो पहले घर पर बैठी रहती थीं, अब वे मंच पर परफॉर्म कर रही हैं। मेरा मानना है कि हर महिला को एक्टिव होना चाहिए व काम करना चाहिए। स्वधा इस दिशा में बखूबी अपनी जिम्मेदारी निभा रही है। महिलाएं मनोरंजन के साथ-साथ समाज सेवा भी कर रही हैं, यह बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि महिलाएं पहले से ही सशक्त हैं लेकिन महिलाएं अपनी आने वाली पीढ़ी को भी इतिहास से जोड़ने का काम कर रही हैं, यह काबिले तारीफ है।**

### ऐसे कार्यक्रम बच्चों के संस्कारों में बढ़ौतरी करते हैं : अंजू आहूजा



स्वधा की उपाध्यक्ष अंजू आहूजा ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से हमारे बच्चों के संस्कारों में बढ़ोतरी होती है। वे सीखते हैं कि यदि इस उम्र में हमारे बड़े ऐसे प्रेरणादायक काम कर सकते हैं तो हमें भी उनसे सीखकर समाज के लिए काम करना चाहिए। अंजू आहूजा ने कहा कि स्वधा के माध्यम से समाजहित, महिला सशक्तिकरण व दिव्यांगों के लिए जो कार्य किये जा रहे हैं। वे समाज तक किसी न किसी माध्यम से पहुंचने चाहिए इसी उद्देश्य से इस नाटक का आयोजन किया गया है। जब लोग नाटक या अन्य किसी माध्यम से हमारे कामों को देखते हैं तो वे इनसे सीखते व प्रेरणा लेते हैं और इन कामों से जुड़कर इन्हें आगे बढ़ाते हैं।

### 'स्वधा' जो पहले पौधा था वह पेड़ बन गया है : वर्षा गोयल



स्वधा की अध्यक्ष वर्षा गोयल ने कहा कि सितंबर 2017 में कुछ सहेलियों ने मिलकर स्वधा की शुरुआत की थी। हमने उस समय जो पौधा लगाया है आज वह पेड़ बन गया है। इसके पीछे स्वधा के सभी मेम्बरों की जी तोड़ मेहनत है। उन्होंने कहा कि हम सामाजिक, सांस्कृतिक व धर्मार्थ संस्था के रूप में काम कर रहे हैं। स्वधा पर्यावरण के क्षेत्र में काम कर रही है। हम भारत सरकार के टीबी मुक्त कार्यक्रम में भी सहयोग करते हैं। आज का कार्यक्रम 'जननी' समाज की उन महिलाओं की कहानी है जिन्होंने त्याग, समर्पण व कड़े संघर्ष से अपना मुकाम हासिल किया है। कार्यक्रम में शामिल कलाकारों की प्रशंसा करते हुए वर्षा गोयल ने कहा कि स्वधा की कई सदस्य ऐसी हैं जो कभी मंच पर नहीं आयी लेकिन उन्होंने अपने पहले प्रयास में ही शानदार प्रस्तुति देकर सभी का मनमोह लिया।

**कार्यालय संयुक्त आयुक्त पुलिसः लाइसेंसिंग यूनिट**

प्रथम तल, पुलिस स्टेशन डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली

फोन नं: 011-26250595, ई-मेल: addlcp.lic-dl@nic.in

**सार्वजानिक सूचना**

जबकि, श्री हरजीत सिंह अरोड़ा, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता, मैसर्स बेस्ट रियल्टी एलएलपी, कार्यालय संख्या 201, बेस्ट प्लाजा, प्लॉट संख्या एच -8, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, नई दिल्ली ने ब्लॉक एच, एनएसपी वजीरपुर, डिस्ट्रिकट सेंटर, नई दिल्ली से सटे प्लॉट कमर्शियल कॉम्प्लेक्स प्लॉट नंबर ए में 07 स्क्रीन सिनेमा हॉल/मल्टीप्लेक्स के निर्माण के लिए 'अनंतिम प्रमाणपत्र' के अनुदान के लिए नीचे हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आवेदन किया है।

जबकि, उपर्युक्त श्री हरजीत सिंह अरोड़ा, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता को दिल्ली सिनेमैटोग्राफ नियम, 2008 के नियम 4 के अंतर्गत इस कार्यालय के पत्र संख्या 321/संयुक्त आयुक्त/लाइसेंस (सिनेमा) दिनांक 14.05.2024 के माध्यम से अनंतिम प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है और उप निदेशक (भवन) सी एंड आई, दिल्ली विकास प्राधिकरण, सी-1, प्रथम तल, विकास सदन, आईएनए, नई दिल्ली को भी इस कार्यालय के पत्र के माध्यम से ऊपर उल्लिखित अनुसार सूचित किया गया है।

आम जनता की जानकारी के लिए यह सूचना दी जाती है कि चिन्हित स्थल पर सिनेमा हॉल का निर्माण किया जा रहा है।

आज तारीख 13 माह **अगस्त** वर्ष 2024 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

संयुक्त आयुक्त पुलिस
लाइसेंसिंग, दिल्ली

**अब दानियों के अनुरोध पर 'एक मिशन एक सेवा' का प्रकाशन प्रतिदिन किया जा रहा है ताकि दानदाता अपने प्रियजनों के जन्मदिन, पुण्यतिथि, वैवाहिक वर्षगांठ या किसी खास मौके की तिथि विशेष पर अपनी इच्छानुसार दान राशि प्रकाशित करा सकें।**

**एक मिशन एक सेवा**



बुढ़ापा जीवन का अटल सत्य है। गरीबी, बीमारियां, तथा अपनों का मुंह फेर लेना, इसे अभिशाप बना देते हैं। आईये! ऐसे बुजुर्गों का सहारा बनें। सुखी-सम्पन्न लोगों के सहयोग से इनका अकेलापन, दुःख दूर किये जा सकते हैं। ताकि भावी पीढ़ी इनसे प्रेरणा ले सकें।

**पंजाब केसरी दैनिक समाचा पत्र समूह** 2000 रु.

**दानियों के लिए विशेष सूचना**

वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब के लिए दान देने वाले सज्जन अब देशभर में **पंजाब नैशनल बैंक** की किसी भी शाखा में जाकर सहायता राशि जमा करवा सकते हैं, इसके लिए ध्यान रखें कि उक्त राशि **वृद्ध केसरी, रोमेश चंद्र ट्रस्ट के अकाऊंट नंबर** 3075002102006705 में देय होनी चाहिए। हमारा अनुरोध है कि सहायता राशि जमा करवाने के बाद हमें सूचित जरूर करें, ताकि रसीद भेजी जा सके। यह राशि आयकर छूट प्राप्त है। **जो सज्जन पंजाब नैशनल बैंक की किसी शाखा में नकद राशि जमा कराएं, वे बैंक की रसीद हमें कोरियर करा दें, ताकि आपको हम रसीद भेज सकें। सभी दानकर्ताओं से अनुरोध है कि दान भेजते समय पूरा पता, टेलीफोन नंबर और पैन कार्ड नंबर भी साथ में लिखें।**

दिल्ली के बाहर के दानकर्ता 500/- रुपए से कम की दानराशि कृपया ड्राफ्ट या मनीआर्डर से ही भेजें

कृपया अपना ड्राफ्ट या चैक **वृद्ध केसरी रोमेश चंद्र ट्रस्ट,** के नाम बना कर हमें भेजें। सभी दानी सज्जनों के नाम प्रति दिन प्रकाशित किए जाएंगे। लेकिन फोटो 5100/- या इससे अधिक की दान राशि देने वाले सज्जनों के प्रकाशित किए जाएंगे। दान के लिए पंजाब केसरी कार्यालय में प्रात: 10 से 5.30 बजे तक सम्पर्क करें।

*** यह राशि आयकर कानून की धारा 80-जी के अन्तर्गत करमुक्त है!**

**पता :- वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब**

2, प्रिंटिंग प्रेस काम्प्लेक्स, नियर वजीरपुर डिपो, दिल्ली-35

**दान के लिए कृपया 01130712376,09871598497,9810107375 पर संपर्क करें। यदि कोई सज्जन या संस्था हमारे नाम से पैसा इकट्ठा करे तो इसका जिम्मेदार वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब नहीं होगा।**




CMYK

## Entertainment News



# जान्हवी से भी आगे निकलीं खुशी

**एक्ट्रेस** खुशी कपूर ने इसी साल एक्टिंग डेब्यू किया है। जान्हवी कपूर की छोटी बहन ने अपनी पसंद की 2.5 करोड़ करोड़ की कार को अपने नाम किया है। पैप्स ने खुशी कपूर को नई चमचमाती कार में बैठा देखा। वैसे तो कपूर खानदान में कई गाड़ियां हैं लेकिन अब खुशी कपूर ने अपनी पसंद की लग्जरी गाड़ी गैराज में शामिल की है। आइये जानते हैं इस कार के बारे में-जहां खुशी कपूर अपनी लाल चमचमाती कार में नजर आ रही हैं। उन्होंने Mercedes की Benz G 400d खरीदी है। इस कार की कीमत 2.55 करोड़ रुपये बताई जा रही है। मालूम हो, खुशी ने ये कार जनवरी में खरीदी थी। साथ ही फैंस भी उन्हें बधाई दे रहे हैं। ●

# करीना ने बर्थडे गर्ल सारा पर लुटाया प्यार



**सैफ** अली खान और अमृता सिंह की बेटी सारा अली खान ने जब से इंडस्ट्री में कदम रखा है तभी से लगातार सुर्खियों में छाई रही हैं। सारा अपनी फिल्मों के अलावा अपने चुलबुले अंदाज और सादगी के लिए भी मशहूर हैं। कल सारा अली खान का बर्थडे था। सारा को उनके बर्थडे पर हर तरफ से बधाईयां ही बधाईयां मिली। कई सेलेब्स ने सोशल मीडिया के जरिए भी सारा को बर्थडे विश किया। करीना कपूर खान भी इसमें पीछे नहीं रहीं। उन्होंने बेहद खास अंदाज में बर्थडे गर्ल को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और साथ ही साथ उन्होंने इस बात का भी खुलासा कर दिया कि आखिर उन्होंने सैफ की बेटी को गिफ्ट में क्या भेजा है। इस मौके पर करीना कपूर खान ने सारा अली खान की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए उन्हें बर्थडे विश किया है। इस ब्लैक एंड व्हाइट फोटो में सारा अपने अब्बा सैफ अली खान के साथ पोज करती नजर आ रही हैं। दोनों फॉर्मल लुक में हैं और काला चश्मा भी लगाया है। दोनों स्वैग के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। लेकिन, इस तस्वीर से ज्यादा इसके कैप्शन ने सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा है। ●




# रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी में हुई 'वो' की एंट्री



**बॉलीवुड** के मशहूर कपल रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी इन दिनों अपनी शादी के 6 महीने पूरे होने के बाद एक खूबसूरत वेकेशन का आनंद ले रहे हैं। इस दौरान दोनों ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने एक तीसरे व्यक्ति की मौजूदगी का जिक्र किया है। इस खुलासे के बाद इनके फैंस हैरान रह गए हैं कि आखिर इन दोनों में अब 'वो' कौन है जिसने दोनों की जिंदगी में भूचाल ला दिया है। आखिर क्या माजरा है चलिए इस रिपोर्ट में आपको बताते हैं। आपको बता दें कि रकुल और जैकी पिछले कुछ दिनों से एक सुंदर और शांत जगह पर छुट्टियां बिता रहे हैं। उनकी शादी 21 फरवरी 2024 को गोवा में हुई थी। इस समय वो दोनों एक-दूसरे के साथ समय बिता रहे हैं और इस खास मौके को एन्जॉय कर रहे हैं। इस बीच उनके इंस्टाग्राम पोस्ट ने फैंस की जिज्ञासा को बढ़ा दिया है। रकुल प्रीत सिंह ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया जिसमें उन्होंने पति जैकी भगनानी और खुद के बीच एक 'तीसरे' के होने की बात कही। सोशल मीडिया पर इस पोस्ट को लेकर काफी चर्चा हो रही है। ●



# मल्टी टैलेंटेड है जैकलीन फर्नांडीज, फिल्मों में आने से पहले करती थीं ये काम

**जैकलीन** फर्नांडीज अपना 39वां जन्मदिन  मना रही हैं। इस अवसर पर उनके फैंस सोशल मीडिया पर उन्हें लगातार कॉमेंट करके विश कर रहे हैं। उन्होंने साल 2009 में बॉलीवुड फिल्म 'अलादीन' से अपने करियर की शुरुआत की थी। 2009 में रितेश देशमुख के साथ फैंटेसी कॉमेडी फिल्म अलादीन भले ही कुछ खास कमाई नहीं कर पाई। लेकिन उनका करियर इमरान हाशमी की फिल्म मर्डर 2 से ऊपर उठा। इसके बाद उन्हें उ रेस 2, किक, डिशूम और ब्रदर्स जैसी कई फिल्मों में काम करने का मौका मिला। आज के इस आर्टिकल में हम एक्ट्रेस जैकलीन की एक्ट्रेस बनने के पहले के सफर के बारे में बात करेंगे।

**इस तरह हुई बॉलीवुड करियर की शुरुआत**

श्रीलंका के कोलंबो में जन्मी जैकलीन को अचानक से भारत आने का मौका मिला था। दरअसल, 'मिस श्रीलंका वर्ल्ड' का खिताब जीतने के बाद उन्हें विदेशों से प्रोजेक्ट्स मिलने लगे थे। इसी सिलसिले में उन्हें भारत आने का भी मौका मिला था। आपको जानकर हैरानी होगी कि साल 2009 में मॉडलिंग प्रोजेक्ट के लिए ही वह भारत आई थी। इसी दौरान ही उन्हें सुजॉय घोष ने अलादीन फिल्म के लिए सिलेक्ट कर लिया और उनके बॉलीवुड करियर की शुरुआत हो गई। एक्ट्रेस ने अपनी शुरुआती पढ़ाई बहरीन में ही की थी। उन्होंने सोचा भी नहीं था कि वह कभी पत्रकार से बॉलीवुड एक्ट्रेस बन जाएंगी। बहरीन में अपनी शुरुआती पढ़ाई पूरी करने के बाद वह ऑस्ट्रेलिया के सिडनी विश्वविद्यालय से मास कम्युनिकेशन की पढ़ाई कर रही थी। ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी करने के बाद वह कुछ समय तक श्रीलंका में ही टीवी रिपोर्टर के तौर पर काम करती थी। रिपोर्टर की नौकरी करने के साथ-साथ उनका मॉडलिंग का भी शौक था। इसलिए उन्होंने श्रीलंका में मॉडलिंग इंडस्ट्री को ज्वाइन कर लिया। इसके बाद जब वह 2006 में मिस श्रीलंका यूनिवर्स का खिताब जीत लिया, तो उन्हें रिपोर्टिंग की नौकरी करने की जरूरत नहीं पड़ी। क्योंकि इसी से वह बहुत कमाई करने लगी थी। और  आज बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस में गिनती की जाती हैं। ●

**कार्यालय संयुक्त आयुक्त पुलिसः लाइसेंसिंग यूनिट**
**प्रथम तल, पुलिस स्टेशन डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली**
**फोन नं: 011-26250595, ई-मेल: addlcp.lic-dl@nic.in**

**सार्वजानिक सूचना**

जबकि, श्री हर्ष वर्धन बंसल, निदेशक, मैसर्स अग्रवाल प्लाजा प्राइवेट लिमिटेड, जी-3, अग्रवाल कॉरपोरेट टॉवर, 23, राजेंद्र प्लेस, नई दिल्ली ने मल्टीलेवल पार्किंग, जनकपुरी पश्चिम मेट्रो स्टेशन, नई दिल्ली में 02 स्क्रीन सिनेमा हॉल/मल्टीप्लेक्स के निर्माण के लिए 'अनंतिम प्रमाणपत्र' प्रदान करने के लिए नीचे हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आवेदन किया है।

जबकि, उपर्युक्त हर्ष वर्धन बंसल, निदेशक को दिल्ली सिनेमैटोग्राफ नियम, 2008 के नियम 4 के अंतर्गत इस कार्यालय के पत्र संख्या 932/संयुक्त आयुक्त/लाइसेंस (सिनेमा) दिनांक 30.10.2023 के माध्यम से अनंतिम प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है और उप निदेशक (भवन) सी एंड आई, दिल्ली विकास प्राधिकरण, सी-1, प्रथम तल, विकास सदन, आईएनए, नई दिल्ली को भी इस कार्यालय के पत्र के माध्यम से ऊपर उल्लिखित अनुसार सूचित किया गया है।

आम जनता की जानकारी के लिए यह सूचना दी जाती है कि चिन्हित स्थल पर सिनेमा हॉल का निर्माण किया जा रहा है।

आज तारीख **13** माह **अगस्त** वर्ष 2024 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**संयुक्त आयुक्त पुलिस**
**लाइसेंसिंग, दिल्ली**




xmart *नियम व शर्तें लागू, सांकेतिक कीमत XUV700 AX7 MT पेट्रोल वेरिएंट की एक्स-शोरूम (संपूर्ण भारत) कीमत है, यह ऑफ़र **३१ अक्तूबर २०२४** तक या स्टॉक रहने तक, जो भी पहले हो, मान्य है, दिखाए गए फ़ीचर्स वेरिएंट के अनुसार बदल सकते हैं।

• SOUTH WEST DELHI : SHUBAN SAI MAHINDRA :MARBLE MARKET, DWARKA/SEC - 20, : 8178101584, MADHU VIHAR, RAJAPURI: 8178101995 NAJAFGARH: 8178102134 • CENTRAL DELHI : MALWA MAHINDRA : KAROL BAGH : 9289524166, DARYAGANJ : 9289923362, 9289809360, •WEST DELHI: SRI DURGA : MOTI NAGAR: 7290055624, INDRAPRASTHA AUTOMOBILES : PEERAGARHI: 7290055619, INDRAPRASTHA AUTOMOBILES : JANAKPURI : 9821500363, MALWA MAHINDRA : NARAINA : 92056 66547 • EAST DELHI : INDRAPRASTHA AUTOMOBILES : ASHOK NAGAR : 9953424546, SHIVA AUTO : DILSHAD GARDEN METRO STATION/PATPARGANJ : 8929172582 • SOUTH DELHI : MALWA MOTORS : MAHIPALPUR : 9289773666, KONCEPT AUTOMOBILES : LAJPAT NAGAR : 7290055631, SHIVA AUTO : SAKET : 7669783680, SYNERGY CARS : SAFDARJUNG ENCLAVE: 7290055630, UNITED AUTOMOBILES : MOHAN ESTATE : 9289524154, KONCEPT AUTOMOBILES : OKHLA PHASE - I : 9999010116, 7669459607 • NORTH DELHI : INDRAPRASTHA AUTOMOBILES : WAZIRPUR : 7290055619, SHAKTI NAGAR : 9311011260, NARELA : 9289263814 • NORTH WEST DELHI : INDRAPRASTHA AUTOMOBILES : PRASHANT VIHAR : 9289263813 • FARIDABAD : UNITED AUTOMOBILES : NHPC CHOWK : 7428081661, PRIME AUTOMOBILES : YMCA CHOWK/HODAL /PALWAL: 7290055625 • NOIDA : KONCEPT AUTOMOBILES : NOIDA ( SEC-2 ): 7290055627, NOIDA (SEC-63/75): 7290055628 • GREATER NOIDA : KONCEPT AUTOMOBILES : GREATER NOIDA WEST/JEWAR : 7290055627 • GURUGRAM : DEE EMM : ATUL KATARIA CHOWK /PATAUDI /SECTOR-14 : 8929648040, GOLF COURSE : 8929648021, KONCEPT AUTOMOBILES : MG ROAD: 7290055620, SOHNA ROAD: 7290055621, RAJEEV CHOWK: 8588868806, SOHNA : 9899794379, ARAV MOTORS : MANESAR : 9289220861 • GHAZIABAD : SHIVA AUTO : VAISHALI METRO STATION: 7290055615, MODINAGAR : 07669700992, LOHIA NAGAR: 7290055612, HAPUR:7290055614, BULANDSHAHAR: 7617595010,8929088709 • HARYANA : LOHCHAB MOTORS :JHAJJAR /BAHADURGARH /ROHTAK/MEHAM : 8059888800, DEWAN FOURWHEELS PVT LTD: REWARI-8607600241, 8607600251, DHARUHERA-8607600207, NARNAUL-8607600220, 8607600243, MOHINDERGARH- 8743812345, PP AUTOMOTIVE : SONIPAT /PANIPAT /KARNAL : 7574808718

R.N.I. No. 404 74/83, Postal Regn.No. DL(N)/0169/2018-20, Posted at Delhi RMS Delhi-6

ग्लोबल Window

# डायना पेंटी ने बैकलेस टॉप पहन दिए किलर पोज



**मुंबई, (एजेंसी):** बॉलीवुड एक्ट्रेस डायना पेंटी ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ बेहद हॉट और ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्हें देखकर उनके फैंस दीवाने हो गए हैं। इन तस्वीरों में डायना ब्लैक ब्रालेट और ब्लू डेनिम में नजर आ रही हैं। उन्होंने लाइट मेकअप और खुले बालों के साथ अपने लुक को पूरा किया है, जो उनकी खूबसूरती को और भी बढ़ा रहा है। डायना का यह स्टाइलिश अवतार देखकर फैंस उनकी कातिल अदाओं के दीवाने हो गए हैं। यूजर्स उनकी खूबसूरती को लेकर एक से बढ़कर एक कमेंट पोस्ट कर रहे हैं।

# रूस में 30 किलोमीटर अंदर घुसी यूक्रेनी सेना

## 1000 वर्ग किमी. के क्षेत्र पर कब्जे का दावा

- पुतिन बोले, कुर्स्क में यूक्रेन की घुसपैठ, डोनबास में रूस के आक्रमण को रोकने का प्रयास



**कीव, (एपी):** रूस में यूक्रेनी सेना के 30 किमी अंदर तक घुसने और कई इमारतों पर यूक्रेनी सैनिक के रूसी झंडा हटाकर अपने देश का झंडा लगाने के बीच रूस ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को कुर्स्क सीमा क्षेत्र खाली करने का आदेश दिया है। दरअसल, यहां रूसी सेनाएं लगभग एक सप्ताह की भीषण लड़ाई के बाद भी यूक्रेनी हमले का पुरजोर जवाब नहीं दे पा रही है।

रूस के आपात व्यवस्था अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि कुर्स्क के इलाकों में 76,000 से अधिक लोगों ने अपने घरों को छोड़ दिया है, जहां छह अगस्त को यूक्रेनी सेना और बख्तरबंद गाड़ियां सीमा पार कर करीब 30 किलोमीटर भीतर तक घुस आईं थीं। गौरतलब है कि यूक्रेन की सेना ने हमला करने के बाद सीमा पार लगभग 10 किलोमीटर दूर सुदज़ा शहर में तेजी से प्रवेश किया था। वे कथित तौर पर अभी भी शहर के पश्चिमी हिस्से पर कब्जा किए हुए हैं, जो एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक गैस पारगमन स्टेशन है। यूक्रेन का अभियान बेहद गोपनीयता के साथ चल रहा है। इसका लक्ष्य - विशेष रूप से क्या कीव की सेना का उद्देश्य क्षेत्र पर कब्जा करना है या छापा मारना है - अभी तक स्पष्ट नहीं है।

**76,000 से अधिक लोग पहले ही कुर्स्क में अपने घरों को छोड़ चुके हैं**

उधर, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को कहा कि कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन द्वारा घुसपैठ डोनबास में मास्को के आक्रमण को रोकने की कीव द्वारा की जा रही एक कोशिश है।

पुतिन ने रक्षा विभाग के शीर्ष अधिकारियों के साथ एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यूक्रेन द्वारा पिछले मंगलवार को किया गया यह हमला भविष्य में वार्ता में अपनी स्थिति को मजबूत करने के कीव के प्रयास को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को रूस में घुसकर घरेलू स्थिति को अस्थिर करने की उम्मीद होगी लेकिन उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया। राष्ट्रपति ने कहा कि रूसी सेना में शामिल होने वाले स्वयंसेवकों की संख्या में वृद्धि हुई है। पुतिन ने कहा कि रूसी सेना ने डोनबास में अपने आक्रमण को और तेज कर दिया है। पुतिन ने प्रतिबद्धता जतायी कि मास्को अपने सैन्य लक्ष्यों को हासिल करेगा।

स्पोर्ट्स राउंडअप

> "नेपाल की पुरुष क्रिकेट टीम आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप लीग 2 मैचों की तैयारी के लिए दो सप्ताह के लिए बेंगलुरु में एनसीए में प्रशिक्षण लेगी। नेपाली टीम के खिलाड़ी आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप लीग 2 तैयारी सीरीज के लिए तैयार होने के लिए भारत रवाना हो गए हैं।"

# भारतीय बॉक्सर रहे बेदम



**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** निकहत ज़रीन और लवलीना बोरगोहेन जैसे मौजूदा विश्व चैंपियन खिलाड़ियों के बावजूद भारतीय मुक्केबाज पेरिस ओलंपिक में उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाए और उन्हें बिना पदक के वापस लौटना पड़ा। विजेंदर सिंह के बीजिंग ओलंपिक 2008 में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय मुक्केबाजों से ओलंपिक में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद की जाने लगी थी। इसके चार साल बाद एमसी मैरी कॉम ने लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था।

रियो ओलंपिक 2016 में भारतीय मुक्केबाज पदक नहीं जीत पाए लेकिन तोक्यो ओलंपिक में लवलीना कांस्य पदक हासिल करने में सफल रही थी। इस परिदृश्य में उम्मीद की जा रही थी कि भारतीय मुक्केबाज पदक जीतने का सिलसिला जारी रखेंगे लेकिन उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा। खेल के जानकारों का मानना था कि क्वालीफाई करने वाले छह मुक्केबाजों से दो नहीं तो कम से कम एक पदक की उम्मीद की जा सकती है। दो बार की विश्व चैंपियन जरीन (50 किग्रा), लवलीना (75 किग्रा) और विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता निशांत देव (71 किग्रा) सभी को पोडियम पर पहुंचने का मजबूत दावेदार माना जा रहा था। लेकिन जब वास्तविक प्रतिस्पर्धा की बात आई तो भारतीय खिलाड़ियों में आवश्यक गति की कमी नजर आई। निशांत को अपवाद माना जा सकता है क्योंकि क्वार्टर फाइनल में विवादास्पद परिणाम के कारण वह पदक से वंचित हो गए। जहां तक जरीन और लवलीना का सवाल है तो वह अपनी मजबूत प्रतिद्वंदियों के सामने संघर्ष करती हुई नजर आई। अमित पंघाल (51 किग्रा) अपनी पिछली फॉर्म को दिखाने में नाकाम रहे। लवलीना, पंघाल और निशांत को पदक सुरक्षित करने के लिए सिर्फ दो जीत की जरूरत थी। लवलीना और जरीन को हालांकि मुश्किल ड्रॉ मिला था लेकिन वह दोनों मौजूदा विश्व चैंपियन हैं और ऐसे में उनसे इस तरह की चुनौतियों से पार पाने की उम्मीद की जा रही थी लेकिन इन दोनों मुक्केबाजों ने चीन की अपनी प्रतिद्वंदियों के सामने आसानी से घुटने टेक दिए। जरीन को स्वर्ण पदक का दावेदार माना जा रहा था लेकिन वह दूसरे दौर में ही वू यू से हार गईं। लवलीना को चीन की अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी ली कियान से हार का सामना करना पड़ा। इन दोनों मुक्केबाजों के बीच अभी तक खेले गए चार मुकाबलों में से तीन में चीन की खिलाड़ी ने जीत दर्ज की है।

**2008 में विजेंदर सिंह के बीजिंग ओलंपिक में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय मुक्केबाजों से की जाने लगी थी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद**

# बंगलादेश में दंगाइयों ने 1971 के शहीद स्मारक को भी नहीं छोड़ा

## आजादी की प्रतीक मूर्तियों को तोड़ा

**ढाका, (एजेंसी) :** बंगलादेश में तख्तापलट के बाद हालात संभलते नजर नहीं आ रहे हैं। अलग-अलग हिस्सों से हिंसा की खबरों के बीच ऐसी तस्वीरें भी सामने आ रही हैं, जो एक राष्ट्रप्रेमी बंगलादेश का दिल तोड़ देंगी। राष्ट्रपिता शेख मुजीबुर्रहमान की मूर्ति पर पेशाब करने के बाद अब दंगाइयों ने अपनी आजादी के निशान को ही मिटा डाला। मुजीबनगर में 1971 के शहीद स्मारक स्थल पर मौजूद कई मूर्तियों को तोड़ दिया गया है। इसमें उस स्मारक को भी तहस-नहस कर दिया गया है, जिसमें 1971 की जंग में पाकिस्तान को भारतीय सेना के सामने सरेंडर करते दिखाया गया था। बंगलादेश के लिए यह ऐतिहासिक लम्हा था। यह दरअसल उसकी आजादी की तारीख थी। गौरतलब है कि 16 दिसम्बर 1971 को पाकिस्तान के लेफ्टिनेंट जनरल एएके नियाजी ने हजारों सैनिकों के साथ भारतीय सेना के सामने सरेंडर किया था। भारतीय सेना के ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट-जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के सामने उन्होंने दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए थे। इस स्मारक में उसी की छवि को दर्शाया गया है।



### हिंदू छात्रों से मिलेंगे मो. यूनुस

बंगलादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों के बीच अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस हिंदू छात्रों से मुलाकात करेंगे। हिंदू छात्र अल्पसंख्यक अधिकार आंदोलन समूह यूनुस सरकार के सामने 8 मांगें रखेंगे। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक शेख हसीना के इस्तीफे के बाद हिंदू समुदाय पर हमले से जुड़ी 205 घटनाएं दर्ज की गई हैं।

### बंगलादेश में पुलिस ने हड़ताल रद्द की

**बंगलादेश में प्रदर्शनरत पुलिस अधिकारी अंतरिम सरकार द्वारा उनकी ज्यादातर मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिए जाने के बाद अपनी हड़ताल रद्द करने पर सहमत हो गए हैं। बंगलादेश पुलिस अधीनस्थ कर्मचारी संघ (बीपीएसईए) ने नौकरी में एक विवादित आरक्षण प्रणाली को लेकर शेख हसीना सरकार के खिलाफ व्यापक प्रदर्शनों के दौरान पुलिस तथा विद्यार्थियों के बीच देशभर में हिंसक झड़पों के बाद छह अगस्त को हड़ताल की घोषणा की थी।**

# आईएसआई के पूर्व चीफ फैज हमीद का होगा 'कोर्ट मार्शल'

## सैन्य हिरासत में लिया गया

**इस्लामाबाद, (भाषा):** पूर्व आईएसआई प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) फैज हमीद को आवास योजना घोटाले के सिलसिले में कोर्ट मार्शल से पहले सेना ने गिरफ्तार कर लिया है। पाकिस्तान की सेना ने सोमवार को यह जानकारी दी। सेना की मीडिया शाखा इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा, पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद (सेवानिवृत्त) के खिलाफ 'टॉप सिटी' मामले में की गई शिकायतों की सत्यता का पता लगाने के लिए पाकिस्तानी सेना द्वारा एक विस्तृत जांच की गई थी। इसमें कहा गया, इसके परिणामस्वरूप, पाकिस्तान सेना अधिनियम के प्रावधानों के तहत लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद (सेवानिवृत्त) के खिलाफ उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई है। सेना ने कथित तौर पर इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के प्रमुख के खिलाफ पद के दुरुपयोग के आरोपों की जांच के लिए अप्रैल में एक जांच समिति गठित की थी। लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) हमीद को 2019 से 2021 तक जासूसी एजेंसी का नेतृत्व करते समय बेहद शक्तिशाली माना जाता था।



# हमारे निशानेबाज अधिक पदक जीत सकते थे : बिंद्रा

**मुंबई, (पंजाब केसरी):** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा का मानना है कि पेरिस खेलों में भारत के और अधिक निशानेबाजों के पास अपने 'प्रदर्शन को पदक' में बदलने का मौका था लेकिन कुल मिलाकर यह एक ऐसा अभियान था जिस पर उन्हें गर्व होना चाहिए। भारत ने निशानेबाजी में तीन सहित कुल मिलाकर छह पदक जीते। इस दौरान मनु भाकर आजादी के बाद ओलंपिक के एक ही सत्र में दो पदक जीतने वाली देश की पहली खिलाड़ी बनी। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीतने के बाद मनु ने सरबजोत सिंह के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित निशानेबाजी में भी कांस्य पदक जीता। भारत को एक और कांस्य स्वप्निल कुसाले ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में दिलाया।

# कांस्य पदक का फायदा, भारत पांचवें स्थान पर पहुंचा

**लुसाने, (आईएएनएस):** पेरिस ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक जीतने की बदौलत भारत ताजा विश्व हॉकी रैंकिंग में दो स्थान के सुधार के साथ पांचवें नंबर पर पहुंच गया है। पेरिस ओलंपिक के बाद सोमवार को जारी नई विश्व रैंकिंग में भारतीय पुरुष हॉकी टीम 2 स्थान ऊपर चढ़ गई है। भारत, जिसने ओलंपिक अभियान नंबर 7 पर शुरू किया था, रैंकिंग में नवीनतम अपडेट के बाद पांचवें स्थान पर आ गया है क्योंकि उसने पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीता था। भारत ने कांस्य पदक मैच में स्पेन को 2-1 से हराकर लगातार दूसरी बार पोडियम स्थान हासिल किया था।

एफआईएच प्रो लीग के समापन के बाद भारत 7वें स्थान पर था क्योंकि उसका अभियान अच्छा नहीं रहा था। हालाँकि, भारत ने पेरिस ओलंपिक के दौरान शानदार फॉर्म दिखाया, जहाँ उन्होंने सिर्फ 2 मैच हारे और 5 मैच जीते। इससे उन्हें 2848.67 अंकों के साथ ऑस्ट्रेलिया से ऊपर 5वें स्थान पर पहुंचने में मदद मिली।

पेरिस में हॉकी 2024 का समापन 9 अगस्त को नीदरलैंड के लिए ऐतिहासिक दोहरे स्वर्ण के साथ हुआ, क्योंकि किसी देश की पुरुष और महिला टीमों ने पहली बार ओलंपिक के एक ही संस्करण में हॉकी स्वर्ण जीता! जर्मनी के पुरुषों और चीन की महिलाओं ने अपनी ट्रॉफी कैबिनेट में एक रजत पदक जोड़ा, जबकि भारत के पुरुषों और अर्जेंटीना की महिलाओं ने पेरिस में कांस्य पदक जीतते हुए लगातार पदक जीते। पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा पूरी तरह से खुली थी, और बहुत सारे आश्चर्य और अपसेट रहे क्योंकि पदक हासिल करने की होड़ ने विश्व रैंकिंग को हिला दिया ।

# रोहित-विराट अभी कई साल खेलेंगे : हरभजन

**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) :** भारत के पूर्व दिग्गज स्पिनर खिलाड़ी हरभजन सिंह का मानना है कि विराट कोहली अपनी बेहतरीन फिटनेस के साथ अगले पांच साल तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के व्यस्त कैलेंडर से आसानी से तालमेल बैठा सकते हैं जबकि टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान रोहित शर्मा भी आराम से अगले दो साल तक खेल सकते हैं। हरभजन ने कहा कि रोहित आसानी से दो साल और खेल सकते हैं। आप विराट कोहली की फिटनेस की तुलना किसी और से नहीं कर सकते हैं। आप उन्हें आसानी से पांच साल तक खेलते हुए देख सकते हैं। वह शायद टीम में सबसे फिट खिलाड़ी हैं।''



# उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे बैडमिंटन खिलाड़ी

**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) :** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों का लंदन ओलंपिक (2012) से शुरू हुआ पदक जीतने का सिलसिला 12 साल के बाद पेरिस ओलंपिक में थम गया, जो इस खेल के प्रशंसकों के लिए किसी निराशा की तरह था। लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल के सेमीफाइनल में पहुंच कर पदक की उम्मीद जगाई थी लेकिन सेमीफाइनल और कांस्य पदक के मुकाबले में अच्छी स्थिति में होने के बावजूद उनकी हार चिंताजनक रही। रियो (2016) और तोक्यो (2021) में पदक जीतने वाली पीवी सिंधू से पेरिस में हैट्रिक की उम्मीद थी तो वहीं सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी को पदक का सबसे बड़ा दावेदार माना गया था। इन खिलाड़ियों के साथ पुरुष एकल में एच एस प्रणय और महिला युगल में अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी भी दबाव में बिखर गयी।



# लंदन में फिर चाकू हमला, दो घायल

- हमलावर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लंदन, (एपी):** मध्य लंदन में 11 वर्षीय एक बच्चे और 34 वर्षीय एक व्यक्ति पर चाकू से हमला करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। लंदन की मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, घटना 'लेस्टर स्क्वायर' पर हुआ, जहां साल के इस समय पर्यटकों की भारी भीड़ होती है। चाकू से हमले की यह घटना ऐसे समय में हुई, जब ब्रिटेन में एक सप्ताह से अधिक समय से अशांति का माहौल है। उधर, पिछले कुछ समय से दंगे की आग में झुलस रहा ब्रिटेन अब वापस पटरी पर लौटने लगा है। अधिकारियों ने बताया कि कई दिनों के हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद ब्रिटेन में सार्वजनिक व्यवस्था में पहले से सुधार हुआ है। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी है कि अशांति का प्रभाव महीनों और सालों तक महसूस किया जाएगा।

# चीनी भरतनाट्यम नृत्यांगना ने रचा इतिहास

**बीजिंग, (भाषा):** स्कूली छात्रा लेई मुजी ने चीन में भरतनाट्यम 'अरंगेत्रम' की प्रस्तुति देकर इतिहास रच दिया। इसे पड़ोसी देश में लोकप्रियता हासिल कर रही प्राचीन भारतीय नृत्य शैली की यात्रा में एक मील के पत्थर के तौर पर देखा जा रहा है। लेई (13) ने रविवार को यहां प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना लीला सैमसन, भारतीय राजनयिकों और बड़ी संख्या में चीनी प्रशंसकों के समक्ष अपनी नृत्य प्रस्तुति दी। भारतीय शास्त्रीय कला और नृत्य शैलियों को सीखने और उनके प्रदर्शन के लिये दशकों तक अपना जीवन समर्पित करने वाले उत्साही चीनी प्रशंसकों के लिए मंच पर उनका पदार्पण एक ऐतिहासिक क्षण और मील का पत्थर था, क्योंकि यह चीन में पहली बार 'अरंगेत्रम'- भरतनाट्यम का दीक्षांत समारोह-था। दक्षिण भारत के प्राचीन नृत्य, अरंगेत्रम (जैसा कि इसे तमिल में कहा जाता है) के कलाकार, दर्शकों के अलावा शिक्षकों और विशेषज्ञों के सामने मंच पर अपनी पहली प्रस्तुति देते हैं। केवल 'अरंगेत्रम' के बाद ही छात्रों को स्वयं प्रदर्शन करने या महत्वाकांक्षी नर्तकों को प्रशिक्षित करने की अनुमति दी जाती है।



# भारत-नेपाल संबंध बढ़ाने पर चर्चा

- भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने नेपाल के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री से की मुलाकात

**काठमांडू, (भाषा):** भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को अपने नेपाली समकक्ष सेवा लमसल और कई वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की तथा उनके साथ द्विपक्षीय संबंधों के निरंतर विकास और इसे आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की।

मिस्री की दो दिवसीय यात्रा पिछले महीने प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के नेतृत्व में नयी सरकार के गठन के बाद नेपाल में भारतीय विदेश सचिव की पहली यात्रा है। नेपाल में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने अपने समकक्ष सेवा लमसल से मुलाकात की। दोनों ने भारत-नेपाल सहयोग के निरंतर विकास और इसे आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की।' मिस्री ने सिंह दरबार में उप प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री बिष्णु प्रसाद पौडेल से भी उनके कार्यालय में मुलाकात की। 'द हिमालयन टाइम्स अखबार' की खबर के अनुसार, 'उन्होंने आर्थिक और विकास सहयोग, चल रही परियोजनाओं के निर्माण में तेजी लाने और दोनों देशों के बीच आपसी संबंधों सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की।' 'द काठमांडू पोस्ट' अखबार की खबर के अनुसार, मिस्री ने उप प्रधानमंत्री प्रकाश मान सिंह से मुलाकात की, जिनके पास शहरी विकास मंत्रालय भी है, और नेपाल-भारत सीमा पर सीमा पार आंदोलन से संबंधित समस्याओं सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान नेपाल के भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव भी मौजूद थे। सिंह के करीबी सूत्रों ने बताया कि उन्होंने नगर विकास, नदी सफाई, स्वच्छता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्रों में नेपाल और भारत के बीच संभावित सहयोग पर भी चर्चा की। सूत्र ने सिंह के हवाले से कहा, 'नेपाल और भारत न केवल अपने साझे सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों से एक-दूसरे से जुड़े हैं, बल्कि 1950 में नेपाल में लोकतंत्र की स्थापना के बाद से वे राजनीतिक मोर्चों पर भी सहयोग कर रहे हैं।' उन्होंने बताया कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, नेपाल अपनी लोकतंत्रीकरण प्रक्रिया में आगे बढ़ने के लिए भारत के साथ अपने सहयोगात्मक प्रयासों को और तेज करना चाहता है। सिंह ने लोगों की आवाजाही को आसान बनाने के लिए नेपाल-भारत सीमा क्षेत्रों में झूला पुलों के निर्माण के लिए भी भारत से अनुमति मांगी। उन्होंने नेपाल में बुनियादी ढांचे के विकास, भूकंप के बाद पुनर्निर्माण और कोविड-19 से निपटने में सहायता के लिए भारत को धन्यवाद दिया।



# बुशरा बीबी की जमानत याचिका खारिज

**इस्लामाबाद, (भाषा):** पाकिस्तान में आतंकवाद रोधी एक अदालत ने पिछले वर्ष नौ मई को हुई हिंसा से जुड़े 12 मामलों में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। आतंकवाद रोधी अदालत के न्यायाधीश मलिक एजाज आसिफ ने बुशरा बीबी की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि बुशरा बीबी के मामले में गहन जांच की जरूरत है। न्यायाधीश ने मामले की जांच सात दिनों में पूरी करने का आदेश दिया। पिछले वर्ष नौ मई को हुई हिंसा में संदिग्ध के रूप में नामित खान और बुशरा दर्जनों अन्य आरोपियों के साथ अदालत में मौजूद थे। हिंसा उस समय भड़क गयी थी, जब पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को इस्लामाबाद में अधिकारियों ने हिरासत में लिया था।

# दलीप ट्राफी में नहीं खेलेंगे आर. अश्विन-जसप्रीत बुमराह



- दलीप ट्रॉफी पहले दौर का मैच बेंगलुरू में : विराट कोहली और रोहित शर्मा को दी जा सकती है छूट

**बेंगलुरू, (पंजाब केसरी):** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और सीनियर स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को छोड़कर भारत के कुछ नियमित स्टार दलीप ट्रॉफी के पहले दौर में खेलेंगे जिसे बीसीसीआई ने अनंतपुर की जगह बेंगलुरू में कराने का फैसला किया है। सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा को छूट दी जा सकती है। टूर्नामेंट में भाग लेने का फैसला पूरी तरह से उन पर छोड़ा जायेगा। दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के दो सेट के मैच आंध्रप्रदेश के अनंतपुर में पांच सितंबर से होने थे लेकिन अब उनमें से एक को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में कराया जायेगा ताकि लॉजिस्टिक की समस्या नहीं आये ।अनंतपुर बेंगलुरू से 230 किलोमीटर दूर है और हवाई मार्ग से जुड़ा हुआ भी नहीं है। एक सूत्र ने बताया कि कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की सुविधा के लिये यह फैसला लिया गया है ताकि उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले लाल गेंद के क्रिकेट का अनुभव हो जाये। भारत को बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट 19 सितंबर से चेन्नई में और 27 सितंबर से कानपुर में खेलने हैं। रोहित और विराट खेलने पर फैसला खुद लेंगे लेकिन रविंदर जडेजा, अक्षर पटेल, केएल राहुल, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, कुलदीप यादव के इसमें खेलने की उम्मीद है। बुमराह और अश्विन बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज से पहले सीधे टीम से जुड़ेंगे। चयनकर्ता ऋषभ पंत को भी दलीप ट्रॉफी में खेलते देखना चाहते हैं। अगर ऐसा होता है कि दिसंबर 2022 की कार दुर्घटना के बाद यह उनका पहला लाल गेंद का टूर्नामेंट होगा। सर्जरी के बाद स्वास्थ्य लाभ ले रहे मोहम्मद शमी इसमें नहीं खेलेंगे।